कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी 07:51
उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 28 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 252, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आतंकवाद बर्दाश्त नहीं : जयशंकर 14

परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ 13

आयुष्मान योजना का भुगतान समय पर न होने पर झलकी डॉक्टरों की चिंता

अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों ने की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा

- महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों के नवीनीकरण के मुद्दे भी उठाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अमृत विचार की ओर से रविवार को आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों ने अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत समय पर भुगतान न किए जाने पर गंभीर चिंता जताई। महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों का पंजीकरण कराने की अनिवार्यता को हर साल के बजाय पांच साल में लागू किए जाने जैसे कई और मुद्दे भी प्रमुखता के साथ उठाए। डॉक्टरों ने कहा कि ये समस्याएं इस कदर चुनौतीपूर्ण हो चुकी हैं कि इनकी वजह से कई अस्पतालों का अस्तित्व दांव पर लग गया है।

पीलीभीत बाईपास पर स्वर्ण फार्म में आयोजित कॉन्क्लेव में निजी-सरकारी डॉक्टरों के साथ जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। निजी डॉक्टरों का सबसे ज्यादा फोकस आयुष्मान योजना की विसंगतियों पर रहा। अस्पतालों के हर साल रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता पर डॉक्टरों ने कहा कि इसकी वजह से अस्पतालों को उत्पीड़न से जूझना पड़ता है। कॉन्क्लेव में बरेली में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा भी उठा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहर के डॉक्टरों को वहां भी समय देने की जरूरत है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बरेली में मेट्रो की सुविधा मिलने जा रही है। तीन सौ बेड अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने के लिए वार्ता हुई है। बिथरी चैनपुर विधायक डॉ.राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि रजिस्ट्रेशन अवधि बढ़ाने के लिए मैं आईएमए के चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री से मिला था।

जल्द रिन्यवूल की अवधि पांच साल होने वाली है। कॉन्क्लेव में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेयर उमेश गौतम, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने किया।

कॉन्क्लेव में मंचासीन मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

जल्द लागू होगी पांच साल में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था : डॉ. अरुण

मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने निजी डॉक्टरों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर बिंदुवार जवाब दिए। कहा, अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन हर साल के बजाय पांच साल बाद कराने की व्यवस्था जल्द लागू होने वाली है। उन्होंने आईएमए से इस संबंध में एक पत्र भी देने को कहा ताकि सरकार में उनकी बात एक बार फिर रखी जा सके। आयुष्मान योजना का भुगतान लटकाने को वन मंत्री ने भी गलत करार दिया। कहा, ये मुद्दा भी शासन में रखेंगे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन कराने में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं मिल रही है तो उनसे कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति को अमृत विचार ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज खोलने की यात्रा का अनुभव साझा किया।

ऑब्स एंड गायनी संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा को एक्सीलेंस इन गाइनेकोलॉजिस्ट के अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने जागरूकता से सर्वाइकल कैंसर व ब्रेस्ट कैंसर को रोके जाने की बात कही।

एक नजर

अमृतपाल के सहयोगी सहित तीन गिरफ्तार

जालंधर। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों, ड्रग्स, जबरन वसूली और अन्य की तस्करी में शामिल होने के आरोप में अमृतपाल सिंह के एक पीएसओ सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि यह रैकेट राज्य में सक्रिय था और राज्य में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की योजना बना रहा था।

जम्मू-कश्मीर में नार्को तस्कर गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को उधमपुर जिले में पोस्ता भूसी के साथ एक अंतर्राज्यीय नार्को तस्कर अवतार सिंह निवासी रामदास जिला, तहसील अमृतसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने राउंडोमेल में नाका पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 9.680 किलोग्राम पोस्ता भूसी बरामद किया।

एम्बुलेंस से डोडाचूरा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

रतलाम। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने एक एम्बुलेंस से आठ क्विंटल से अधिक मात्रा में डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि एक एम्बुलेंस से दो व्यक्ति अवैध डोडाचूरा लेकर जा रहे थे।

50 उड़ानों में बम होने की धमकी

धमकी के बाद इंडिगो एयर लाइन के दो विमानों का परिवर्तित किया गया मार्ग

पिछले 14 दिनों के भीतर 350 से ज्यादा फ्लाइट्स को मिल चुकी हैं धमकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली जिससे दो उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।

अकासा एयर ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला। इंडिगो की 18 उड़ानों और विस्तारा की 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं। धमकियों के बाद इंडिगो की दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि इसकी पुणे से जोधपुर उड़ान को अहमदाबाद और कोझिकोड से दम्मम को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। जिन उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले उनमें दिल्ली-इस्तांबुल, जेद्दा-मुंबई, गोवा-अहमदाबाद, बेंगलुरु-झारसुगुड़ा, अमृतसर-अहमदाबाद, कोलकाता-पुणे, हैदराबाद से बागडोगरा, दिल्ली से बेंगलुरु, बेंगलुरु से दिल्ली, रायपुर से हैदराबाद, मुंबई से कोलकाता, अहमदाबाद-लखनऊ, बेंगलुरु से कोलकाता, कोलकाता-बेंगलुरु) और रियाद-मुंबई शामिल हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र उन अपराधियों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रहा है, जो बम होने की झूठी धमकियां देते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन फर्जी खतरों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, कानून प्रवर्तन शाखा और गुप्तचर ब्यूरो की मदद लेने के अलावा केंद्र सरकार दो नागरिक उड्डयन कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

लखनऊ के 9 होटलों को उड़ाने की धमकी

- होटलों की आईडी पर ई-मेल भेजकर दी गई धमकी, मांगे 55 हजार डॉलर
- मेल मिलते ही पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट, होटलों और रेस्टोरेंट की जांच शुरू

लखनऊ। राजधानी के 9 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। धमकी के बाद पुलिस ने सभी 9 होटलों में छानबीन की। पुलिस उच्चाधिकारियों ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। प्रमुख शहरों में भी होटलों की जांच की गई। आरोपी ने एडम लांजा के नाम से सभी होटलों को मेल किया। जिसे Sandyhookchildkilling‹bha›@‹/bha›outlook.com मेल आईडी से सुबह 8.30 बजे भेजा। जिसके बाद होटल प्रबंधन ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद सभी होटलों में बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीमें पहुंचीं। साइबर क्राइम की टीम आईपी एड्रेस का पता लगा रही है। जिन होटलों को धमकी मिली उनमें होटल क्लार्क अवध, फार्च्यून, पिकैडली, लेमन ट्री, होटल मैरिएट, होटल कम्फर्ट विस्टा, होटल कासा, होटल दयाल गेटवे और सरका होटल शामिल हैं। मेल भेजने वाले ने लिखा है, आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55 हजार डॉलर (लगभग 45.6 लाख रुपये) चाहिए, नहीं तो मैं बम से उड़ा दूंगा और हर जगह खून फैल जाएगा।

अयोध्या की एक और उड़ान में बम की सूचना

अयोध्या। रविवार को बेंगलुरु से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। विमान में 173 यात्री थे। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग के बाद बम स्क्वायड व सुरक्षा टीमों ने दो घंटे तक जांच की। सूचना झूठी साबित होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से जाने दिया गया। इससे पहले 15 अक्टूबर को जयपुर से अयोध्या आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम की सूचना मिली थी। अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने विमान में बम की सूचना के बाद एयरक्राफ्ट और सामानों की जांच कराई गई लेकिन कुछ नहीं मिला।

फिर से शुरू होंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी

संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत, 69195 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

- मुख्यमंत्री ने कहा-कंप्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों में भी उपयोगी संस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को राज्य के सभी संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। उन्होंने कुल 69195 विद्यार्थियों को 5.86 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए संकल्प जताया कि प्रदेश में फिर से गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालय शुरू होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है, बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सहज बनाती हैं। इसीलिए संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय थी, लेकिन अब सभी संस्कृत स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के 69195 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया। कहा कि संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि जो मानवता का पक्षधर है, वह संस्कृत का भी हिमायती है। मुख्यमंत्री ने 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक देकर योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालू, कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद् के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पाठक, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

आप करें संस्कृत की पढ़ाई सरकार करेगी सारी व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरुकुलों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को विशेष सहायता मिलेगी। अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के कहा कि निश्चिंत होकर संस्कृत की पढ़ाई करें, सरकार सारी व्यवस्था करेगी। एलान किया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित करते हुए राज्य सरकार शोध करने वाले छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति भी देगी।

जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र तैयार

- संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा प्रस्ताव
- लद्दाख का दर्जा केंद्र शासित प्रदेश का ही रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बना दिए थे। सरकार ने राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा भी दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

राज्य दर्जे के बाद यह होगा बदलाव

पुलिस और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार के पास आ जाएगी। सरकार का पुलिस पर सीधा नियंत्रण होगा। भूमि, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर कानून बनाने का अधिकार भी राज्य सरकार को मिल जाएगा। सरकार चलाने में तब उपराज्यपाल का दखल नहीं होगा। वित्तीय मदद के लिए केंद्र पर निर्भरता खत्म होगी। वित्त आयोग से वित्तीय सहायता मिलेगी। राज्य की विधानसभा को पब्लिक ऑर्डर यानी सार्वजनिक व्यवस्था और समवर्ती सूची के मामलों में कानून बनाने के अधिकार मिलेंगे। सरकार कोई वित्तीय बिल पेश करती है तो इसके लिए उसे राज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। एंटी करप्शन ब्यूरो और अखिल भारतीय सेवाओं पर राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण हो जाएगा। यानी राज्य में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग राज्य सरकार के हिसाब से होंगे, उस पर उपराज्यपाल का नियंत्रण नहीं रहेगा। व्यापार, टैक्स और वाणिज्य के मामलों में राज्य सरकार को सभी अधिकार हासिल हो जाएंगे। राज्य का दर्जा बहाल होने से विधायकों की संख्या के 15 प्रतिशत तक मंत्री बनाए जा सकेंगे।

मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में दस घायल, 2 गंभीर

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में दस लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर है। नगर निकाय और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, पश्चिमी रेलवे ने घायलों की संख्या दो बताई है।

दिवाली और छठ उत्सवों के मद्देनजर घर जा रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने के लिए बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद थे। पश्चिम रेलवे ने बताया कि यह घटना देर रात 2:45 बजे बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब अंत्योदय एक्सप्रेस यार्ड से प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रही थी।

तीन करोड़ के डिजिटल अरेस्ट स्कैम का भंडाफोड़

- आरोपी को उत्तर प्रदेश के बहराइच से एसटीएफ ने किया गिरफ्तार
- देहरादून के पीड़ित को 48 घंटे तक रखा था डिजिटल अरेस्ट

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : स्पेशल टास्क फोर्स की साइबर क्राइम टीम ने तीन करोड़ के डिजिटल अरेस्ट स्कैम का भंडाफोड़ करते हुए उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने राजपुर, देहरादून के एक व्यक्ति को 48 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर तीन करोड़ की ठगी की थी।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के मुताबिक राजपुर, देहरादून निवासी एक पीडित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर सूचना दी थी कि 20 मई को उसके मोबाइल फोन पर फेडेक्स कोरियर से एक कॉल आई कि आपका पार्सल मुंबई एयरपोर्ट पर नारकोटिक्स वालों ने पकड़ लिया है, जिसमें कुछ आपत्तिजनक सामग्री जैसे 5-6 पासपोर्ट, ड्रग्स आदि हैं। कॉल करने वाले उक्त व्यक्ति ने पीड़ित को उसका आधार, मोबाइल नंबर और कुछ व्यक्तिगत जानकारी बताई। पीड़ित ने कहा कि उसने कोई पार्सल नहीं भेजा है, तो उसे बताया गया कि पार्सल आपके नाम से है। आपके ऊपर कार्रवाई होगी। बाद में एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को ग्रेटर मुंबई पुलिस का बड़ा अफसर बताते हुए कहा कि उसके खिलाफ ड्रग ट्रेफिंकिंग व मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हो गया है। इसकी जांच को उसे मुम्बई आना पड़ेगा, कहा इसमें उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। भयभीत पीड़ित ने 21 मई को कॉल करने वाले द्वारा बताए खाते में दो करोड़ रुपये भेज दिए। अगले दिन 22 मई को 76 लाख 12,678 रुपये और 24 हजार उनके खाते में भेज दिए। साइबर क्राइम पुलिस ने साक्ष्य एकत्र करने के बाद मुख्य अभियुक्त मनोज पुत्र नारायण (27) को सिसई हैदर, सिलोटा रोड बहराइच, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी में प्रयुक्त किए जा रहे उक्त बैंक खाते के विरुद्ध देश भर के विभिन्न राज्यों में अब तक 76 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें 6 करोड़ से अधिक धनराशि का संदिग्ध लेन देन पाया गया है।

मुख्यमंत्री ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी 130 नई बसों की सौगात

उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हुईं बीएस-06 मॉडल की बसें, आईएसबीटी देहरादून से फ्लैग ऑफ कर बसों को किया रवाना

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों को 130 नई बसों की सौगात दी। उन्होंने रविवार को देहरादून के आईएसबीटी से हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 130 नई बसों को शामिल कर राज्य के विकास में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है। आधुनिक तकनीक से युक्त नई बसें हमारे राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी। ये बसें न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों में भी नई ऊर्जा का संचार भी करेंगी। मुख्यमंत्री ने आईएसबीटी में फ्लैग ऑफ के बाद समारोह को संबोधित करते कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों की तुलना में चुनौतीपूर्ण हैं। राज्य के दुर्गम और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए हमारे परिवहन नेटवर्क पर ही निर्भर हैं। पर्यटन क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में प्रभावी परिवहन तंत्र न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए अति-आवश्यक है, बल्कि आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देता है। राज्य के हर कोने को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ना हमारा संकल्प है।

देहरादून के आईएसबीटी में हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व तक परिवहन निगम 500 करोड़ से भी अधिक के घाटे में था। वहीं पिछले तीन वर्षों से परिवहन निगम लगातार मुनाफे में है। इसके लिए उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं।

आज अनेक क्षेत्रों में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में राज्य को प्रथम स्थान मिला है, इसे बनाए रखना हमारे लिए चुनौती है। राज्य की जीएसडीपी तेजी से बढ़ी है और बेरोजगारी दर घटी है। जल्द ही बस बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों का भी समावेश किया जाएगा।

सार-संक्षेप

नैनीताल में हाइड्रेंट का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

दमकल और जिला प्रशासन ने जांची अग्नि सुरक्षा व्यवस्था

नैनीताल : दीपावली त्योहार के दौरान पटाखों से निकलने वाली चिंगारी से कोई बड़ी जनहानि न हो, इसको लेकर अग्निशमन विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को शहर के विभिन्न हाइड्रेंट का निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि शहर में करीब 81 हाइड्रेंट है, जिनमें से 20 खराब हैं। जिन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुण अग्रवाल ने जल संस्थान के अधिकारियों को शहर में खराब पड़े हाइड्रेंट को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार मनीषा मारकाना, अग्निशमन अधिकारी समेत जल संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विधायक सरिता आर्या व अन्य। ● अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

नैनीताल : पाइन क्रेस्ट स्कूल का 5वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरुआत की। इस दौरान स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओं ने छोटा बच्चा जान के हमसे ना टकराना..., देश रंगीला..., कुमाउनी, पंजाबी, राजस्थानी गीतों में सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। स्कूल प्रबंधन ने वार्षिक क्रियाकलापों का ब्यौरा अभिभावकों के सामने रखा। इस अवसर पर कविता गंगोला, मनोज जोशी, मोहित बिष्ट, पापणेश जी महाराज, राजीव शर्मा, सुमन, भावना, जया, फरहा, भूपेंद्र, निखिल, जयराज, काजल, कमल, हरीश, प्रदीप मौजूद रहे।

रेस्टोरेंट व ढाबों में शराब पिलाने वालों पर कार्रवाई

नैनीताल : त्योहारी सीजन को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस ने रेस्टोरेंट व ढाबों में शराब पीने व पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने ऑपरेशन सेनेटाइज के तहत शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक गश्त की। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ, फेरी करने वालों के सत्यापन की जांच व होटल-रेस्टोरेंट में काम करने वालों के सत्यापन की जांच की गई। साथ ही रेस्टोरेंट व ढाबों पर भी छापेमारी की गई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

पानी के लिए आंदोलन की चेतावनी दी

भीमताल : ओखलकांडा ब्लॉक के टांडा गांव में एक सप्ताह से अधिक समय से आधे गांव में पानी नहीं आ रहा है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मदन परगांई ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही व ठेकेदार द्वारा समय से कार्य पूरा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परगांई ने कहा कि यदि शीघ्र ही समस्या से निजात नहीं मिली तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

चंपा चंद्रा के निधन पर शोक जताया

भीमताल : कांग्रेस के जिला सचिव विपिन चंद्रा की धर्मपत्नी चंपा चंद्रा का निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। चंपा राजकीय विद्यालय में प्रवक्ता के पद पर तैनात थीं। उनके निधन पर डीके डालाकोटी, देवेंद्र चनोतिया, नीरज कुमार, सतीश लाल वर्मा, सूरज मेहरा, सौरभ रौतेला, प्रदीप कुमार, मनोज आर्या, विपिन सनवाल, हर्ष नौलिया, खुशीराम, आशा आर्य समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

प्रदेश में 80 प्रतिशत तक होती है यहां के फूलों की बिक्री, देश-विदेश में भी काफी मांग, सितंबर-अक्टूबर माह में उगती हैं अधिकांश प्रजातियां

दीपावली पर हर घर में महकेगी भीमताल के फूलों की खुशबू

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार : दीपावली का त्योहार हो और फूलों का जिक्र न हो ऐसा हो नहीं सकता। दीपावली के साथ जैसे फूलों का संबंध है, ठीक वैसे ही दीपावली के साथ भीमताल का भी संबंध है। दीपावली पर पूरे प्रदेश में जो फूलों की बिक्री होती है, उसमें 80 प्रतिशत तक भीमताल क्षेत्र की हिस्सेदारी होती है।

इन दिनों भीमताल में पंजाब, बरेली, लखनऊ, देहरादून, रुद्रपुर, हल्द्वानी, हरिद्वार समेत कई नगरों के व्यापारियों के कर्मचारी फूलों को लेकर डेरा डाले हुए हैं। सुबह से लेकर शाम तक कर्मचारी चुन-चुन कर अपने लिए फूल चयनित करते हैं और उसी समय वाहनों में लाद कर ले जाते हैं। यह वे फूल हैं जो गमले में लगाये जाते हैं। स्थानीय फूल व्यापारियों की माने तो प्रदेश में अक्टूबर माह में 80 प्रतिशत कारोबार अकेले भीमताल और आसपास के क्षेत्रों से होता है।

फूल कारोबारी डॉ. अखिलेश त्यागी के अनुसार भीमताल की जलवायु और वातावरण के कारण सितंबर और अक्टूबर माह में यहां फूलों की अधिकांश प्रजातियां उगती हैं। देश-विदेश में इन फूलों की काफी मांग होती है। इन दोनों पेटूनिया, पैजी, गाजानिया, रैनुकूलूस, परमूला, हजारी समेत अनेक फूलों से पाली हाउस भरे हुए हैं। भीमताल के फूल पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अलावा कई शहरों के बाजारों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

भीमताल की नर्सरी में बिक्री के लिए रखे गए फूल। ● अमृत विचार

रोजगार के अवसर प्रदान करता है फूल कारोबार

भीमताल में वर्तमान में छोटी-बड़ी नर्सरी मिलाकर 80 से अधिक हैं। जहां दिन रात कार्य चलता है। दीपावली का त्योहार होने के कारण दूसरे प्रदेश और नगरों में रहने वाले लोग भीमताल प्रवास में आते हैं। ऐसे में वह भी खासे पौट फ्लावर अपने साथ खरीद कर ले जाते हैं। स्थानीय कारोबारियों की माने तो स्थानीय स्तर पर कई कारोबारी इस कारोबार में उतरे हैं। जिस कारण वे भी खासा मुनाफा कमा रहे हैं। इस कारण भूमि लीज में मिलनी मुश्किल हो रही है। वहीं दूसरी तरफ विभाग के द्वारा इनको मांग के अनूरूप प्रोत्साहित नहीं किए जाने से लोग निराश हैं।

अस्थायी पॉलीहाउस दे रहे रोजगार

फूल कारोबारियों ने भीमताल में कई नाली भूमि को लीज पर लेकर कारोबार शुरू किया है। हजारी और अन्य पौधों का उत्पादन कर यहां से दिल्ली व अन्य प्रदेशों को भेजा जाता है। इस कारोबार में सैकड़ों मजदूरों को रोजगार मिलता है। कारोबारियों का कहना है कि फूल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को अनुदान देना चाहिए। बेरोजगारों को रोजगार स्थापित करने के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना चाहिए, तभी क्षेत्र का विकास हो सकेगा।

वीकेंड पर नैनीताल में 80 फीसदी होटल बुक

दीपावली के बाद से आठ नवंबर तक अधिकांश होटल हुए पैक, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से कारोबारी खुश

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : शांत, सुंदर वादियों और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध सरोवर नगरी एक बार फिर पर्यटकों की आमद से गुलजार होने लगी है। दीपावली त्योहार पर वीकेंड के चलते नैनीताल के अधिकांश होटल 80 प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन बुक हो चुके हैं। इससे शहर के पर्यटन कारोबारी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

लंबे समय बाद त्योहारी वीकेंड को देखते हुए होटल व्यवसायी पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया दीपावली तक नैनीताल और आसपास के सभी होटलों में एडवांस बुकिंग होने लगी है। दीपावली के बाद से 8 नवंबर तक नैनीताल आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। रविवार से पर्यटकों के नैनीताल आने का सिलसिला शुरू हो गया है। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन, चिड़ियाघर, स्नो व्यू, केव गार्डन, वॉटरफॉल का लुफ्त उठाया। इधर, लंबे वीकेंड के चलते नैनीताल में फड़ से लेकर टैक्सी, नाव समेत अन्य छोटे कारोबारी भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। पर्यटन व्यवसाईयों को उम्मीद है ये वीकेंड उनके व्यवसाय में चार चांद लगाएगा।

रविवार को नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाते पर्यटक। ● अमृत विचार

> शहर में पार्किंग की व्यवस्था न होने के चलते पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुलिस पर्यटकों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करती है, जिससे पर्यटक परेशान होते हैं। पुलिस को अपने स्वभाव और भाषा में संयम रखने की आवश्यकता है। – **वेद शाह**, सचिव होटल एसोसिएशन

> दीपावली वीकेंड के चलते अधिकांश होटलों में 80 प्रतिशत तक एडवांस बुकिंग होने लगी है। जिससे पर्यटन कारोबार अच्छा होगा। पुलिस प्रशासन से अपील है कि नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर के बाहर न रोका जाए।
> – **दिग्विजय बिष्ट**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन

> दीपावली की छुट्टियों में पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल आयेंगे। ऐसे में हमें उम्मीद है कि इस बार दीपावली का वीकेंड हमारे लिए अतिरिक्त खुशियां लेकर आएगा। – **राम सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष नव एसोसिएशन

पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी

वीकेंड को लेकर पर्यटन कारोबारियों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने और शहर की पार्किंग फूल होने के बाद पर्यटकों के वाहनों को रूसी बाईपास पर पार्क करने की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही सीजन के दौरान नया ट्रैफिक प्लान भी जारी किया जाएगा। पर्यटकों के वाहनों को वन-वे माध्यम से शहर में लाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जाम ना लगे और नैनीताल आने वाले पर्यटकों को घूमने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

पर्यटकों की संख्या बढ़ने से लगा जाम। ● अमृत विचार

न्यायालय के आदेश का सम्मान करें छात्र

नैनीताल : छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रों को कुलपति डीएस रावत ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर लगातार शासन स्तर पर वार्ता चल रही है।

कुलपति प्रो. डीएस रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। पिछले एक वर्ष में छात्रों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। विवि ने छात्रों के लिए टैलेंट हंट कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए वित्तीय सहायता की शुरुआत की है। अस्थायी रोजगार कार्यक्रम के तहत प्रयोगशाला, कार्यालय में इंटर्नशिप करने के लिए एक भुगतान इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अलावा कुलपति इंटर्नशिप फेलोशिप के तहत प्रत्येक विभाग के दो प्रतिभाशाली स्नातकोत्तर छात्रों को प्रति माह 7500 रुपये की छात्रवृत्ति दी जा रही है। छात्र संघ चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शासन में विभिन्न स्तरों पर गंभीरता से चर्चा की है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए विवि बाध्यकारी है। लिहाजा छात्र कोर्ट के आदेश का सम्मान करें।

प्रभावित किसानों को मुआवजा दें

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: विकासखंड ओखलकांड के ढोली गांव में धैना मोटर मार्ग करीब चार वर्ष पूर्व बनाया गया था, लेकिन अभी तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे किसानों में शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है।

पूर्व ग्राम प्रधान कूकना मदन नौलिया ने बताया कि उक्त मोटर मार्ग में एनपीसीसी की ओर से पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था ने सड़क के एलाइनमेंट से पॉल को 5 मीटर गहरा कर दिया गया है। जिससे किसानों के खेतों में खुदाई की जा रही है। इस कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। जबकि रोड का एलाइनमेंट 4 वर्ष पूर्व बनाया गया था। इधर, पुल बनने से पूर्व नदी में वैकल्पिक मार्ग के लिए रोड का निर्माण किया गया था, जिसके लिए किसानों की भूमि काटी गई थी। कई बार मुआवजे की गुहार लगाने के बावजूद अभी तक प्रभावितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। नौलिया ने इस संबंध में सीडीओ को ज्ञापन देकर शीघ्र पभावित किसानों मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिलता तब तक कोई कार्य नहीं होने दिया जायेगा।

धैना मोटर मार्ग में चल रहा पुल निर्माण का कार्य। ● अमृत विचार

चोरपानी में भव्य दीप महोत्सव आज

रामनगर : नगर से सटे चोरपानी क्षेत्र की नेगी कॉलोनी में सोमवार (आज) को भव्य दीप महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सांय पांच बजे से शुरू होगा। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं द्वारा 5100 दीये जलाए जाएंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध लोक गायिका माया उपाध्याय के लोक गीत होंगे, जो अपने पूरे सांस्कृतिक दल के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा लोक गायक नवीन पाठक की भी प्रस्तुति लोगों को आकर्षित करेगी।

धनतेरस पर शहर में वाहनों का प्रवेश वर्जित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : धनतेरस पर यातायात सुगम बनाने के लिए पुलिस ने विशेष डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था लागू की है।

यह प्लान 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान शहर में सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित होगा। आवश्यक सेवाओं से जुड़े छोटे-बड़े वाहन भी बाईपास मार्गों का उपयोग करेंगे।

डायवर्जन प्लान जारी

- **पुलिस के रूट डायवर्जन प्लान के तहत सुबह 9 से रात 10 बजे तक रहेगी पाबंदी**
- **आवश्यक सेवा से जुड़े वाहनों को भी करना होगा बाईपास मार्ग का इस्तेमाल**

इन रूटों पर चलेंगी बसें

1. रामपुर रोड से : सभी बसें टीपी नगर तिराहा से डायवर्ट होकर होंडा शोरूम, तीनपानी और गौला बाईपास होते हुए रोडवेज स्टेशन तक पहुंचेंगी।
2. बरेली रोड से : बसें तीनपानी तिराहा से डायवर्ट होकर गौला बाईपास से रोडवेज स्टेशन आएंगी।
3. कालाढूंगी रोड से : बसें ऊंचापुल चौराहा से पनचक्की होते हुए रोडवेज स्टेशन जाएंगी।
4. पर्वतीय क्षेत्र से : बसें नैनीताल रोड से सीधे रोडवेज तक आएंगी।

यहां खड़े होंगे वाहन

- नैनीताल रोड से आने वाले वाहन : ठंडी सड़क में पार्क करेंगे।
- कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहन : पर्वतीय उत्थान मंच, हीरानगर में पार्क करेंगे।
- बरेली रोड से आने वाले वाहन : गांधी इंटर कॉलेज/लक्ष्मी शिशु मंदिर में पार्क करेंगे।
- रामपुर रोड से आने वाले वाहन : एचएन इंटर कॉलेज मैदान में पार्क करेंगे।
- दो पहिया वाहन : सरस बाजार, सिंधी स्वीट्स के पास, ओके होटल, मिनी स्टेडियम रोड में पार्क होंगे।

यहां से मिलेंगे ऑटो-मैजिक

- कालाढूंगी चौराहा और भोलानाथ स्टैंड : जेल रोड तिराहा से संचालित होंगे।
- ओके होटल के दोनों ऑटो स्टैंड : बर्फ वाली गली से संचालित किए जाएंगे।
- सिन्धी स्वीट्स मैजिक स्टैंड : एचएन इंटर कॉलेज रामपुर रोड से संचालित होगा।

छोटे वाहनों का डायवर्जन

- बरेली और पर्वतीय क्षेत्र से : सभी छोटे वाहन तीनपानी तिराहा से गौला बाईपास का उपयोग करेंगे।
- रामपुर रोड से : आईटीआई तिराहा से मुखानी चौराहा होते हुए पनचक्की तक जाएंगे।
- कालाढूंगी रोड से : ऊंचापुल तिराहा से पनचक्की चौराहा होते हुए जाएंगे।

कारोबार | सोना-चांदी की कीमतों में भारी उछाल आने से खरीदारी से गुरेज कर रहे ग्राहक, व्यापारियों की चिंता बढ़ी

सर्राफा कारोबार ठंडा, धनतेरस पर धनवर्षा की आस में व्यापारी

पवन नेगी, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोना-चांदी की कीमतों में उछाल आने से बाजार में सर्राफा कारोबार पूरी तरह से ठंडा पड़ा है। मध्यम वर्ग के लोग जेब पर अधिक बोझ बढ़ने से सोने की खरीदारी करने से गुरेज कर रहे हैं। सोने की कीमत वर्तमान में 81 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर चुकी है।

धनतेरस और दीपावली पर परंपरागत रूप से सोने-चांदी की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को सर्राफा बाजार में आई तेजी ने मायूस किया है। सोने-चांदी की कीमत में बढ़ोतरी होने से धीरे-धीरे ये चमकीली धातु छोटे ग्राहकों की पहुंच से दूर होती जा रही है। सुरेश एंड संस के स्वामी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि हल्द्वानी निम्न मध्यम वर्गीय वर्ग वाला छोटा बाजार है। बड़े बाजार में खरीदारी वाले ग्राहक अधिक होते हैं। बताया कि सोने की कीमतें काफी बढ़ गई हैं, जिससे दीपावली से पहले ही बाजार ठंडा पड़ा है। धनतेरस पर सभी व्यापारी अच्छे कारोबार की आस लगाए हुए हैं। उम्मीद है कि धनतेरस पर अच्छी संख्या में ग्राहक सोने की खरीदारी करेंगे।

उन्होंने बताया कि सुरेश एंड संस की ओर से दीपावली के दौरान सोने पर मेकिंग चार्ज में 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। साथ ही डायमंड पर मेकिंग चार्ज में 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वर्तमान में बाजार में चांदी के सिक्के पांच ग्राम से सौ ग्राम तक, सोने के सिक्के 100 मिग्रा. से 10 ग्राम तक और बड़े सिक्कों में 20 ग्राम से लेकर 50 ग्राम तक उपलब्ध हैं। चांदी के सिक्कों की कीमत पांच सौ रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक है। चांदी के गिलास, कटोरी और प्लेट भी बाजार में बिक रहे हैं, जिसमें हॉलमार्क वाले गिलास 20 ग्राम से 200 ग्राम तक हैं। सोने के कड़े 30 ग्राम से लेकर 50 ग्राम तक हैं।

अंतर्राष्ट्रीय उथल-पुथल का भी पड़ा असर

सर्राफा व्यापारियों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही उथल-पुथल के कारण भी सोने की कीमतों में उछाल आया है। रूस और यूक्रेन व इजरायल-ईरान के बीच चल रहे वैश्विक युद्ध के कारण भी बाजार पर काफी असर पड़ा है। व्यापारियों के मुताबिक अन्य सालों की तुलना में इस साल सोने की कीमतों में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

सोने की कीमतों में 22 प्रतिशत तक उछाल

सुरेश एंड संस ज्वैलर्स के स्वामी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि निम्न मध्यम वर्गीय ग्राहक सोना-चांदी की कीमतें बढ़ने पर सोच समझ कर खरीदारी करता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूस-यूक्रेन व इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर भी सर्राफा बाजार पर दिख रहा है। आमतौर पर सोने की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती है, लेकिन इस साल 22 प्रतिशत का उछाल आया है।

टैगोर हाउस ओवरऑल चैंपियन बना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बिड़ला विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों ने जिम्नास्टिक्स, ताइकवानडो और मास पीटी में शानदार प्रदर्शन किया। मास पीटी में लगभग 400 बच्चों ने एक साथ भाग लिया। रंग-बिरंगी ड्रेस में बच्चे बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। प्रस्तुति के दौरान अलग-अलग आकृतियां बनाकर बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉमोडोर व विद्यालय के पूर्व छात्र विजेश कुमार गर्ग (वीएसएम) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इसके बाद छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने संगीत, नृत्य और अभिनय का अद्भुत प्रदर्शन किया। अंत में विद्यालय के छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2024 के ओवरऑल चैंपियन का खिताब सीनियर वर्ग में टैगोर हाउस को दिया गया। जबकि उप विजेता विवेकानंद हाउस रहा। जूनियर वर्ग में ओवरऑल चैंपियन रमन हाउस रहा। एथलेटिक मीट में सीनियर ग्रुप ए में ग्रुप चैंपियन का खिताब रीवा चौधरी और ग्रुप बी में एथलेटिक चैंपियन का किताब गौरवादित्य सिंह बिष्ट, ग्रुप सी में शिवांश सिंह और ग्रुप डी में सम्राट मौर्या ने अपने नाम किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संजय गुप्ता, उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, अजय कुमार शर्मा, पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गड़िया, अजय नारायण मिश्रा, जतिन ग्रोवर, नीरज सक्सेना, बृजेश पांडे, गुरतेज सिंह, आलोक अस्थाना मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ विजेता छात्र-छात्राएं, साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

29.0° अधिकतम तापमान | 20.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.22 | सूर्यास्त 17.29

एक नजर

पुलिस ने 4 वारंटी पकड़े

कालाढूंगी : थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुरेश सिंह व कमलजीत सिंह पुत्र स्व. मंजीत सिंह निवासी ग्राम उदयपुरी बैलपड़ाव, दीपक जोशी पुत्र स्व. गणेश दत्त जोशी निवासी ग्राम पूरनपुर चकलुवा व राजेन्द्र राणा उर्फ राकेश पुत्र स्व. भीम सिंह राणा निवासी वार्ड नंबर एक डांक बंगला थाना कालाढूंगी शामिल हैं, जिन्हें जेल भेज दिया गया है।

मानपुर पश्चिम में पेयजल संकट बरकरार

हल्द्वानी : बीते पांच दिनों से मानपुर पश्चिम में खराब नलकूप की मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है। संबंधित विभाग नलकूप की मरम्मत कराने की बात कह रहा है। इधर, लोगों का पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। जल संस्थान के सहायक अभियंता प्रमोद पांडे ने बताया कि नलकूप की मोटर खराब होने के कारण समस्या बनीं है। मोटर लगाकर नलकूप को चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार से पानी दिए जाने की उम्मीद है।

राजस्व ग्राम को लेकर सामूहिक उपवास आज

रामनगर : संयुक्त संघर्ष समिति पूछड़ी के पांच हजार ग्रामीणों के घर तोड़ने पर रोक लगाने, सभी वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने, भारतीय वन अधिनियम 1927 उत्तरांचल संशोधन 2001 को रद करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कोर्ट में एक दिवसीय उपवास करेगी। यह विरोध सुबह 11 बजे से शुरू होगा। समिति ने फिर भी मांगें नहीं मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

लालकुआं विधायक को ग्रामीणों ने दौड़ाया

चोरगलिया के ग्रामीणों ने किया भारी विरोध, कार के आगे लेटे ग्रामीण, महिलाओं ने रास्ता बंद किया

आक्रोश

- कार्यक्रम स्थल पर लगाए मुर्दाबाद के नारे
- विधायक का एक किलोमीटर तक किया पीछा

संवाददाता, लालकुआं/चोरगलिया

कार्यक्रम स्थल पर विधायक से मिलने पहुंचे ग्रामीणों को रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : चोरगलिया में आयोजित दुग्ध समिति के बोनस वितरण कार्यक्रम में लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मौके पर विधायक मुर्दाबाद के नारे भी लगाये। इस बीच पुलिस को विधायक की कार को गांव से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई ग्रामीण सड़क पर लेट गये, जिन्हें पुलिस ने बमुश्किल उठाया। जब ग्रामीण सड़क से नहीं हटे तो विधायक पैदल ही रवाना हो गये। ग्रामीणों ने पीछा कर करीब एक किलोमीटर तक उनके खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीण क्षेत्र से पशु चिकित्सक का तबादला करने से आक्रोशित थे।

रविवार को लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट चोरगलिया पहुंचे, जहां वह दुग्ध समिति के बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक के पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व पशुपालक भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे गये और नारेबाजी करने लगे। ग्रामीण विधायक से बात करने की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी नाराजगी को भांपते हुए पुलिस ने उन्हें विधायक से नहीं मिलने दिया। इससे ग्रामीण और अधिक उग्र हो गए। मामला बढ़ता देख आसपास के थानों की पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ग्रामीणों को मनाने लगे, लेकिन ग्रामीण उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुये। काफी देर तक कार्यक्रम स्थल पर हंगामा चलता रहा। इस बीच कुछ ग्रामीण विधायक की गाड़ी के आगे लेट गए। जिन्हें पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल हटवाया। पुलिस ने जैसे ही विधायक को उनकी कार में बिठाकर गांव से बाहर करने का प्रयास किया तो ग्रामीण महिलाएं बीच सड़क में बैठ गईं। जिन्हें हटाने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद विधायक लगभग एक किलोमीटर तक कार्यक्रम स्थल से पैदल रवाना हुए, लेकिन ग्रामीणों ने उनका पीछा करते हुए जमकर नारेबाजी की।

समर्थकों ने जताई नाराजगी, तीखी नोकझोंक हुई

कार्यक्रम के दौरान हुए हंगामे को लेकर विधायक के समर्थकों ने कड़ी नाराजगी जताई। इस बीच ग्रामीणों की समर्थकों के साथ भी तीखी नोकझोंक हो गई। आखिर में भारी विरोध के बाद विधायक को भारी पुलिस बल ने किसी प्रकार कार से रवाना किया। बता दें कि चोरगलिया क्षेत्र में एक माह पूर्व दुग्ध संघ के पशु चिकित्सक भुवन चंद्र पंत को फेसबुक में विधायक को लेकर एक पोस्ट डालने के बाद लालकुआं दुग्ध संघ से अटैच कर दिया गया था, जिसका क्षेत्र की जनता विरोध कर रही है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि चिकित्सक अत्यधिक कर्मठ और पशुपालकों के प्रति हमदर्द थे, उन्हें षड्यंत्र के तहत हटाया गया है। जिन्हें अभिलंब वापस यहीं तैनात किया जाए।

विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से कमल दुर्गापाल, भावना बजेठा, नंदन बोरा, राजेंद्र जांगी, दीपक आर्या, इंदु बुघानी, भुवन पोखरिया सहित सैकड़ों ग्रामीण पशुपालक शामिल रहे।

शहर में थार को दौड़ाने वाले निकले फौजी, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल रोड पर देर रात हल्द्वानी से लेकर ज्योलीकोट तक थार सवार दो फौजी और उसके दोस्तों ने जमकर हंगामा काटा। कालू सिद्ध तिराहे पर अर्द्धनग्न होकर मारपीट की। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो उन पर भी थार चढ़ाने की कोशिश की और ज्योलीकोट की ओर भाग निकले। यहां फिर से मारपीट की, लेकिन खामियाजा भी भुगतना पड़ा। लोगों ने आरोपियों की थार में तोड़फोड़ कर दी। एक आरोपी को ज्योलीकोट और तीन को काठगोदाम पुलिस ने पकड़ा। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है।

शनिवार की रात पिथौरागढ़ निवासी एक फौजी ने नैनीताल हाईवे पर थार गाड़ी को काल बनाकर दौड़ाया। देर रात करीब सवा 11 बजे शराब के नशे में धुत होकर दोस्तों के साथ कालू सिद्ध मंदिर तिराहे पर गाड़ी रोकी। करीब 15 मिनट तक अर्द्धनग्न अवस्था में हंगामा काटा। तिराहे पर ऑटो रिक्शा चालक के साथ हाथापाई कर दहशत फैलाई। इससे सड़क पर जाम लग गया। पुलिस कंट्रोल रूम के सीसीटीवी से पुलिस को सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो फौजी ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। तेज रफ्तार थार के नीचे आते-आते पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। पुलिस से बचकर भागे फौजी और उसके साथी ज्योलीकोट पहुंच गए, जहां उन्होंने एक रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट की। इस झगड़े में थार के शीशे टूट गए और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद फौजी व दोस्त गाड़ी छोड़कर फरार हो गए, जबकि अन्य साथियों को काठगोदाम चौकी पर पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को तल्लीताल पुलिस ने उस फौजी को भी गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि गाड़ी को सीज कर दिया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

सीज की गई फौजी की कार।

जंगल में मिला तेंदुए का शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रामनगर वन डिवीजन की फतेहपुर रेंज के अंतर्गत वन टीम ने रविवार को गश्त के दौरान बल्यूटी के कक्ष संख्या-5 में एक तेंदुए का शव पड़ा देखा। टीम ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। वन टीम की सूचना पर उच्चाधिकारी व पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों के मुताबिक, शव नर तेंदुए का था, उसकी आयु लगभग पांच-छह वर्ष की थी। तेंदुए की गर्दन पर जख्म व चोट के निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुए का किसी बाघ या तेंदुए से ही संघर्ष हुआ होगा। जिसमें उसकी मौत हो गई। फिलहाल वन टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में एनटीसीए की गाइड लाइन के अनुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया। फतेहपुर रेंजर केआर आर्य ने बताया कि बल्यूटी के जंगल में पांच-छह वर्षीय तेंदुए का शव मिला था, प्रथम दृष्टया आपसी संघर्ष में उसकी जान जाने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत के सटीक कारणों का पता चलेगा। पोस्टमार्टम के बाद तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

त्योहार पर बाजार में सादे कपड़ों में तैनात रहेगी पुलिस

तैयारी

- एसपी सिटी ने व्यापारियों, सर्राफा कारोबारियों संग की बैठक
- दुकान में काम करने वालों के पहचान एप से सत्यापन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व व्यापारी।

अमृत विचार : धनतेरस और दीपावली पर्व को देखते हुए पुलिस ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी है। सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एसपी प्रकाश चंद्र ने व्यापारियों के साथ बैठक की। एसपी सिटी ने सुरक्षा गार्डों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए और दुकानों के कर्मचारियों का सत्यापन पहचान ऐप से कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजार में भीड़भाड़ होने के कारण आपराधिक घटनाओं जैसे टप्पेबाजी और चोरी की संभावना बढ़ जाती है। इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस, पीएसी और आईआरबी जवानों की तैनाती की जाएगी। बाजार में सादे कपड़ों में महिला-पुरुष पुलिस जवान तैनात होंगे। सभी दुकानदारों को अपने खराब सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराने और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा लोकल इंटेलिजेंस टीम, बम और डॉग स्क्वाड को लगातार चेकिंग के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान बैठक में सीओ सिटी नितिन लोहनी, एसएसआई महेंद्र प्रसाद मौजूद रहे।

आतिशबाजी से पहले दमकल विभाग अलर्ट

हल्द्वानी : अग्निशामक सुरक्षा को लेकर भी एक महत्वपूर्ण पहल हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार और सीओ नितिन लोहनी ने शहर के फायर हाइड्रेंट का निरीक्षण किया और पटाखा बाजारों के आसपास तैनात पुलिसकर्मियों तथा दमकल टीमों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

सार-संक्षेप

पंखुड़ियां ऑडिशन पर अपना हुनर दिखाते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

ऑडिशन में 45 प्रतिभागियों ने दिखाई मनमोहक प्रतिभा

हल्दूचौड़ : पंखुड़ियां सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति के तत्वावधान में द विजडम वर्कशॉप कोचिंग सेंटर हल्दूचौड़ में आयोजित पंखुड़ियां-2024 (सीजन-14) के ऑडिशन में 45 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने बॉलीवुड, अरबन, कॉन्टेमरी, फ्री स्टाइल, सेमी क्लासिकल, पंजाबी व उत्तराखंडी नृत्य किया। साथ ही बॉलीवुड व उत्तराखंडी गीतों की प्रस्तुति दी। जबकि मिस एंड मिसेज कुमाऊं, सुपर मॉम व सुपर लिटिल मॉडल के प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया। निर्णायक गंगा राणा, डॉली अग्रवाल रहे। संचालक मेघा त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रिम्पी बिष्ट, नागेश दुबे, नवनीत चौहान, राजेन्द्र प्रसाद, पंकज गोस्वामी, मेघा परगांई मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वीर नारियां और पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिकों ने दिखाया देश भक्ति का जज्बा

हल्द्वानी : कुमाऊं दिवस को पूर्व सैनिकों, उनके बच्चों व परिवार ने यादगार बना दिया। रविवार को ऊंचापुल स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जहां कुमाउनी गीतों ने समां बांधा। वहीं कुमाऊं रेजीमेंट की टोपी, टाई, स्कार्फ और छाती पर मेडल सजाकर पहुंचे पूर्व सैनिकों को देखकर देश भक्ति का जज्बा हिलोरे मार रहा था। मुख्य अतिथि विशिष्ट सेवा मेडल सेनि. मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह बोरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद रेजिमेंट के दिवंगत हुए पूर्व सैनिकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। वीरांगनाओं व आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनमें वीरांगना पार्वती देवी, विमला देवी, शांति हर्बोला, बच्ची देवी, हेमा देवी, चंद्रकला, प्रेमा डोर्बी, मुन्नी पनेरू, जीवंती देवी शामिल रहे। इस दौरान सेनि. ले. कर्नल बीएस रौतेला, सीके चौधरी, जीएस दानू, केएस मेहता, केएस महर, नरेंद्र सिंह कार्की, कार्की खिलानंद चिलकोटी आदि मौजूद रहे।

डिप्टी डायरेक्टर को ज्ञापन देते संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

जंगल से सटे गांवों में झाड़ी काटने की मांग

रामनगर : किसान संघर्ष समिति ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा से जंगल से सटे गांवों के दोनों ओर झाड़ी कटान करने की मांग की है। समिति का कहना है कि सर्दियों में दिन छोटे हो जाने की वजह से जल्द अंधेरा हो जाता है। जिस वजह से वन्यजीवों का राह चलते ग्रामीणों पर हमले की आशंका बढ़ सकती है। उन्होंने ईडीसी की ओर से गावों में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को सुधारने व ग्रामीणों को फसलों का मुआवजा समय-समय पर दिये जाने की भी मांग की। समिति का मानना है कि ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर चलने से ही मानव वन्य जीव संघर्ष को टाला जा सकता है। समय-समय पर ग्रामीणों के साथ इस संदर्भ में विभाग को खुली बैठक आयोजित करनी चाहिए। इस दौरान किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, महेश जोशी, संजय मेहता, राजेंद्र, पनीराम, बीडी नैनवाल रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

कालाढूंगी : त्रिपाठी हॉस्पिटल हल्द्वानी एवं अमन क्लीनिक कालाढूंगी के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। कालाढूंगी नगर सहित आसपास के लगभग 68 लोगों ने शिविर में पहुंचकर लाभ उठाया। शिविर में त्रिपाठी हॉस्पिटल के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज त्रिपाठी, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी पंत, महिला व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रचना सुयाल ने मरीजों की जांच की। साथ ही उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान अमन क्लीनिक के संचालक डॉ. अमन तुली, डॉ. जेएस गिल, महेश तिवारी, मनोज पांडे, राजेश नेगी रहे।

कोतवाल को सम्मानित करते वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वाल्मीकि समाज ने किया अधिकारियों को सम्मानित

रामनगर : बीते दिनों वाल्मीकि जयंती की शोभायात्रा के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा को लेकर किए गए कार्यों के लिए वाल्मीकि समाज ने कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई फर्स्ट मो. यूनुस सैफी, एसएसआई सेकेंड मनोज सिंह नयाल, एसआई नीरज चौहान को महर्षि वाल्मीकि का स्मृति चित्र देकर समान्नित किया। वाल्मीकि शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष शुभम उत्तम व समाजसेवी डॉ. जफर सैफी ने कहा कि नगर के हर कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन द्वारा की जाने वाली चाक-चौबंद व्यवस्था सराहनीय रहती है। इसके अलावा नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल, समाजसेविका याना खान व रेशमा को भी स्मृति चिन्ह देकर समान्नित किया गया। इस दौरान समिति के रामु कुमार, मुकुल कुमार, प्रभात वैद्य, राज रौनी, रवि कुमार, सूजल, अमित उत्तम, पंकज कुमार, राजीव चौधरी, मनीष कुमार आकाश उत्तम, निक्की गौरव, अली फरीदी मौजूद रहे।

जन्म दिन पर लगाया रक्तदान शिविर

कालाढूंगी : चकलुवा के रामपुर निवासी नवीन सिंह कन्नौजिया ने अपने जन्मदिन पर रामलीला मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 38 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। बाल किशन देवकी जोशी ब्लड बैंक हल्द्वानी की टीम ने पहुंचकर रक्त एकत्र किया। कन्नौजिया ने कहा कि सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान ब्लड बैंक टीम में दीपक भट्ट, मोहित मियां, उमेश मटियाली शामिल रहे।

यशपाल रामनगर के नगर अध्यक्ष मनोनीत

हल्द्वानी : सशक्ति उद्योग व्यापार मंडल ने यशपाल सिंह रावत को रामनगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उम्मीद जताई है कि वह संगठन को मजबूती देंगे। उनके मनोनयन पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश थुवाल, कोषाध्यक्ष प्रताप जोशी, प्रदेश प्रवक्ता संजय त्यागी, प्रदेश सचिव चंदन बिष्ट, जिला प्रभारी संजय बिष्ट, प्रदेश महिला प्रभारी सीमा बत्रा रहे।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, आज खेला जायेगा फाइनल मैच

खेल-खिलाड़ी

- विभिन्न वर्गों के 150 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा
- उत्कृष्ट खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

मिनी स्टेडियम में फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

अमृत विचार : आरटीओ रोड स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में नैनीताल टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता रविवार से शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में लगभग 150 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईआरएस प्रिंसिपल इनकम टैक्स कमिश्नर हल्द्वानी नरेंद्र सिंह जंगपांगी, नैनीताल डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, उत्तराखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष समित टिक्कू, डीके कांडपाल और योगेश पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों के माध्यम से किसी की भी योग्यता को तराशा जा सकता है। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयु वर्ग में रोचक मुकाबले देखने को मिले। बालक वर्ग में अथर्व जुयाल एवं वंश टम्टा फाइनल में पहुंचे। जबकि अन्य मुकाबलों में हिमांशु नयाल, सक्षम मित्तल, वंश जोशी, विशेष जोशी अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। वहीं बालिका वर्ग में मानवी एवं ख्याति ने अपने-अपने मैच जीते। उपाध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल सोमवार (आज) को खेला जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रकाश पांडे, अरुण पाठक, पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रविन्द्र रौतेला, अनिल जोशी, श्रीश पाठक, करन गंगोला, राजीव लोचन, कमल भाकुनी, प्रवीण टोलिया, संदीप गुप्ता, रजत अग्रवाल, मनमोहन जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

सेपक टकरा में हल्द्वानी के खिलाड़ियों का दबदबा

हल्द्वानी, अमृत विचार : मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को मंडल स्तरीय अंडर-14 बालक और ओपन सेपक टकरा प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त दीपक रावत ने किया। इसके बाद उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी का जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत व उप क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल ने बैच व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में पुरुषों के इवेंट में कल्याणी रुद्रपुर ने सितारगंज ए को 2-0 से हराया। वहीं 31 पीएसी रुद्रपुर ने चंपावत को 2-0, सितारगंज बी ने यूनिवर्सल को 2-0, हल्द्वानी स्टेडियम ने रुद्रपुर को 2-0 और हल्द्वानी स्टेडियम बी ने पाल कॉलेज को 2-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। जबकि महिलाओं के डबल्स इवेंट में कल्याणी व्यू ने अल्मोड़ा को 2-0 से हराया। हल्द्वानी स्टेडियम ने रुद्रपुर को 2-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। विजेता टीमों के सभी मैच सोमवार (आज) की सुबह 10 बजे से स्टेडियम में होंगे। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर उन्हें प्रोत्साहित किया। मैच के तुषार, गौरव बिनवाल, प्रगति दुमका, ललित मोहन, गोविंद परिहार, नीरज जोशी, पवन नगरकोटी, मृणालिनी त्रिपाठी रहे। संचालन राष्ट्रीय धावक सुरेश पांडे ने किया। इस दौरान डॉ. नागेंद्र शर्मा, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी व भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सेपक टकरा महासंघ किरन मौर्य, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, मनीष वर्मा, आनंद देव, अंकुश रौतेला, निर्मला रावत, रितिका रहे।

दीपावली मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मचाया खूब धमाल

संवाददाता, रामनगर

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हैरतअंगेज कारमाने दिखाता जादूगर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : किड्स जी प्ले एवं माउंट लिट्रा स्कूल की ओर से आयोजित दिवाली मेले में जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। वहीं मेले में अभिभावकों ने भी जमकर खरीदारी की। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन स्टालों का आनंद भी लिया।

कार्यक्रम में मुरादाबाद से आये जादूगर शशांक दिवाकर का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। शशांक ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर लोगों को आश्चर्य में डालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से प्रथम पुरस्कार कक्षा एक के हृदयांश अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार अनन्या चन्याल और तीसरा पुरस्कार काव्यांश बिष्ट को मिला। देर सांय तक अभिभावकों ने मेले का आनंद लिया। स्कूल के निदेशक स्पर्श अग्रवाल ने बताया कि दीपावली मेले के आयोजन के पीछे अभिभावकों व शिक्षिकाओं के बीच आपसी तालमेल कायम करना था। प्रधानाचार्य रितु पंत ने कहा कि दीपोत्सव मेले के आयोजन से बच्चों में झिझक दूर होती है। यह अभिभावकों व शिक्षकों में आपसी तालमेल बनाये रखने का सबसे बड़ा साधन है।

कैलाश और चंदन के निधन पर जताया शोक

हल्दूचौड़, अमृत विचार : बरेली रोड मोटाहल्दू गैस प्लांट के पास होटल व्यवसायी एवं कारोबारी कैलाश चंद (60 वर्ष) लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीते शनिवार को अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

उधर, जयपुरखीमा मोटाहल्दू निवासी सेना से सेवानिवृत सिपाही चंदन सिंह बिष्ट की सड़क हादसे में मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर है। रविवार को ग्राम प्रधान एवं देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव रमेश जोशी ने शोकसभा कर दोनों मृतकों को श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में प्रधान रमेश चंद्र जोशी, समाजसेवी कीर्ति पाठक, विक्की पाठक, श्याम बाबू, शंभू दत्त कबड़वाल, बबलू जोशी, रामू जोशी, मनोज बिष्ट, गणेश बिरखानी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मन्नू बिष्ट, हेम गोस्वामी, नवीन पाठक मौजूद रहे।

गोरापड़ाव के पूर्व प्रधान महेंद्र नेगी का हुआ निधन

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

अमृत विचार : गोरापड़ाव के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी महेंद्र नेगी का रविवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। अपने पीछे वह पत्नी, दो बेटी व एक बेटे को छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

महेंद्र नेगी को कुछ दिनों पहले पीलिया हुआ था, जिसका इलाज चल रहा था। 23 अक्टूबर को उनकी मां का वार्षिक श्राद्ध था, जिसमें वह पूरी तरह सक्रिय थे और स्वस्थ थे। लेकिन 25 अक्टूबर को उनका एकाएक स्वास्थ्य बिगड़ गया। स्थानीय चिकित्सकों की सलाह पर परिजन उन्हें तत्काल नोएडा के कैलाश हास्पिटल ले गए। वहां उनके स्वास्थ्य में सुधार होने के बजाय स्थिति बिगड़ती चली गई। रविवार सुबह करीब पौने आठ बजे उनका निधन हो गया। अपराह्न करीब तीन बजे शव गोरापड़ाव स्थित घर पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। सायं चार बजे उनका रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। महेंद्र नेगी मिलनसार और मददगार प्रवृत्ति के थे। समाज में उनकी हर वर्ग में अच्छी पकड़ थी। पहले वह गोरापड़ाव में प्रधान रहे फिर उनकी पत्नी भी प्रधान रहीं। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

प्राचार्य को एलसीडी प्रॉजेक्टर सौंपते छात्र नेता। ● अमृत विचार

राहुल की स्मृति में दिया एलसीडी प्रोजेक्टर

रामनगर, अमृत विचार : पूर्व छात्र स्व. राहुल रावत की स्मृति में निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष ललित कड़ाकोटी ने महाविद्यालय को एलसीडी प्रोजेक्टर दिया। ललित, चेतन पंत व मयंक पपनै ने एलसीडी प्रोजेक्टर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे को सौंपा। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस एलसीडी प्रोजेक्टर का महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा, जो पुण्यात्मा की स्मृति में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ललित ने बताया कि यह प्रोजेक्टर समाजसेवी जसकरन सिंह गिल के सहयोग से महाविद्यालय को दिया गया है, जिससे विभिन्न छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे।

सीएम दरबार में दस्तक देंगे लकड़ी कारोबारी

रामनगर, अमृत विचार : मंडी समिति की ओर से लकड़ी कारोबारियों के उत्पीड़न के खिलाफ वन व्यवसायी संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने उठाने का फैसला लिया है। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लकड़ी व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि मंडी समिति के अधिकारी उनके उत्पीड़न पर उतारू हैं। कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए वह उन्हें आवंटित लकड़ी पड़ाव को खाली करवाने की साजिश रच रहे हैं। जिसके खिलाफ एक शिष्टमंडल जल्द ही स्थानीय विधायक, सांसद तथा मुख्यमंत्री से मिलकर मंडी अधिकारियों की पोल खोलेगा। बैठक में संजीव अग्रवाल, लाईक अहमद सैफी, निर्मल कुमार, इमरान हुसैन, प्रियांशु भारद्वाज रहे।

डॉ. कृष्णा भारती को मिला सम्मान

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृष्णा भारती को उपाधि रत्न सम्मान प्रदान किया है। यह सम्मान वाणिज्य संकाय उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. भारती को विद्यार्थियों को अर्थशात्र विषय की उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए दिया गया। डॉ. कृष्णा ने इसी विद्यालय से पीएचडी भी की है। इस उपलब्धि पर डॉ. भारती को प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

प्राचार्य डॉ. कृष्णा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे शिलापट पर उठे सवाल

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोकार्पण के दौरान लगाया गया शिलापट।

अमृत विचार : नवनिर्मित 30 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लोकार्पण के दौरान लगाये गये शिलापट को लेकर तरह-तरह की चर्चा होने लगी हैं। पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के प्रयासों से स्वीकृत सीएचसी का शुभारंभ 25 फरवरी 2024 को विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने किया। लगभग 8 करोड़ की लागत से बने आवासीय एवं अनावासीय भवनों के शुभारंभ पर लगाया गया शिलापट अब तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहा है। इसको लेकर जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला ने नाराजगी जताई है। वहीं आरटीआई कार्यकर्ता गोविंद बल्लभ भट्ट समेत क्षेत्रवासियों ने भी रोष व्यक्त किया है।

नाराजगी इस बात को लेकर नहीं है कि शिलापट पर डॉ. मोहन बिष्ट का नाम लिखा गया है। बल्कि इस बात को लेकर है कि शिलापट पर मंडल अध्यक्ष दीपक बहुगुणा और बूथ अध्यक्ष कमल सिंह रौतेला का नाम लिखा गया है। क्षेत्रवासी इसे गलत ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष किस पार्टी के हैं यह भी शिलापट में नहीं लिखा गया है। इससे भ्रम की स्थिति बनी है। नियमानुसार विधायक के साथ संबंधित क्षेत्र के शहरी होने पर सभासद या नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम लिखा जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र होने पर ब्लॉक प्रमुख व उक्त क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य का नाम लिखा जा सकता है, लेकिन इसमें उक्त सभी जनप्रतिनिधियों को दरकिनार किया गया है। यह जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

सार-संक्षेप

प्रमाण पत्र व ट्रॉफी के साथ विजेता छात्राएं। ● अमृत विचार

कौतिक प्रतियोगिता में एसकेएम का शानदार प्रदर्शन

हल्द्वानी : हरमन माइनर स्कूल भीमताल में आयोजित कौतिक प्रतियोगिता में एसकेएम स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रंगोली मेकिंग कंपटीशन में रिद्धि, सफिया और कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि ऐपण प्रतियोगिता में युवराज और हर्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी उपलब्धि पर प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी, भामिनी जोशी सहित समस्त अध्यापकों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

आईवीएफ शिविर में मरीज की जांच करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

आईवीएफ शिविर में हुई मरीजों की जांच

हल्द्वानी : मुखानी स्थित तिवारी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर (जयश्री तिवारी हॉस्पिटल) और डॉ. लता जोशी के सौजन्य से जमुना अस्पताल खटीमा में नि:संतान दंपतियों के लिए नि:शुल्क आईवीएफ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी मरीजों की जांच की गई और साथ ही कई मरीजों ने आईवीएफ के लिए पंजीकरण भी कराया। इस दौरान अस्पताल की वरिष्ठ आईवीएफ विशेषज्ञ उषा जोशी ने सभी मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया और आईवीएफ के बारे में जानकारी दी।

सांसद ने शेर नाले पर पुल बनाने को किया भूमि पूजन

चोरगलिया : सांसद अजय भट्ट ने रविवार को शेर नाला पुल का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि नाले पर लोनिवि 9.13 करोड़ से 120 मीटर लंबा पुल बनाएगा, जो डेढ़ वर्ष में तैयार हो जाएगा। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि मानसून सीजन में दुर्घटनाओं को देखते हुए शेर नाले पर पुल बनाया जाना चाहिए। इस दौरान लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, भुवन आर्या, एसडीओ शालिनी जोशी आदि मौजूद रहे।

विभिन्न संगठनों ने सरकार का पुतला फूंका

हल्द्वानी : विभिन्न संगठनों ने डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों की बहाली समेत कई मांगों को लेकर राज्य सरकार का पुतला दहन किया। रविवार को परिवर्तनकामी छात्र संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, क्रांतिकारी लोक अधिकारी संगठन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि डॉल्फिन कंपनी में श्रमिकों की कार्यबहाली नहीं हो रही है, श्रम कानून को सख्ती से लागू नहीं किया जा रहा है। श्रमिक विभिन्न मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से रुद्रपुर के गांधी पार्क में आमरण अनशन पर हैं, इनमें दो की हालत बिगड़ गई है। कभी भी कुछ भी अनहोनी हो सकती है। फिर भी सरकार की आंखें नहीं खुल रही हैं। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान रजनी जोशी, महेश, टीकाराम पांडेय, मुकेश भंडारी, पुष्पा कुड़ाई, हेमा तिवारी, कौशल्या पपनै, दुर्गा देवी, भावना, रेखा, मंजू, शान्ति, जानकी भट्ट, हीरा देवी मौजूद रहे।

कोर्ट ने तलब की चरस, पुलिस जांच पर सवाल

इसी वर्ष 28 जून को कुल्यालपुर गली नंबर तीन स्थित दुकान से बरामद कथित चरस बनी पुलिस के गले की फांस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुल्यालपुरा स्थित परचून की दुकान से बीती 28 जून को बरामद हुई कथित चरस पुलिस के गले की फांस बन गई है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडे ने पुलिस की जांच पर न सिर्फ प्रश्न चिह्न लगाया है, बल्कि यह भी कहा है कि अगली तारीख को पुलिस उस कथित चरस को कोर्ट में पेश करे, जिसे घटना स्थल से बरामद किया गया था। अगली तारीख को चरस पेश करने के साथ पुलिस को कई सवालों के लिखित में जवाब भी देने होंगे।

कुल्यालपुर गली नंबर तीन निवासी पूनम की दुकान है। घटना के रोज पूनम के पति दुकान में थे। तभी एक महिला सामान खरीदने के बहाने दुकान में घुसी। दुकान से बाहर निकलने से पहले उसने छाता और पैकेट दुकान में छोड़ दिए। महिला के निकलते ही वहां पुलिस पहुंच गई और दुकान से कथित चरस बरामद कर ली। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बावजूद इसके न तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और न ही फुटेज के बावजूद आरोपी महिला को पकड़ पाई। कोर्ट के आदेश पर मामले में मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़ित पक्ष ने 4 सितंबर को चरस रखने की आरोपी आदर्शनगर मुखानी निवासी खुशी तिवारी उर्फ मंजू तिवारी पुत्री भरत आर्या को पकड़ा। पुलिस ने उसे नारी निकेतन में रखा और नोटिस देकर छोड़ दिया।अब मामला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार की कोर्ट में है। कोर्ट ने पुलिस की जांच पर सवाल खड़े करते तमाम सवालों के जवाब और कथित चरस संग 29 नवंबर को कोर्ट के समक्ष पेश होने के आदेश दिए हैं। इस मामले की जांच घटना स्थल से चरस बरामद करने वाले एसआई देवेंद्र सिंह राणा कर रहे हैं। मामले में खुशी के साथ भूपेंद्र सिंह चौहान व उमेश चौहान को भी आरोपी बनाया गया है। इन पर खुशी की मदद से दुकान में चरस रखवाने का आरोप है। वहीं पीड़ित पक्ष ने कोर्ट में कहा है कि यदि उसकी दुकान में सीसीटीवी न लगा होता तो उसे सारी उम्र जेल में गुजारनी पड़ सकती थी।

दुकान से निकलकर जाती आरोपी महिला व बरामद की गई कथित चरस।

न्यायालय ने यह दिए आदेश

1. हल्द्वानी कोतवाली के भारसाधक अधिकारी व जांच अधिकारी को उचित व विधिपूर्व विवेचना के आदेश।
2. 28 जून को हुई घटना और 4 सितंबर को हुई घटना की जनरल डायरी की प्रति अग्रिम तिथि को न्यायालय में पेश करने के आदेश।
3. आरोपी को नारी निकेतन में किसके आदेश से, किस प्रावधान के तहत व कितने दिन रखा गया। इसकी लिखित रिपोर्ट मांगी।
4. कथित चरस व अन्य पदार्थ को अग्रिम तिथि पर कोर्ट के सामने प्रस्तुत करने के आदेश।
5. 28 जून को हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज विधि विज्ञान प्रयोगशाला व अन्य संस्थान में परीक्षण के लिए भेजी गई या नहीं, इसकी आख्या पेश करने के आदेश।

न्यायालय ने पूछा...किसके आदेश और किस प्रावधान के तहत भेजा नारी निकेतन

हल्द्वानी : पुलिस की विवेचना से नाराज कोर्ट ने पुलिस से कई सवाल पूछे हैं। कोर्ट ने कहा, आरोपी खुशी तिवारी उर्फ मंजू तिवारी को मामले में धारा 35 के तहत नोटिस तामील कराया गया है। चार अक्टूबर को आरोपी को नारी निकेतन भेजा गया था। इस पर कोर्ट ने पूछा कि जब नोटिस तामील करा दिया गया था तो आरोपी को किसके आदेश और किस प्रावधान के तहत नारी निकेतन भेजा गया। इस सवाल का जवाब पुलिस और अधिवक्ता नहीं दे सके।

अहम सुबूत को नहीं भेजा विधि विज्ञान प्रयोगशाला

हल्द्वानी : मामले में पीड़ित पक्ष का कहना है कि दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज को विधि विज्ञान प्रयोगशाला नहीं भेजा गया। मौके से बरामद चरस, जिसे एसआई तौलते हुए दिखाई दे रहे हैं, उसे भी माल मुकदमाती में शामिल नहीं किया गया। इससे साफ है कि पुलिस मामले की जांच ठीक ढंग से नहीं कर रही। वहीं पुलिस ने अपने पक्ष में कहा कि 7 सितंबर को खुशी को नोटिस तामील कराया गया। बाकी नामजद अभियुक्त भूपेंद्र सिंह चौहान व उमेश चौहान घर पर मौजूद नहीं मिल रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 120ख, 201, 420 व 509 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उपनल कर्मियों को नियमित करे सरकार

हल्द्वानी, अमृत विचार : उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर राज्य सरकार की याचिका खारिज होने पर खुशी जताई है। संघ ने कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग की है।

रविवार को तिकोनिया स्थित एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में उपनल संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उपनल कर्मचारियों के पक्ष में छह वर्ष बाद फैसला सुनाया है। एसटीएच शाखा अध्यक्ष नीरज हैड़िया ने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री व सैनिक कल्याण मंत्री ने उपनल कर्मचारियों को नियमित करने का समर्थन दिया था, लेकिन वर्तमान सरकार इस पर पुनर्विचार कर रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। प्रदेश सलाहकार मनोज जाशी ने कहा कि वर्ष 2004 में गठित हुए उपनल से हजारों कर्मचारी विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं, कइयों ने तो विभाग में 10, 15 और 20 साल तक की सेवा कर ली है। इस दौरान एडवोकेट सनप्रीत आजमानी, विनय अग्रवाल, पूरन भट्ट, तेजा बिष्ट, श्याम मेवाड़ी, विनोद बिष्ट, विनोद जोशी, चंद्रशेखर मौजूद रहे।

सम्मानित लोगों के साथ सांसद अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुनर्नवा महिला समिति ने रविवार को समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता जीव विज्ञान के प्रवक्ता हेमंत बिष्ट, डीआरडीओ से वैज्ञानिक महेश चंद्र आर्या, प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. संजय पांडे, पर्यावरण संरक्षक किशन सिंह मलड़ा, दिव्यांग योद्धा कृष्ण सिंह, एसओजी प्रभारी नंदन सिंह रावत, हिंदी साहित्य से डॉ. हेम चंद्र दुबे, पैरा ओलंपिक खिलाड़ी भुवन चंद्र गुणवंत, पूरन सिंह नयाल, गोपाल बोरा, धीरज सिंह, डॉक्टर कुंदन सिंह रावत, राजेंद्र सिंह ढैला, सौरभ कोहली और हिमांशु दानी को मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने मोमेंटों देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद ने समिति के कार्यों की सराहना की। अध्यक्ष लता बोरा ने सभी का आभार जताया। इस दौरान यशोदा रावत, शांति जीना, मंजू बनकोटी, जानकी पोखरिया, कल्पना रावत, अंजना बोरा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, लक्ष्मण सिंह रजवार, रमेश शर्मा, नीलम शर्मा, हेमंत बगड़वाल, नरेंद्र सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री की शवयात्रा निकालने की कोशिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छात्रसंघ चुनाव न कराये जाने से छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को छात्र नेताओं ने एमबीपीजी कॉलेज में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही कॉलेज में धरना देकर परिसर में उच्च शिक्षा मंत्री की शवयात्रा निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस बीच छात्रों और पुलिस कर्मियों के बीच काफी नोकझोंक हुई।

छात्र नेता रक्षित सिंह बिष्ट सहित अन्य छात्र कॉलेज में पहुंचे। उन्होंने मुख्य गेट पर धरना दिया। छात्रों के बढ़ते आक्रोश को देख चीफ प्रॉक्टर डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. विनय जोशी, डॉ. संजय खत्री कॉलेज में पहुंचे। दोपहर 2 बजे छात्र नेताओं ने परिसर के अंदर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की शव यात्रा निकालने के लिए अर्थी तैयार की। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस प्रशासन को लगी तो अधिकारियों के हाथपांव फूल गए। जैसे ही छात्र नेता शव यात्रा निकालने लगे, पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इससे छात्र और उग्र हो गए। पुलिस कर्मियों और छात्रों के बीच काफी धक्कामुक्की भी हुई। छात्र नेताओं ने पुलिस प्रशासन पर मारपीट करने का आरोप लगाया। छात्र नेता रक्षित बिष्ट ने बताया कि जब तक छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जायेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

एमबीपीजी कॉलेज में छात्रों को उच्च शिक्षा मंत्री की शव यात्रा निकालने से रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

धरना देने के लिए मांगी टैंट लगाने की अनुमति

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज के छात्र नेताओं ने कॉलेज परिसर में धरना देने के लिए कॉलेज प्रशासन से टैंट लगाने की अनुमति मांगी है। छात्रों ने प्राचार्य एनएस बनकोटी को पत्र लिखकर कहा कि वह छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कॉलेज में उनके बैठने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने प्राचार्य से कॉलेज में टैंट लगाने की अनुमति मांगी है।

ठगी का आरोपी तीन साल बाद पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कोरोना काल में जब सबकुछ बंद था, तब एक जालसाज पैथ लैब टेक्नीशियन को हजारों रुपये का चूना लगाकर फरार हो गया। पिछले तीन साल से पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। वह नहीं मिला तो उस पर ढाई हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। अब तीन साल बाद पुलिस उसे हरियाणा से पकड़ कर लाने में सफल हुई है।

5 जून 2021 को आवास विकास स्थित आरएल मैमोरियल पैथ लैब के टेक्नीशियन ललित तिवारी से फौजियों के कोविड टेस्ट के नाम पर 98,520 रुपये की साइबर ठगी की गई। ललित का आरोप था कि मनजीत सिंह के नाम से उसे फोन किया गया। मनजीत ने 20 फौजियों का सस्पेक्टिड कोविड टेस्ट कराने के नाम पर ललित से गूगल पे के माध्यम से 98520 रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो पता लगा कि फोन करने वाला मनजीत नहीं बल्कि नई गांव पुन्हाना नूंह हरियाणा निवासी आबिद खान पुत्र फते मोहम्मद है। वह पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। पुख्ता खबर पर सीसीटीएनएस विंग प्रभारी एसआई रजत कसाना, कांस्टेबल अनिल गिरी और सोनू सिंह की टीम ने आरोपी के घर दबिश दी और शुक्रवार को उसे गिरफ्तार किया। शनिवार को आरोपी को लेकर टीम हल्द्वानी पहुंची और पूछताछ के बाद रविवार को कोर्ट के आदेशपरजेलभेज दिया गया।

पुलिस हिरासत में ठगी का आरोपी। ● अमृत विचार

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ दीपावली मेला शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : आकृति सोसायटी की ओर से जज फार्म में रविवार से तीन दिवसीय दीपावली मेले का रंगारंग आगाज हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद अजय भट्ट ने की। इसके बाद विभिन्न डांस एकेडमी से आये बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मेले में लगे स्टॉलों से लोगों ने जमकर खरीदारी की। कार्यक्रम के दौरान आकृति एंजिल के नन्हे बच्चों ने विभिन्न पहाड़ी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। धना मेरो नाम छू..., सांवरी-सांवरी... जैसे ट्रेडिंग गीतों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य किया। सोसायटी की अध्यक्ष कुसुम ने बताया कि तीन दिवसीय मेले का उद्देश्य स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को भीडभाड़ के माहौल से हटकर मनोरंजन देना है। मेले को सफल बनाने में महामंत्री शर्मिला मित्रा, उपाध्यक्ष ममता बिस्ट,कार्यालय सचिव गीता बिस्ट, कर्णवीर दिगारी, अर्जिता सेन,कोमल, तनिष्का, गिरिजेश पांडे,मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे उपस्थित रहे।

दीपावली मेले का शुभारंभ करते सांसद अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

निजी ऑपरेटरों को परमिट देने का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी बस ऑपरेटरों को परमिट देने का विरोध किया है। कर्मचारियों ने रविवार को रोडवेज स्टेशन में बैठक कर इस संबंध में शीघ्र शासन से वार्ता करने का निर्णय लिया।

साथ ही परिवहन निगम में कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लीला बोरा और प्रांतीय महामंत्री बालमुकुंद सुयाल ने कहा कि सरकार परिवहन निगम के निजीकरण की साजिश कर रही है, जो प्रदेश हित के विरुद्ध है। उन्होंने 130 नई बसें खरीदे जाने पर प्रदेश सरकार का आभार जताया। साथ ही 500 और नई बसें को निगम को उपलब्ध कराने की मांग की। कहा कि कार्यशालाओं में मांग के अनुसार मोटर पार्ट्स उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में रामप्रीत यादव, एनके पलड़िया, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम चंद्र दुम्का, तारा चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

बैठक के दौरान उपस्थित परिवहन मजदूर संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कर्मचारियों की समस्याएं दूर करने की मांग

हल्द्वानी : उत्तरांचल रोडवेज संयुक्त परिषद ने मासिक बैठक के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं रखीं। साथ ही उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। परिषद ने निगम मुख्यालय से डिपो की समस्याएं दूर करने की मांग उठाई। इस दौरान शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मंत्री अमित कुमार जंगवाल, राजेंद्र सिंह नेगी, कौशल जोशी, अनंत अग्रवाल, तारा देवी, नंदी देवी, उमेश चंद जोशी मौजूद रहे।

करवाचौथ और दीपावली कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

तनु गर्ग ने जीता डांडिया क्वीन का खिताब

हल्द्वानी, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी एवं शाखा वीर भगत सिंह की ओर से रविवार को रामपुर रोड स्थित ऑर्चर्ड रेस्टोरेंट में करवाचौथ और दीपावली के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करवा सजाओ थाल प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद शाखाओं की महिला सदस्यों ने पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कपल गेम्स और डांडिया का आयोजन किया गया। लकी लेडी का खिताब प्रिया मनसेरा व पूजा अग्रवाल के नाम रहा। जबकि डांडिया क्वीन का खिताब तनु गर्ग ने जीता। इस मौके पर महिला संयोजिका निधि अग्रवाल एवं सीमा बक्शी, मीनू गुप्ता, नीतू अग्रवाल, मोनिका मित्तल, सौम्या अग्रवाल, एकता अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय संरक्षक आरके गुप्ता, हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, सचिव अभिषेक मित्तल कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, वीर भगत सिंह शाखा अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव अभिषेक गर्ग, कोषाध्यक्ष समर्थ अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विपुल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम एनएसटीआई ने धूमधाम से मनाया तीसरा दीक्षांत समारोह, 110 प्रशिक्षुओं को दिये गये प्रमाण पत्र

प्रत्येक ट्रेड के टॉपर्स को पदक से किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) ने अपना तीसरा दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएसएमई सितारगंज के वरिष्ठ प्रबंधक ईशु अस्थाना ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले 110 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

साथ ही प्रत्येक ट्रेड के टॉपर्स को उनकी उत्कृष्टता के लिए पदक से सम्मानित किया गया और सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को सीआइटीएस प्रमाण पत्र और मार्कशीट प्रदान की गईं। एनएसटीआई हल्द्वानी के प्रधानाचार्य भगत सिंह ने प्रशिक्षुओं को दृढ़ संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनएसटीआई हल्द्वानी कौशल विकास और युवा रोजगार के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। बताया कि संस्थान कई ट्रेडों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो युवाओं को आवश्यक कौशल में दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने अपना कौशल का प्रदर्शन भी किया जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित उच्च स्तर की तकनीकी क्षमता और व्यावहारिक विशेषज्ञता को दिखाया।

प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित हुए प्रशिक्षु व अन्य। ● अमृत विचार

जिले भर के 40 आईटीआई टॉपर्स को किया सम्मानित

हल्द्वानी : आईटीआई के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में जिले भर के 40 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला प्रभारी अल्मोड़ा प्रदीप बिष्ट, अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन रिचा सिंह, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, उपनिदेशक स्मिता अग्रवाल, उपनिदेशक आरएस मर्तोलिया और नोडल प्रधानाचार्य पीके धारीवाल ने जिले के टॉपर्स बच्चों को शील्ड और मेडल प्रदान किये। संचालन पंकज सनवाल ने किया। इस दौरान आईटीआई के समस्त कर्मचारी, अनुदेशक, कार्यदेशक आदि मौजूद रहे।

काशीपुर बाजार में रविवार को लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

नगर-कस्बों में जहां दीपावली के लिए बाजार सज गए हैं, वहीं दीपावली से पहले ही रोशनी से जगमगाने लगे हैं लोगों के भवन। यह मोहक सुंदर नजारा जसपुर की पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज रोड का है। ● **सुशील चौहान** जसपुर

दीपावली पर्व के लिए सज गया बाजार, बढ़ी रौनक

खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ रही लोगों की भीड़, बाजारों में सजीं कपड़े-बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मिठाई व फूल माला की दुकानें

दीपोत्सव

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: दिवाली का पर्व नजदीक है। फिलहाल दीपावली में अभी चंद दिन बाकी हैं। दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। लोगों ने दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचकर दीपावली की खरीदारी शुरू कर दी है। वहीं दीपावली पर्व में लोगों के उत्साह को देखकर शहर के दुकानदार भी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

काशीपुर के मुख्य बाजार, पालिका बाजार, किला बाजार में सुबह छह बजे से ही लोग बाजारों में पहुंचने शुरू हो रहे है। लोग अपने-अपने स्तर पर खरीदारी कर रहे हैं। उधर व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों की सजावट शुरू कर दी है। साथ ही दीपावली से संबंधित दुकान पूजा पाठ, मिठाई, कपड़ों से अन्य दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं लोगों का उत्साह देखकर व्यापारियों ने भी दुकानों में सामान भर लिया है। व्यापारियों के अनुसार, अगले दो दिनों में व्यापार में चार से पांच गुना तक अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

धनतेरस के दिन से और अधिक उमड़ेगी भीड़: काशीपुर के व्यापारियों की माने तो विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष लोग दीपावली में अधिक उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। बताया कि दूर दराज से आने वाले लोगों ने दीपावली से कई दिन पहले अपनी खरीदारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि धनतेरस से स्थानीय लोग अपनी खरीदारी शुरू करेंगे। ऐसे में बाजारों में चार से पांच गुना अधिक भीड़ होने की संभावना हैं।

सोना, मोबाइल, कार व बाइक की एडवांस बुकिंग: धनतेरस की मान्यता के अनुसार, लोग धनतेरस के दिन नई वस्तुओं को खरीदकर घर लाते हैं। ऐसे में लोगों ने सोने, मोबाइल, कार व बाइक की एडवांस बुकिंग करानी शुरू कर दी है।

वहीं व्यापारियों की माने तो लोगों ने धनतेरस के दिन डिलीवरी के लिए सोना, कार व बाइक की बुकिंग करा ली हैं।

> दीपावली पर्व को लेकर बाजार सजना शुरू हो गया है। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष लोगों में दीपावली को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। अगले दो दिनों में बाजार में कई गुना भीड़ होने की उम्मीद हैं।
> **-प्रभात साहनी**, अध्यक्ष, व्यापार मंडल

खटीमा में दीपावली के लिए मिट्टी के दीये व अन्य सामग्री खरीदते लोग। ● अमृत विचार

दिवाली पर मिट्टी के दीये भी करेंगे घरों को रोशन

खटीमा : दीपावली के त्यौहारों पर घरों को रोशन करने के लिए भले ही लोग इलेक्ट्रॉनिक झालर व विभिन्न प्रकार की मोमबत्तियों का इस्तेमाल करने लगे हैं लेकिन आज भी मिट्टी के दीयों का अपना अलग महत्व बना हुआ है। दिवाली पर भलेही आम लोग आधुनिक जगमगाहट की रोशनी से घर जगमगाते हैं। लेकिन लोग मिट्टी के कुछ दीये जलाना नहीं भूलते हैं। नगर की बड़ी आबादी के बीच टनकपुर रोड पर कुम्हारों की दुकानें हैं। यहां गर्मी के साथ ही जाड़े के सीजन में उपयोग में लाए जाने वाले मिट्टी के उपकरण उपलब्ध रहते हैं। इसके साथ ही खुशी के माहौल में उपयोग में लाए जाने वाले उपकरण भी यहां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहते हैं। दीपावली के त्यौहार पर घरों में जगमगाने वाले मिट्टी के दीये 10 रुपये प्रति दर्जन की कीमत पर उपलब्ध रहते हैं। दीपावली त्यौहार के करीब आने के साथ ही लोग मिट्टी के दीये खरीदना नहीं भूलते हैं। त्यौहार के अवसर पर कुम्हारों की दुकानों में लक्ष्मी, गणेश की मिट्टी की रंगीन मूर्तियां सही दामों में मिलती हैं। छोटे-बड़े फैंसी रंगीन दीये लोगों को आकर्षित करते हैं। इसके अतिरिक्त मिट्टी की गुल्लक, गमले, कलश, चाय के कुल्हड़, दही जमाने वाले कुंड, लस्सी वाली गिलास, पानी के मटके, फूलों के गमले, चिलम, मुखोटे तथा तंदूर उपलब्ध रहते हैं। मिट्टी के बर्तन आदि बेचने वाली राधा देवी बताती हैं कि मिट्टी की रंगीन मूर्तियों एवं सामान्य मिट्टी के घड़े दीये आदि बरेली, आगरा, पूरनपुर, कलीनगर, पचपेड़ा से मंगाए जाते हैं। वहीं मनीष कुमार प्रजापति ने बताया कि जमाने की बात थी जब दीपावली के त्यौहार पर मिट्टी के दीयों की बिक्री अच्छी होती थी। लेकिन इलेक्ट्रॉनिक झालर, चमचमाती झालर, मोमबत्ती आदि के मार्केट में आने से दस्तूर के निमित्त लोग मिट्टी के दीये जलाते हैं। मिट्टी का काम करने वाले कुम्हारों को अब सुविधाओं का टोटा है। उन्हें न तो आसानी से मिट्टी उपलब्ध हो पाती है और न ही बर्तन बनाने व उन्हें सूखाने तथा पकाने के लिए जगह ही मिलती है। बाहर से बने बनाए मिट्टी के बर्तन लाने में मुनाफा कम रिस्क अधिक रहता है।

काशीपुर में छठ पूजा के लिए नदी की सफाई करते लोग। ● अमृत विचार

काशीपुर में छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू

काशीपुर: पूर्वांचल समाज का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाई जाए। इसके लिए पूर्वांचल समाज ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिसमें घाटों की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण का किया जा रहा है। वहीं पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पांच नवंबर से छठ पूजा का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही आठ नवंबर को भगवना सूर्य को अर्घ देने के के साथ ही समापन किया जाएगा।

बता दें कि लोक आस्था का महापर्व छठ चार दिनों तक चलता है। इस व पांच से नौ नवंबर तक छठ पूजा का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके लिए पूजा स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया। साथ ही घाटों व नदी की सफाई का कार्य भी जेसीबी की मदद से किया जा रहा है। पूर्वांचल छठ सेवा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने बताया कि छठ पर्व को लेकर सभी तैयारियों का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पांच नवंबर से छठ पूजा नहाय-खाय के साथ शुरू की जाएगी, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन प्रातःकालीन यानि उषा अर्घ्य के साथ इस त्योहार का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पर्व में भगवान सूर्य व छठी माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। बताया कि छठ व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है। मान्यता है कि छठ व्रत करने से संतान की प्राप्ति, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि व लंबी आयु प्राप्त होती है।

अधिवक्ताओं ने रुहेला के समक्ष रखीं समस्याएं

अधिवक्ताओं से चर्चा करते आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

स्वागत

- आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने समाधान का दिया आश्वासन

अमृत विचार: आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला रविवार को काशीपुर बार भवन पहुंचे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने अधिवक्ताओं को हो रही परेशानियों को लेकर चर्चा की। साथ ही अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

रविवार को आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला के आगमन पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश चौबे ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने उनको काशीपुर बार एसोसिएशन की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिले में होने वाले उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में लगभग 60 फीसद मामले अकेले काशीपुर के ही हैं। इन वादों की पैरवी के लिए काशीपुर, जसपुर और बाजपुर के लोगों को भी जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। ऐसे में काशीपुर में वादकारियों की सुविधा को देखते हुए उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग काशीपुर में ही स्थापित कर दिया जाए। राजस्व वादों के निस्तारण के लिए सप्ताह में तीन दिन काशीपुर में एडीएम का कैंप लगवाने की व्यवस्था की जाए। इसी के साथ अन्य विकास के मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। इस पर उपाध्यक्ष रुहेला ने उनकी सभी समस्याओं का जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष अनूप शर्मा सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, आडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, प्रेस प्रवक्ता दुष्यंत चौहान, महिला उपाध्यक्ष रश्मि पाल आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

रश्मि बनीं समाजशास्त्र परिषद की अध्यक्ष

रुद्रपुर : एसबीएस महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया। इसमें एमए तृतीय सेमेस्टर की रश्मि तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया। एसबीएस महाविद्यालय में प्रो. हेमलता सैनी, प्रो. रविंद्र कुमार सैनी, डॉ. राजेश कुमार सिंह और शिल्पी अग्रवाल की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष के अलावा एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र दिलसुबह को उपाध्यक्ष, बीए पांचवें सेमेस्टर की छात्रा हिमांशी शर्मा को महासचिव, बीए तृतीय सेमेस्टर के सुनील कोली को संयुक्त सचिव और बीए प्रथम सेमेस्टर के प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

दिनेशपुर में बाजार में वाहनों का प्रवेश वर्जित

व्यवस्था

- थानाध्यक्ष ने व्यापारियों व वाहन चालकों की बैठक ली
- सांवरिया मार्केट में लगेंगी पटाखों की दुकानें

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: दीपावली पर्व को देखते हुए पुलिस ने मुख्य बाजार में मैजिक, थ्री व्हीलर, ई- रिक्शा व बाइकों का प्रवेश धनतेरस व दीपावली त्योहार पर बंद रखा है। जिससे लोगों को मुख्य बाजार से खरीदारी करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। पुलिस ने व्यापारियों से मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने कीहिदायत दी।

रविवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने व्यापारियों व वाहन चालकों की बैठक की। एसओ रावत ने कहा धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा त्योहार पर मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से बचाव के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मुख्य चौक व आईटीआई के सामने मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर मैजिक, थ्री व्हीलर, ई- रिक्शा व बाइकों का बाजार में प्रवेश बंद रखा जाएगा। जिससे लोगों को त्यौहार का सामान लेने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़ेगा। एसओ रावत ने बताया कि मुख्य बाजार में पटाखों की दुकानें नहीं लगाई जाएगी, जो व्यापारी पटाखों की दुकानें लगाना चाहता है वह सांवरिया मार्केट में लाइसेंस बनाकर पटाखों की दुकान लगा सकता है। उन्होंने व्यापारियों से प्रसाद, मिठाई, फल व कपड़ों की दुकानों पर स्वच्छता व सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ न लगवाने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

थानाध्यक्ष रावत ने नगर में नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए लोगों से पुलिस को सूचना देने व अपने नाबालिग बच्चों को दुपहिया वाहन एवं नशे से दूर रखने की अभिभावकों से अनुरोध किया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक मक्कड़, व्यापारी नेता भोला शर्मा व गोपाल चक्रवर्ती, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह, सुभाष उपाध्याय, मृदुल मंडल, रामकृपाल, तपन मंडल, सागर सिंह, मनोज मंडल, डॉ सिमरन पांडे, विक्की मंडल, अशोक कालड़ा, रमेश मंडल, विजय ढाली, तपन मंडल, सूरज राय, रवि मंडल आदि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

दिनेशपुर में व्यापारियों व वाहन चालकों की बैठक लेते एसओ नंदन सिंह रावत।

धनतेरस व दीपावली पर मुख्य बाजार में नहीं चलेंगे तिपहिया-चौपहिया वाहन

किच्छा : कोतवाली परिसर में धनतेरस एवं दीपावली को लेकर तमाम गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए यातायात व अन्य बिंदुओं को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कोतवाली में संपन्न हुई बैठक में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने यातायात का मुद्दा उठाते हुए धनतेरस एवं दीपावली पर्व पर मुख्य बाजार क्षेत्र में बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने का आग्रह करते हुए कहा कि धनतेरस एवं दीपावली पर्व के चलते मुख्य बाजार में अत्यधिक भीड़ होने के कारण वाहनों की आवाजाई से आम जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसी स्थिति में बड़े वाहनों तथा ई रिक्शा वाहनों की के संचालक पर रोक लगाई जानी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने अन्य व्यापारियों से चर्चा करने के बाद बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी रेलवे स्टेशन के सामने, पंडित दीनदयाल चौक तथा हरियाणा फॉर्म क्षेत्र में पुराना बरेली रोड पर पुलिस टीम द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर ई-रिक्शा तथा चार पहिया वाहनों के संचालक पर तीन दिनों तक रोक रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों एवं आम जनता से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश कुमार, उप निरीक्षक ओमप्रकाश नेगी, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, संदीप कुमार, सुमित बाबा, राजकुमार बजाज, परमजीत सिंह, डॉ. हारून मलिक रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रुद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

खेती-किसानी

किसानों को बेमौसमी धान के बजाय गन्ने की प्रजाति 15023 व 12226 लगाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

यूएसनगर-नैनीताल में प्रति हेक्टेयर 43 कुंतल गन्ने का उत्पादन कम

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जनपद में विगत वर्ष की तुलना में गन्ने का रकवा 1412.245 हेक्टेयर की कमी आयी है। जबकि प्रति हेक्टेयर औसत गन्ने की उत्पादन में 43 कुंतल की कमी आयी है। इसको लेकर गन्ना विकास विभाग ने किसानों को बेमौसमी धान की जगह गन्ने को लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गन्ने की प्रजाति 15023 और 12226 को लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

दरअसल, विगत वर्ष ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जनपद में किसानों ने 24077.590 हेक्टेयर में गन्ना बोया था। जबकि इस वर्ष किसानों ने 22665.345 हेक्टेयर में ही गन्ना बोया है यानि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 1412.245 हेक्टेयर की कमी आयी है। वहीं विगत वर्ष की तुलना में प्रति हेक्टेयर औसत गन्ने का उत्पादन 43 कुंतल कम हुआ है। यानि विगत वर्ष गन्ने का प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन 909 कुंतल था, जबकि इस वर्ष गन्ने का प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन 866 कुंतल है।

वहीं गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जनपद में गन्ने का उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में कम हुआ है। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है और बेमौसमी धान की जगह गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने के लिए गन्ने की प्रजाति 15023 और 12226 को लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा गन्ना समितियों के माध्यम से गोष्ठियों और चौपाल के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

> विगत वर्षों से गन्ने के रकबे में कमी आयी है। इसे बढ़ाने के लिए किसानों को बेमौसमी धान की जगह गन्ना लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों को गोष्ठियों और चौपाल के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।
> **-आशीष नेगी**, सहायक गन्ना आयुक्त, ऊधमसिंह नगर

10 से 15 नवंबर तक शुरू हो जाएंगी चीनी मिलें

रुद्रपुर : गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में नादेही, बाजपुर, किच्छा और सितारगंज चीनी मिल में 10 से 15 नवंबर तक चीनी मिलों को चालू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी चीनी मिलों को अपग्रेड किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

कच्ची शराब के अलग-अलग मामलों में दो लोग गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने कच्ची शराब के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से 42 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बीती देर शाम गश्त के दौरान पुलिस ने रामनगर रोड से रम्पुरा निवासी अजय सिंह को 22 .5 लीटर कच्ची शराब के साथ किया। जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान रम्पुरा निवासी कुलविन्दर सिंह को कुंडेश्वरी क्षेत्र से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। साथ ही आरोपी के कब्जे से शराब बनाने के उपकरण भी बरामद की। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

युकां नेता के भतीजों पर धमकाने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: निकाय चुनाव की सुगबुगाहट आते ही डराने-धमकाने का दौर शुरू हो गया है। जिसके चलते भूत बंगला के भाजपा कार्यकर्ता ने यूथ कांग्रेस नेता के भतीजों पर फर्जी आईडी बनाकर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भूत बंगला निवासी मोहसिन मियां ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता है और वार्ड से पार्षद पद की तैयारी कर रहा है। वार्ड में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए यूथ कांग्रेस नेता परवेज कुरैशी के भतीजे शोएब कुरैशी व शहजाद कुरैशी दो माह से डराने-धमकाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में 25 अक्टूबर की रात्रि साढ़े दस बजे सगे भाईयों ने फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर चुनाव लड़ने की दशा में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर जानमाल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट दर्ज

- फर्जी आईडी से दी भाजपा नेता को धमकी
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

पंचायत के लिए श्रमिकों ने मुख्य बाजार और ट्रांजिट कैंप में चलाया अभियान, कंपनी श्रमिकों का अनशन जारी

मजदूर-किसान पंचायत में निर्णायक फैसला आज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बोनस और न्यूनतम वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों का आंदोलन जारी है। चार महिला श्रमिक समेत छह श्रमिक क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। अब श्रमिकों ने सोमवार को आयोजित मजदूर-किसान पंचायत में निर्णायक फैसला लेने का निर्णय लिया है। पंचायत को सफल बनाने के लिए श्रमिकों ने मुख्य बाजार के साथ ही ट्रांजिट कैंप में जागरूकता अभियान चलाया।

डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों का गांधी पार्क में क्रमिक अनशन पिछले सात दिन से चल रहा है। अनशन के चलते महिला श्रमिक पिंकी गंगवार और कृष्णा देवी की हालत बिगड़ती जा रही है। श्रमिकों का आरोप है कि वे पिछले सात दिन से क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। बावजूद जिला प्रशासन उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। डॉल्फिन मजदूर संगठन की उपाध्यक्ष सुनीता ने कहा कि यदि किसी भी आमरण अनशन कारी के साथ में कोई अप्रिय घटना घटना घटित हुईं वे चुपचाप नहीं बैठेंगे। बल्कि सिडकुल के मजदूरों और आम जनता के साथ इसका बदला जरूर लेंगे। संगठन के महामंत्री वीरू सिंह ने कहा कि सोमवार को आयोजित पंचायत को सफल बनाने के लिए के प्रचार के लिए रुद्रपुर बाजार व ट्रांजिट कैंप बाजार में सघन जनजागरूकता अभियान चलाया गया है। अनशन स्थल पर आज आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सतपाल सिंह ठुकराल, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश पनेरु, दिनेश चंद्र, कैलाश भट्ट, सुब्रत कुमार विश्वास, किरण पांडे विश्वास, जसपाल सिंह, सुरेंद्र गाबा, धर्मेंद्र सिंह ने अपना समर्थन किया। वहीं आंदोलन स्थल पर कंपनी के कृष्णा देवी, पिंकी गंगवार, पुष्पा देवी, प्रेमवती, देव कुमार, रामावतार, सुनीता, प्रीति, सीमा, प्रभा रानी, लक्ष्मी पाल, ममता, रेशमा, नीरज, ललित कुमार, दिनेश समेत कई श्रमिक मौजूद रहे।

ट्रांजिट कैंप में पंचायत को लेकर लोगों के बीच प्रचार करते श्रमिक। ● अमृत विचार

सड़कों पर उतरे गुस्साए छात्र, जमकर किया हंगामा

पंतनगर विश्वविद्यालय में जूनियर-सीनियर छात्रों के बीच मारपीट का मामला, शनिवार रात से रविवार शाम तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में शनिवार शाम प्रौद्योगिकी के जूनियर-सीनियर छात्रों के बीच मारपीट में चार सीनियर छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इससे आक्रोशित सीनियर छात्र सड़कों पर उतर आए। छात्रों के सड़क पर उतरने से शनिवार शाम से रविवार शाम तक पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हलकान रहे। रविवार को मामले के अनुशासन समिति में जाने पर छात्र अपने छात्रावासों में लौट गए।

शनिवार शाम प्रौद्योगिकी के जूनियर छात्रों ने अपने बाहरी मित्रों के साथ मिलकर सीनियर छात्रों को बड़ी मार्केट में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और भूमिगत हो गए। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने डंडे व रॉड सहित चाकू से भी हमला किया, जिसमें उनका साथ कुछ स्थानीय व्यापारियों व सुरक्षा कर्मियों ने भी दिया। साथी छात्रों से जूनियर द्वारा मारपीट की भनक लगते ही सिल्वर जुबली और विश्वेसरैया भवन के लगभग ढाई सौ छात्रों ने सुरक्षा विभाग का घेराव कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों की काफी मान-मनौव्वल के बाद रात 10 बजे छात्र अपने छात्रावासों में लौट गए। लेकिन देर रात जूनियर छात्रों की ओर से आए फोन में कथित तौर पर धमकी देने से सीनियर छात्र भड़क उठे और उन्होंने छात्रावास में ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने छात्रों को वहीं रोके रखने के लिए छात्रावास के गेट बंद करवा दिए, जिससे छात्र भड़क उठे। रात एक बजे करीब 250 छात्र सड़कों पर उतर आए और वह मंदाकिनी भवन होते हुए बड़ी मार्केट पहुंच गए।

यहां काफी हो-हल्ला करने के बाद पुलिस-प्रशासन के समझाने पर सवा चार बजे वह अपने छात्रावासों में लौट गए। सुबह 11 बजे छात्रों का हुजूम फिर बड़ी मार्केट पहुंचा और पूरी मार्केट को बंद करवा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और निदेशक प्रशासन डॉ. विवेकानंद ने छात्रों को समझाकर प्रशासनिक भवन बुलाया। यहां पहुंचे छात्रों ने गेट पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद छात्रों को बताया कि मामला अनुशासन समिति को भेज दिया गया है, जल्द मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों को विवि के नियमानुसार दंडित किया जाएगा।

पंतनगर में रविवार को बड़ी मार्केट पहुंचे प्रौद्योगिकी के सीनियर छात्र। ● अमृत विचार

मारपीट के कथित आरोपियों को ले जाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

पत्रकार से की अभद्रता

पंतनगर : रात दो बजे कवरेज के लिए मंदाकिनी भवन के पास पहुंचे पत्रकार से भी छात्रों ने अभद्रता की और उसका मोबाइल छीन लिया। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने पत्रकार को छात्रों के चंगुल से छुड़ाया। जिसके करीब एक घंटे बाद छात्रों ने बड़ी मार्केट में पत्रकार का फोन लौटाया।

पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

पंतनगर : रविवार 11 बजे बड़ी मार्केट पहुंचे आक्रोशित छात्रों ने मार्केट बंद कराने के दौरान कथित रूप से उनके साथ मारपीट में शामिल एक व्यापारी सौरभ गुप्ता और वहीं काम करने वाले दो भाइयों तिलक व चंदन सिंह को पकड़ लिया। मौके की नजाकत भांपते हुए मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल उन्हें उन्हें अपनी हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

आरोपी छात्र ने लगाया रैगिंग का आरोप

पंतनगर : मारपीट के आरोपी मैकेनिकल के प्रथम वर्षीय छात्र पारस तिवारी ने सीनियर छात्रों पर उसके साथ रैगिंग के नाम पर बेल्ट से पीटने का आरोप लगाया है। बताया कि शनिवार की शाम फ्रेशर्स पार्टी के बाद वेटरिनरी कालेज के पास उसे सीनियर छात्रों ने रोककर उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे बेल्ट से पीटा।

> पंतनगर में प्रौद्योगिकी के जूनियर-सीनियर छात्रों के बीच मारपीट मामले में अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **-मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी

सामिया बिल्डर पर 42.62 लाख हड़पने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स पर एक बार फिर लाखों की ठगी का आरोप लगने लगा है। आरोप था कि कॉलोनी में दो प्लाट खरीदने के बाद भी बिल्डर ने रजिस्ट्री नहीं की और 17 वर्षों से जमा पूंजी भी वापस नहीं की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्रुप के प्रबंध निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वसंत विहार नई दिल्ली दंपति ने बताया कि वर्ष 2006 को सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स के प्रबंध निदेशक जमील अहमद खान ने संपर्क किया और एनआरआई लेक सिटी रुद्रपुर में बड़ा प्रोजेक्ट विकसित करने की बात कही। साथ ही आश्वासन दिया कि यदि कॉलोनी में निवेश किया तो बेहतर होगा। आरोप था कि 15 जुलाई 2006 को 200 गज के दो प्लॉट बुक करने के लिए प्रेरित किया जो कि उसकी पत्नी के नाम पर है। दोनों प्लांट के 5,76,000 का भुगतान भी कर दिया। जब कॉलोनी के विस्तार की गति धीमी देखी तो उसके बाद कोई निवेश नहीं किया, जबकि वह 70 फीसदी भुगतान कर चुके थे।

11 जुलाई 2015 को जब प्लाट का मानचित्र देखा तो वहां प्लाट अंकित नहीं था। आरोप था कि बिल्डर बार-बार मानचित्र बदलने का धोखा देता रहा। इसके बाद जनवरी 2024 में दंपत्ति ने कॉलोनी का दौरा किया और प्रोजेक्ट मैनेजर असीम से बातचीत की। प्रोजेक्ट मैनेजर ने आश्वासन दिया कि नक्शा गलत हो चुका है और कुछ ही दिनों में प्लाट को चिह्नित कर कब्जा दे दिया जाएगा। कई माह बीत जाने के बाद भी कोई कब्जा नहीं दिया तो 29 जुलाई 2024 को अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा और वर्ष 2007 में बैंक में 11,52, 000 रुपये की सावधि जमा राशि (17) वर्षों में 8 प्रतिशत त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज पर रखी होती तो वह राशि 42,62,42 रुपये होती। पीड़ित दंपति ने पुलिस को तहरीर देकर ब्याज सहित जमा धनराशि 42.62 लाख रुपये दिलवाने और बिल्डर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट दर्ज

- सामिया लेक सिटी में खरीदे थे दो प्लाट
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

पुलिस व सीपीयू का घेराव करते फड़-ठेला व्यवसायी। ● अमृत विचार

बाजार से फिर खदेड़े ठेला व्यवसायी, पुलिस का किया घेराव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: दीपावली पर ठेला-फड लगाकर अपनी जीविका चलाने वाले व्यवसायी को एक बार फिर पुलिस प्रशासन ने खदेड़ दिया। जिससे भड़के दुकानदारों ने पुलिस का घेराव कर दिया और धरना प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार पुलिस ने गांधी पार्क में ठेला-फड लगाने की इजाजत दी और हिदायत दी कि मुख्य बाजार में ठेला फड़ लगाने पर कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार की शाम ढलते ही बाजार पुलिस चौकी और सीपीयू ने पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार में लगे फड़-ठेला व्यवसायियों को हटाना शुरू कर दिया। जिसे देखकर सभी व्यावसायी एकत्रित हो गए। साथ ही पुलिस व सीपीयू का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि साल में एक बार त्यौहार के वक्त वह रोजगार कर अपनी जीविका चलाते हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा ठेला नहीं लगने देने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाएगी। कारण ज्यादातर लोगों ने कर्ज लेकर छोटा रोजगार शुरू किया है। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने सभी को गांधी पार्क में ठेला-फड़ लगाने की इजाजत देते हुए बताया कि सभी छोटे व्यवसायियों को स्थान चिन्हित कर दिया है। मुख्य बाजार में जाम से बचने के लिए व्यवस्था को दुरुस्त बनाया जा रहा है। इसके बावजूद अगर बाजार या फिर मुख्य मार्ग पर दुकानें लगाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विनीत शर्मा, सुरेश शर्मा, राकेश कोली, प्रशांत कोली, आकाश कोली, सनी राय, सुनील कुमार, शुभम सैनी, दीपक कोली, उमेश कोहली, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर बाजार में रविवार को धरना देते व्यावसायी। ● अमृत विचार

आज खुला रहेगा शहर का मुख्य बाजार

रुद्रपुर : व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि सोमवार को साप्ताहिक बंदी रहती है, लेकिन धनतेरस, दीपावली को देखते हुए सोमवार को रुद्रपुर का बाजार खुला रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे खरीददारी करने के लिए बाजार में आए। बाजार रोज की तरह खुला रहेगा।

कार्रवाई — शुक्रवार की देर रात्रि पुलिस टीम पर भी की फायरिंग, एसएसपी ने पर्दाफाश करते हुए दी विस्तृत जानकारी

वन विभाग की टीम पर गोलीबारी का पांचवा आरोपी भी दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 15 अक्टूबर को नानकमत्ता में वन विभाग की टीम पर गोलीबारी करने और 26 अक्टूबर को घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने का पांचवा आरोपी भी गिरफ्तार हो गया है, जबकि चौथे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात्रि हुई मुठभेड़ में दबोच लिया। पुलिस की गोली से बदमाश घायल भी हो गया था। फायरिंग प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी ने घटना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 15 अक्टूबर को नानकमत्ता के जंगल में दबिश के दौरान वन विभाग की टीम पर वन तस्करों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें एक वन आरक्षी घायल भी हो गया था। बदमाशों को सबक सिखाने के लिए एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में एसओजी, पुलभट्टा, झनकईया, बरा, प्रतापपुर चौकी प्रभारी लगातार बदमाशों की सरगर्मी से तलाश कर रहे थे। शुक्रवार की देर रात्रि साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि फरार चल रहे वन तस्कर भागने की फिराक में हैं और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। इसी दौरान हुई मुठभेड़ में ग्राम टुकड़ी नानकमत्ता निवासी जसपाल सिंह उर्फ टिंकू के पैर में गोली लग गई और घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पांचवें आरोपी फरीदाबाद हरियाणा निवासी चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी को पुलिस टीम ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रुद्रपुर लाया जा रहा है और न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

पत्रकारों को जानकारी देते एसएसपी।

तस्करी के दो आरोपियों की तलाश तेज

रुद्रपुर : नानकमत्ता जंगल में लकड़ी तस्करों के साथ वाहनों से पहुंचे बिजनौर के अभी दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। बताया कि 15 अक्टूबर को बिजनौर के रहने वाले दो आरोपी छोटा हाथी वाहन लेकर आए थे। ताकि तस्करी की लकड़ियों को लाद कर फरार हो सकें। पुलिस जांच में दोनों आरोपियों की भूमिका भी सामने आई है। इसमें बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और बिजनौर में दबिश देनी शुरू कर दी है।

पुलिस की कार्रवाई में दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं

रुद्रपुर : जिले के कप्तान मणिकांत मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में अपना इरादा साफ करते हुए कहा कि आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले हर अपराधी के साथ यह व्यवहार किया जाएगा। यदि किसी भी अपराधी ने पुलिस कार्रवाई में दखल देते हुए गोलीबारी जैसी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया तो पुलिस भी अपनी जवाबी कार्रवाई में कोताही नहीं बरतेगी। जिले में बदमाशों की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं होगी।

जसपाल ही है गिरोह का मुख्य सरगना

रुद्रपुर : एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि ग्राम टुकड़ी नानकमत्ता निवासी जसपाल सिंह उर्फ टिक्कू ही लकड़ी तस्कर गिरोह का सरगना है और वह आठ से दस सक्रिय सदस्यों मिलकर लकड़ी तस्करी का धंधा करता है। इस गिरोह में हर सदस्य को तस्करी की जिम्मेदारी जसपाल ही देता है। नानकमत्ता के वन रेंज में इस गिरोह की काफी सक्रियता देखी गई है। यही कारण है कि वन विभाग की टीम को देखते ही गिरोह ने गोलीबारी जैसी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया।

एसएसपी ने टीम का बढ़ाया हौसला

रुद्रपुर : वन विभाग की टीम के साथ ही पुलिस मुठभेड़ में गोलीबारी होने के बाद भी बदमाश को गिरफ्तार किए जाने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने टीम की पीठ थपथपाई और पत्रकार वार्ता के दौरान टीम को बुलाकर हौसला अफजाई की। इस दौरान उन्होंने एसओजी प्रभारी संजय पाठक, दरोगा देवेंद्र गौरव, दरोगा अनिल जोशी, रविंद्र बिष्ट, पंकज कुमार, दीपक जोशी, सुरेंद्र रिंगवाल, संजय कुमार, एएसआई प्रकाश चंद्र सहित पुलिस आरक्षियों से हाथ मिलाकर पीठ थपथपाई।

डिप्लोमा फार्मासिस्टों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

जिला अस्पताल में बैठक करते डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की एक आम बैठक जिला अस्पताल सभागार में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बीएन बेलवाल ने की। इस दौरान बाहरी जिलों से आए नये कार्मिकों का स्वागत कर कई मुद्दों पर चर्चा कर आगे की रणनीति भी बनाई गई।

बैठक में सभी कर्मियों ने एक स्वर में फार्मेसी संवर्ग के वेतनमान में एकरूपता लाने व एसीडी 5400 ग्रेड पे वेतनमान से वंचित हैं उसका निस्तारण तत्काल करने की मांग उठाई गयी। इसके अलावा फार्मेसी अधिकारी का मुद्दा भी उठाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने चारधाम मार्ग की व्यवस्था दुरुस्त करने, खाली पदों की प्रक्रिया प्रारंभ करने, प्रांतीय स्तर मुद्दों का निस्तारण पर भी विचार किये जाने की मांग की। इस अवसर पर एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह, सलाहकार डीके जोशी, संरक्षक आरएस रौतेला, जेपी आर्या, एपी आर्या, एचसी सती, जेके पंत, केएन गोस्वामी, आरडी कांडपाल, सुरेश वर्मा, हरिप्रसाद मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोपकारशून्यस्य धिक् मनुष्यस्य जीवितम् ।
जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति ॥

परोपकार रहित मानव के जीवन को धिक्कार है। वे पशु धन्य है, मरने के बाद जिनका चमडा भी उपयोग में आता है।

संपादकीय

डिजिटल अरेस्ट पर चिंता

भारत में तेजी से बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जाहिर करते हुए नागरिकों से जागरूक रहने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में कहा कि जो लोग भी इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए। गौरतलब है कि 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूजर्स के साथ, भारत ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत असाधारण डिजिटल विकास किया है। लेकिन इस प्रगति के साथ साइबर धोखाधड़ी की चुनौतियां भी आई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। 2017 में 3,466 मामले, 2018 में 3,353, 2019 में 6,229, 2020 में 10,395, 2021 में 14,007 और 2022 में 17,470 मामले दर्ज किए गए। गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर गत मार्च में लोगों को पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर फर्जी कॉल करने वाले ब्लैकमेलर्स के प्रति सतर्क किया था। मंत्रालय ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4 सी) की स्थापना साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की थी। गृह मंत्रालय ने 1,000 से अधिक स्काइप खातों को ब्लॉक कर दिया, जो सरकारी कर्मियों के रूप में प्रस्तुत होने वाले साइबर अपराधियों द्वारा नागरिकों को धमकाने, ब्लैकमेल करने, जबरन वसूली करने और 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े थे।

गृह मंत्रालय ने पहचान की है कि ये घोटाले सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्वारा संचालित होते हैं, जो उन्हें एक बड़े, संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध नेटवर्क का हिस्सा बनाता है। वास्तव में साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, लेकिन ये प्रयास अभी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिए सिस्टम में अंतराल एवं कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। ऐसे में पीएम मोदी ने देशवासियों को 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र देकर ठीक ही कहा है कि समाज में सबके प्रयासों से ही हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का 'नोबेल' शब्दजाल

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड–1 या अल्फाफोल्ड–2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है।

आमजन के लिए विज्ञान के एक विषय में लेखन के लिए शब्दावली और इसके फिजिकल कॉन्सेप्ट्स क्लियर किया जाने की जरूरत रहती है। इस साल विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए दिए गए नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होते ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर मीडिया में जो लेख अंग्रेजी भाषा के प्रिंट मीडिया में दिए गए उन्हें बनाने के लिए न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही सटीक शब्द ढूंढने की। विदेशी पॉपुलर साइंस मीडिया और साइंटिफिक जर्नल्स के टेक्स्ट से ये बने-बनाए मिल जाते हैं। भारत में वर्नाक्युलर लैंग्वेजेज के प्रिंट मास मीडिया में स्वच्छ और त्रुटिहीन साइंस कम्युनिकेशन की स्थिति को हासिल करने के लिए हमें अपनी भाषा में एक स्पष्ट और सटीक शब्द की तलाश करनी होती है। वेस्टर्न लैंग्वेजेज में एक शब्द की अवधारणा हिंदी भाषा में उसके निकटतम मेल वाले शब्द जैसी नहीं होती ।

भाषा प्रयोग को लेकर अंग्रेज़ी की वर्तनी और अलंकार योजना, वाक्य पद हिंदी से अलग हैं। उदाहरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय के अनेक में से एक टॉपिक को चुनकर पॉपुलर शैली में आमजन के लिए लेख बनाना तब चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जब हिंदी में वह शब्दावली नहीं मिलती जैसी अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होने अधिकांश साइंटिफिक रिसर्च रिपोर्टिंग करने वाले जर्नल्स में प्रकाशित लेखों में नज़र आती है। आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क शब्दों का हिंदी तर्जुमा कृत्रिम तंत्रिका जाल बिलकुल सही नहीं है। संदर्भ के बिना तंत्रिका शब्द ऑर्फ़न अर्थात अनाथ है।

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड-1 या अल्फाफोल्ड-2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है। फिजिक्स में नोबेल पुरस्कार के लिए उन वैज्ञानिकों को सर्वथा योग्य पाया गया जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के न्यूरल नेटवर्क में अतिरिक्त गुणों, जैसेकि बाहरी या मानवीय कमांड के बिना ही डाटा इंटरप्रिटेशन के लिए मशीन द्वारा खुद ही अपने लिए अक्लमंदी का प्रदर्शन करते हुए प्रोसेस्ड डाटा के नतीजों की प्रीडिक्शन करने का स्वभाव पैदा कर लेना। अर्थात, एक सयाने इंसान की तरह से बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करने का प्रदर्शन करने वाले सॉफ्टवेयर। नोबेल पुरस्कारों के लिए चुने गए शोध में एक का काम दूसरे से, दूसरे का तीसरे से और तीसरे का पहले से मूल काम की पृष्ठभूमि में मौजूद कथाओं की वजह से जुड़ गया। कुछेक के शोध ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अधिक इंटेलीजेंट बनाया जबकि दूसरों ने इसे कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में डायनामिक मॉडलिंग के जरिये से आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने के लिए इस्तेमाल कर दिखाया। अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर चलाने वाले कंप्यूटर के न्यूरल नेटवर्किंग का आर्किटेक्चर क्या है और इसमें भीतर बहुत से हिस्सों, ख़ासकर प्रोसेसर चिप्स कितनी लेयर्स में सिग्नल्स को प्रोसेस करती हैं, पॉपुलर साइंस कम्युनिकेशन और राइटिंग के नज़रिए से इस बताया जाना जरूरी है। अप्रैल 2024 में जूलियन जे. स्टिएर की द्वारा प्रकाशित 380 पेज की किताब स्ट्रक्चर ऑफ़ आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स-एम्पायरिकल इन्वेस्टीगेशन्स को पढ़ने से इस विधा के इतिहास को समझने में मदद मिलती है।

> जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए।

जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए। अहसास और अनुभव से इस तत्व की परीक्षा के लिए थोड़ी सी मात्रा में अतिरिक्त जागरूकता और दक्षता की भी जरूरत इसलिए है कि भाषा में बेसिक क्राइटेरिया को पूरा किए जाने के बाद भी अंग्रेज़ी की शब्दावली का इस्तेमाल अपरिहार्य है।

अबकी बार के नोबेल पुरस्कार लाइफ-सिस्टम्स, बायो-फिजिक्स, बायो-केमिस्ट्री और फिजिकल केमिस्ट्री में भविष्य और इंडस्ट्री के विकास पर असर डालने वाले हैं। मसलन, अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर से कुछ ख़ास प्रकार की काल्पनिक प्रोटीन संरचनाएं लाखों की संख्या में बना ली गई हैं लेकिन ये फंक्शनल हो पाएंगी या नहीं, इसके बारे में वेलिडेशन या सत्यापन हेतु एक्सपेरिमेंटल या क्लिनिकल डाटा हमारे पास नहीं है जिसके लिए बड़े पैमाने पर शोध कार्य के दरवाजे खुलने वाले हैं। पुरस्कारों में से केमिस्ट्री वाली प्रशस्ति के मूल में जो भाव है वह यह कि ऐसी संरचनाएं 'नियर एक्यूरेट' हैं अर्थात प्राकृतिक संरचनाओं जैसी ही हो सकती हैं। संरचना के बारे में ऐसी उक्ति पर सहज विश्वास नहीं होता क्योंकि साइंस हमेशा से प्रमाण आधारित रही है। इस सिलसिले में एवेन कैल्लावे नेचर जर्नल के 17 अक्टूबर 2024 के अंक में 'एआई हैज़ ड्रीम्ट अप ए ब्लिजार्ड ऑफ़ न्यू प्रोटीन्सः डू एनी ऑफ़ देम एक्चुयली वर्क' शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख के जरिये से हमारा ध्यान खींचती हैं। बताया है कि आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने की शुरुआत किसने की और, कैसे हुयी। सन 1994 में 'क्रिटिकल एसेसमेंट ऑफ़ स्ट्रक्चर प्रीडिक्शन' जैसे स्टार्ट-अप ग्रुप ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के अंतर्गत प्रोटीन स्ट्रक्चर्स बनाने के लिए एक प्रतियोगिता टाइप इवेंट का आयोजन किया। इसमें जीतने वाले कुछ समय बाद यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेरिलैंड (अमरीका) के कम्प्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट जॉन मौल्ट के इर्द-गिर्द संगठित हो गए। इस घटना के बाद से प्रोटीन लैंग्वेज मॉडल्स को विकसित करने पर खूब माथापच्ची होती रही। एकल प्रोटीन स्ट्रक्चर बनाना बड़ी चुनौती नहीं थी लेकिन एक लिविंग सिस्टम में मल्टीपल इंटर-एक्टिंग प्रोटीन्स की संरचना का विकास बेहद जटिल प्रक्रिया है। कुदरत जिस तरीके से प्राणियों में एक साथ ही बायोलॉजिकल प्रोटीन्स की रचना करती है और इन्हें स्विच ऑन और ऑफ कर सकती है अर्थात रेगुलेट करती है इसके अंतर्गत स्विचेज़ के इस जटिल मैकेनिज्म को 'क्रैक' करना बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। माइक्रो-रायबोन्यूक्लिक एसिड्स (माइक्रो-आरएनए) की उस रेगुलेटरी भूमिका को हालांकि निश्चित किया जा चुका है जिसमें माइक्रो-आरएनए में सब-यूनिट या उपखंड एक कोशिका के नाभिक में मौजूद डीएनए पर मौजूद चुनींदा बेस-पेयर्स की सीक्वेंस को एक प्रोटीन संरचना बनाने के लिए एक्टिवेट और डी-एक्टिवेट होने का संकेत करती है। प्रसंगवश जान सकते हैं कि वर्तमान में वैक्सीन बनाने के लिए माइक्रो-आरएनए सब-यूनिट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है। भारत में इसी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से पहली बार कोरोना वायरस के विरुद्ध प्रतिपिंड निर्माण के लिए वैक्सीन बनाई गई थी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के बाद इस क्षेत्र में पहली चुनौती सैल बायोलॉजी और मशीन लर्निंग के बीच एक टू-वे स्ट्रीट के निर्माण की है, ऐसा कैरोलाइन यूह्लेह ने नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होने से साढे-आठ महीना पहले ही 16 जनवरी 2024 के नेचर सैल बायोलॉजी जर्नल में कर दी थी।

प्रोटीन डिजाईन प्रयोगशालाओं में बीमारियों के तोड़ ढूंढने, नए बायो-केमिकल्स और दवा के नए मॉलिक्यूल्स बनाने के लिए केमिकल साइंटिस्ट्स एक अरसे से पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल करते रहे हैं। इस काम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पुष्टिकारक उपयोग का प्रकट होना अभी शेष है। यह ठीक वैसी ही स्थिति है जैसे कि प्रो.पीटर हिग्स द्वारा 'हिग्स-बोसॉन' कण खोजने पर इन्हें फिजिक्स विषय का नोबेल प्राइज देने के बाद उत्पन्न हुई थी। पुरस्कार दिए जाने के अगले दस साल तक स्विट्ज़रलैंड स्थित सीईआरएन प्रयोगशाला के लार्ज हैड्रोन कोलॉयडर में कण-भौतिकी में शोधरत अनेक भौतिकविद बार-बार हिग्स-बोसॉन कण को पैदा करके इसके द्रव्यमान को निर्धारित करते रहे थे। हिग्स-बोसॉन पार्टिकल की दशाब्दी के अवसर पर जब बहुत से लेख साइंटिफिक जर्नल्स में छपे थे तब यह रहस्य उजागर हुआ था। इन सतत पुष्टिकारक प्रयासों के बारे में विस्तृत व्याख्या जर्नल ऑफ़ हाई एनर्जी फिजिक्स के 25 जनवरी सन 2021 के अंक में, 68 पन्ने में एक बड़े लेख के रूप में हुई थी। विज्ञान की दुनिया में एक डिस्कवरी या इन्वेंशन का असली चेहरा फिक्शन या फंतासी से बिलकुल अलग होता है क्योंकि इसे संभव होने के लिए टेक्नोलॉजी को भी एवोल्व करने की जरूरत बनी रहती है।

प्रसंगवश

दो सृष्टियों की कथा

भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

सृष्टि की दो कथाएं हैं। सबसे पुरानी कृषि के आविष्कार की कथा है और बाद में विश्व ब्रह्मांड की सृष्टि की कथा का आविर्भाव हुआ। दोनों का उद्‌गम भारत है जहां इसके किंचित उलझे हुए रूप मिलते हैं और पश्चिम में पहुंचकर इनमें गड्डमड्ड हो जाता है। कृषि के आविष्कार के हजारों साल बाद में इसकी कथाएं गढ़ी गई। खाने को हम कह सकते हैं की कृषि से अनार तो पैदा हुआ ही ब्रह्मांड भी पैदा हुआ, ठीक उसी तरह जैसे पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि अस्तित्व में आई। इसके पीछे एक बड़ा बारीक तर्क है। यज्ञ उत्पादन है। वेद मित्रों के बिना यज्ञ हो नहीं सकता। इसलिए पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि संभव हो पाई। ऋषियों ने वेद मित्रों का साक्षात्कार नहीं किया, उन्होंने अपनी प्रतिभा और युक्ति से इनकी रचना की और इस मायने में वे अपने समय के कुशल रक्षों की समकक्षता में आने का प्रयत्न कर रहे थे इसका स्पष्ट उल्लेख ऋग्वेद में है। सामी पुराण में यह स्वीकार किया गया है कि वह स्वर्ग जिससे आदम को निकाला गया था वह पूर्व में कहीं था। इसके कई रूप और कई तरह की व्याख्याएं होती रही। पश्चिमी विद्वानों का एक प्रयास इसे मेसोपोटामिया में स्थित करने की रही है। परन्तु वहां नदियां मात्र दो हैं। लगभग चारों दिशाओं में प्रवाहित होने वाली नदियां अफगानिस्तान में है। इसमें काफिर जनों का निवास था जिन्होंने इस्लाम का बहुत दृढ़ता से मुकाबला किया था। ये इंद्र के उपासक थे और जहां इन्द्र का स्थान था उसे इंद्र कुन-इंद्रोद्यान-कहते थे। ऐसा लगता है यहूदी लोग इस रीति से परिचित थे और इसको ईदन गार्डन माना था। परंतु स्वर्ग से निकाले जाने के बाद आदम सरनदीप (श्रीलंका) में उतरे थे और इस तरह खेती का आरंभ भारत से हुआ था। पश्चिमी विद्वान जो उर्वर चंद्ररेखा को कृषि का प्रवर्तक सिद्ध करते रहे हैं इस बात का समाधान करना चाहिए कि पश्चिम एशिया की पुराण कथाओं में ईदन को 'कहीं पूर्व में' कल्पित क्यों किया जाता रहा और आदम के धरती पर उतरने का पर्वत शिखर भारत में क्यों माना जाता रहा। यह नहीं भूलना चाहिए की पुराण कथाएं ही अपने कल्पना विमान के होते हुए भी हमारा प्राचीनतम इतिहास हैं।

कौन तय करेगा अश्लीलता क्या है



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

कलात्मक कृतियों में अश्लीलता का ताजा तरीन मामला बंबई उच्च न्यायालय में आया। मामला गंभीर था क्योंकि अभियुक्त द्वय शीर्ष के शिल्पी हैं। फ्रांसिस डीसूजा और अकबर पदमसी। दोनों की नग्न शिल्प कृतियों को मुंबई के सीमाकर अधिकारियों ने जब्त कर लिया। मसला हाईकोर्ट में उठा। नैतिकता का मुद्दा था। न्यायमूर्ति द्वय महेश सोनक और जितेंद्र जैन ने सरकार को फटकार लगाकर पूछा 'इस मंजर में आप कोणार्क और खजुराहो की मूर्तियों को भी जब्त करेंगे?' कला की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अदालत ने कहा कि 'यह विवेकहीन कदम है।'

प्रश्न फिर उठता है कि कला की अभिव्यक्ति की सीमा क्या हैं? प्रतिबंध की मर्यादा कहां तक उचित है? प्रमुखता से विचारणीय बिंदु यह है कि अश्लीलता की परिभाषा करने से क्या सरकारी एजेंसी सक्षम हैं? वहीं जो फिल्म सेंसर बोर्ड के विषय में भी उठता है। मूलतः बेहूदापन की झलक दिखनी चाहिए। अर्थात अश्लीलता कोई भी कथन या कार्य है जो उस समय की प्रचलित नैतिकता को अपमानित करता है, और इस प्रकार अनैतिकता को प्रदर्शित करता है। यह शब्द लैटिन ऑब्सेनस, ऑब्सकेनस, 'बुरा संकेत, घृणित, अभद्र' से लिया गया है, जिसकी व्युत्पत्ति अनिश्चित है।

अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ। कृति क्या केवल कामुक थी? न्यायालय की राय देते हुए, मुख्य न्यायाधीश वॉरेन बर्गर ने लिखा : तथ्यों के आधार पर बुनियादी दिशा-निर्देश ये होने चाहिए : क्या औसत व्यक्ति, समकालीन सामुदायिक मानकों को लागू करते हुए, यह पाएगा कि कला का कार्य कामुक रुचि को आकर्षित करता है?, क्या कार्य स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक तरीके से यौन आचरण को दर्शाता या वर्णित करता है, और क्या कार्य में गंभीर साहित्यिक, कलात्मक, राजनीतिक या वैज्ञानिक मूल्य का अभाव है?

> अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ।

इस बहस के संदर्भ में एक पुराना चर्चित किस्सा भी हम याद कर लें। तब चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने हिंदू देवी का नग्न चित्र रचा था। एक कला प्रदर्शिनी (आरूषि आर्टस का ''हार्वेस्ट'') से मकबूल फिदा हुसैन का चर्चित अरबी घोड़े वाला चित्र दिखाया नहीं गया। इसे हटाने का कारण था कि आयोजकों को गुमनाम फोन आए थे कि हंगामा बरपाया जाएगा। क्यों हो ऐसा? ऐसी असहिष्णुता की जड़ में तथ्य यही है कि चित्रकार हुसैन के प्रशंसक और हमलावर लोग बस प्रवाह के मुताबिक बहते रहे। उनका कोई सम्यक आकलन करने की कोशिश नहीं की गई। राग द्वेश से परे रहकर।

हुसैन भी अपने स्वधर्मी सलमान रश्दी से एक हद तक साम्य रखते हैं। रश्दी को कुरान और पैगंबर का मखौल उड़ाने में नैसर्गिक लुत्फ मिलता है। किताब बेचने का सरल तरीका है। हुसैन को केवल हिंदू देवी देवताओं की नंगी तसवीर बनाने का फितूर है। इस तरह वे चर्चा में आते रहे और लाभान्वित भी रहे। एक इंटरव्यू में संपादक ने दिसम्बर 2006 ने हुसैन से पूछा कि 'आप पैगबर को भी उसी तरह चित्रित क्यों नहीं करते ?' वे खामोश रहे। तो क्या इस्लामी कट्टरपंथियों का खौफ था? मौन के मायने स्वीकृति होती है।

ऐसा ही एक वाकया था। तब जनता दल के सांसद प्रो. मधु दंडवते ने अपने साथी सैय्यद शहाबुद्दीन से पूछा कि 'पन्द्रह सौ साल पहले कहीं गई बाते आज भी कैसे तर्कसम्मत मानी जा सकती हैं ?' इस पर शहाबुद्दीन जो बाबरी समिति के नेता भी थे, ने कहा कि कुरान मे जो लिखा है वह अपरिवर्तनीय है। तो क्या हुसैन के भीतर का चित्रकार भी ऐसा ही है ? अब एक वैचारिक अन्तर होगा हिंदुओं की सोच में। जब सलमान रश्दी की विवादित पुस्तक 'सेटानिक वर्सेज' पर लखनऊ प्रेस क्लब में कांची कामकोटी के शंकराचार्य जगतगुरू जयेन्द्र सरस्वती से तक पत्रकार ने सवाल किया तो उनका जवाब सीधा था ''करोड़ो की लोक आस्था से खिलवाड़ करने का हक सलमान रश्दी को नहीं दिया जा सकता है।'' मगर कुछ तथाकथित प्रगतिशील हिंदुओं ने हुसैन द्वारा भारतमाता, देवी दुर्गा आदि को निर्वस्त्र चित्रित करने को कलात्मक बताया। भले ही बहुसंख्यकों की धार्मिक भावना आहत हो।

कूचीकर्मी मकबूल फिदा हुसैन और साहित्यकर्मी तस्लीमा नसरीन के मुद्दों में काफी साम्य है। तस्लीमा इस्लामी मतांधता की शिकार रहीं। त्रासदी यह है कि जो प्रगतिशील जन हुसैन की पैरोकारी चिंघाड़ कर करते थे, तस्लीमा के मसले परचुप लगा जाते हैं। ये दोनों असहिष्णुता तथा अतिवादिता के शिकार हुए।

सोशल फोरम

बंटोगे तो कटोगे का निहितार्थ

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सहज ही निकल गए इन शब्दों का प्रभाव और आम जन से सीधा कनेक्ट कुछ ऐसा रहा कि विज्ञजन भी इसकी तरह-तरह से व्याख्या करने लग गए। यद्यपि योगी ही जानते होंगे कि यह वाक्यांश बोलते वक्त उनके मन में वस्तुतः क्या रहा होगा, किंतु एक संकेत यह है कि उन्होंने इसका उल्लेख बांग्लादेश के विप्लव और हिन्दुओं की व्यथा कथा के संदर्भ में किया था। अब बात निकली तो दूर तक गई।

विमर्शों की बाढ़ आ गई। भाजपा के उत्साही राष्ट्रप्रेमियों ने दन से इसे पार्टी का नारा बना दिया और हरियाणा में इसका तात्कालिक परिणाम भी अपने पक्ष में हलोर लिया। मगर इस 'वेद वाक्य' का एक सीमित राजनैतिक अर्थ ही नहीं है। यह अपने में एक चिरकालिक सत्य समोये हुए है ।

यह एक साथ ही कई परिदृश्यों को सामने ला देता है। हम बंटे तो देश बंटा। कश्मीर घाटी से हिंदू कटे, केरल, पश्चिम बंगाल, असम और उत्तर प्रदेश के भी एक दो जिलों में हिंदुओं की शामत है। वहां तेजी से हिंदू अल्पसंख्यक बने हैं। और देश की डेमोग्रैफी तेजी से बदल रही है।

भाषा की तीन शक्तियां कही जाती हैं-अभिधा, लक्षणा और व्यंजना। अभिधा अर्थात सीधा अर्थ। लक्षणा मतलब कोई तुलना या उदाहरण के रुप में कोई बात कहना। व्यंजना तो भाषा की एक अद्भुत शक्ति है जिसमें कभी-कभी तो प्रगट भाव से बिल्कुल विपरीत अर्थ होता है। मगर अभी तो इस सद्य चर्चित वाक्यांश पर आते हैं। बंटोगे तो कटोगे की अनेक व्याख्याएं सार्वजनिक माध्यमों-टीवी, मुद्रण माध्यमों में ज्यादातर सुरक्षात्मक रुप से, पोलटिकली करेक्ट रहने के लिहाज से हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी नारे को थोड़ा क्रीमी लेयर के साथ जिसे अंग्रेजी में यूफेमिज्म कहते हैं के बतौर कहा- "बंटोगे तो विपक्षी महफिलें सजाएंगे"। अब इसे लक्षणा या व्यंजना कह सकते हैं। मगर इस वाक्यांश/नारे /जुमले का एक अभिधार्थ जो लोगों के बीच चर्चित है और जिसे सीधा सपाट कहने से किन्ही निजी मजबूरियों से विज्ञजन बच रहे हैं।

-फेसबुक वॉल से

जीवन राग

बजी ज्योति की रागिनी या तारों की बारात सजी



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

सघन गहन काली रात में जगमग जगमग होती दिशाएं, दूर-सुदूर दिखतीं झिलमिल झिलमिल रौशनी, लपक लपक कर प्रज्ज्वलित होती दीप शिखाएं, ठहरी हवा के पंखों पर तिरती मंगल ध्वनियां, शुभ-लाभ की आरती पर लहराती प्रार्थनाएं। आखिर किस पवित्र मन ने धरती और आकाश के बीच में विराट प्रकृति के पन्नों पर रचकर रख दी हैं अनमोल ऋचाएं। ये ऋचाएं सूरज की हैं, चांद की हैं, देवताओं की हैं, पवित्र मन के उत्सव की हैं। इनसे प्रसरित हो रही हैं सुगंध की अनंत धाराएं। इनमें घुली हुई हैं संजीवनी की रस-गंगा। मौन भी आलोक मुखर होकर शांति की अंतरिक्ष धारा में प्रवाहित होता हुआ प्रतीत नहीं प्रत्यक्ष हो रहा है। अद्भुत है प्रकृति की संस्कृति, उसका संगीत, उसकी खुशबू। मौन के प्रवाह में आलोक आलोड़ित अंतरिक्ष अनगिनत रंगों के आरोह-अवरोह से अलौकिक अनुगुंजन का आकर्षक वितान तानता हुआ आक्षितिज आप्यायित है। आलोक देवता का आह्वान है और आनंदित है अग-जग का विस्तार। चारों ओर उठता हुआ, लहराता हुआ ज्योति का पारावार।। निष्कंप दीप शिखाओं की ज्योति रागिनी की युगलबंदी में बजते दिशाओं के मौन सितारधरती पर उतर आया है आकाश।

आज धरा पर नाचता,चारों ओर उजास।/ तारागण के साथ ही, उतरा है आकाश।।

कार्तिक मास की अमावस्या अग्निस्नात होकर निखरती हुई नृत्य कर रही है। शीत की बारीक चादर उसमें अंतर्लीन हैं। एकरस, एकतान, एकलय सब कुछ है अगर है तो केवल प्रकाश ... प्रकाश ... प्रकाश ...। यह प्रकाश का पर्व ऐश्वर्य लक्ष्मी का आयोजन है, अग्नि प्रज्ञा की आराधना है, सनातन परंपरा का चित्रांकन है। इसमें अंतर्भुक्त हैं जागृत ऋषियों के शाश्वत महामंत्र-तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्‌गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय। अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का आह्वान हमारे जागृत महान पूर्वजों ने धरती आकाश के बीच बैठकर पूरी प्रकृति को अपनी अंतरात्मा में रचा बसा कर जब किया होगा तो चतुर्दिक बही होगी दैवीय अनंत शक्तियों की मंगल भावनाएं। धरती की उष्मित ऊर्जा वृक्ष-लताओं की हरियाली के साथ आक्षितिज प्रवाहित हुई होंगी लेकर अनंत कामनाएं। जलते हुए दीपों के रूप में ये अग्नि फूल हैं शुभ भावों की असीम प्रार्थनाएं। वे ऋषि थे, कवि थे। देखते थे ब्रह्मांड के हर गोपन को खोलकर। शब्द को देखते थे, नाद को देखते थे। रंग को चखते थे, गंध को सुनते थे। चांद सितारों के प्रकाश को अपनी आंखों में बसाकर पुतलियों को बंद कर लेते थे। उनके पोर पोर में प्रकाश प्रवाहित होता था, नसों में घुलता था, हृदय में धड़कता था, रोम रोम में स्पंदित होता था। ऐसे ही नहीं रचा होगा उन्होंने आलोक मंत्र। सायास नहीं गाया होगा कोई छंद।। ऋषि वाल्मीकि की संवेदना करुणा में प्रवाहित हुई तो अनायास ही आत्मा से अधरों तक छंद अनुष्टुप उतराता चला गया। क्रांतिचेता कवि की करुणा वाणी तमसा के तीर पर बधिक बहेलिए के तीर से तड़प रहे नर क्रौंच के निकलते प्राण और मर्म स्पर्शी स्वर को देख-सुनकर प्रस्फुटित हुई थी। राग के अंतरंग आनंदित पल में वियोग का मारक तीर मादा क्रौंच को जीते जी संपूर्ण मार गया था। वहां मृत्यु का क्रंदन नहीं आनंद का विखंडन हुआ था। ऋषिकवि ने जीवन को अपनी करुणा वाणी से संबल प्रदान किया था। कविता सत्य का दर्शन, जीवन का अभिनंदन और प्रकृति का चुंबन है। शब्द शब्द ज्योति प्रवाहित होती है तो कविता की सार्थकता शाश्वत हो जाती है। सत्य है आलोक, शाश्वत है कविता और काम्य है आनंद।

जलता है दीपक अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। वह जलता है तो जलती है दीप शिखा। दीपक निजता के लिए नहीं सार्वजनिकता के लिए जलता है। प्रायोजित नहीं होता है उसका प्रकाश। दीपक आमंत्रित करता है अपने प्रज्ज्वलित उल्लास में सबको सम्मिलित होकर उत्सव पर्व मनाने के लिए। जीवन की सार्थकता, व्यापकता और निरंतरता निःस्व होने में है, सर्वस्व होने में है। यही तो शिवत्व है। शिव जगत से प्यार करते हैं इसीलिए उसे बचाने के लिए विष को पीकर काल नियामक कालातीत हो गए। समय की सजगता आलोक की अभ्यर्थना है। आश्विन की शरद पूर्णिमा के ठीक पंद्रहवें दिन कार्तिक अमावस्या को दीपोत्सव का आयोजन हमारे प्रकृत संस्कार की आलोक संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने अपने पुरुषार्थ से आसमान के उज्जवल वैभव को धरती पर असंख्य दीपों के माध्यम से अवतरित कर दिया। "धन्य धरा पर गगन अवतरण अनुपम / याद चांदनी जिसकी छवि वह शबनम।"

धूप जैसे पुरुषार्थ की अमर स्मृतियां होती हैं चांदनी। सूरज जैसा जले थे हमारे साधक ऋषि कवि। आज उनकी कृतियां हमारी स्मृतियों में चांदनी बनकर उतरती हैं और हमें शांति तथा सुकून देती हैं। वेद की ऋचाएं जीवन कला, सत्य दर्शन और आनंद अनुभूति की मंगल प्रार्थनाएं हैं। पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक संदर्भों तथा लोक किंवदंतियों में दीपावली के जो भी महत्व हों सच तो यह है कि समस्त विश्व आलोक विहीन होकर जी नहीं सकता है, इस वैज्ञानिक तथ्य को हमारे ज्योति द्रष्टा, समय स्रष्टा ऋषियों ने आत्म दर्शन से समझ लिया था तभी तो उन्होंने गाया-आत्मवत सर्वभूतेषु। उनका आत्म साक्षात्कार सबके मन-प्राणों में बसने के लिए, उनके जीवन का दर्शन समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए, उनकी आत्मा का उत्कर्ष परमात्मा में अंतर्भुक्त हो जाने के लिए, उनके होने की अर्थवत्ता सब में सहभागिता के लिए - इसीलिए तो वे अक्षर-पुरुष अपने शब्द-शब्द में जीवित हैं, व्यापक हैं। ज्योति का आह्वान, ज्योति की ऋचाएं, ज्योति की प्रार्थनाएं करते, लिखते, गाते हुए हमारे आलोक पुरखों ने दीपावली के रूप में ज्योति का अवतरण किया-कराया। सर्वभुक अग्निदेव को मिट्टी के दीप के शीर्ष पर केंद्रित कर दिया। नन्हा-सा दीप लपक-लपक कर प्रज्ज्वलित होता हुआ अंतरिक्ष के गहन तमस को जलाता रहता है, मिटाता रहता है। वाणी और विचार की अकूत शक्ति होती है। एक अनल कण सर्व स्वाहा कर सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोकित कवि मनीषियों ने अपनी वाणी में अग्नि तेज को समाहित करते हुए शीतल होकर वर्तमान के कंठ से वाक्देवी की प्रार्थना में याचना और कामना के विह्वल स्वर में गाया - "मेरे मन के अंत तमस में ज्योतिर्मयी उतरो।" दीपावली प्रकृति की उपासना है, अग्निदेव की साधना है, अंधकार के विरुद्ध चुनौती पूर्ण युद्ध की खुली घोषणा है। लड़ना होगा हर अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। लड़े थे जैसे राम धरा-संवेदना सीता की मुक्ति के लिए। महाभारत के रणक्षेत्र में जैसे कृष्ण ने अग्निबीज बोते हुए आलोकित किया था गीता का उत्कर्ष-'नष्टोमोहा'। जैसे तपता दहता जलता है सूरज संसार को प्रकाशमान करने के लिए, खिलता खिलखिलाता जलता है चांद सौंदर्य को बनाए रखने के लिए, जलते हैं सितारे सूरज और चांद से जैसे उत्प्रेरित होकर वैसे ही दीपों की सामूहिकता 'दीपावली' की तरह जलना होगा हमें भी।

दिवाली पर टिकट की मार

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अपने शहर के बाहर काम और नौकरी करने वाले लोग दिवाली पर अपने घर पहुंचने को आतुर हैं। इस समय रेल और हवाई जहाज में टिकट की उपलब्धता न होने से परेशानी बढ़ रही है। हवाई टिकट खासे महंगे हो चुके, वहीं रेल के टिकटों में लंबी वेटिंग है। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए नई और स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाने की घोषणा की जा रही है। परंतु बुकिंग खुलते ही ट्रेन में रिजर्वेशन फुल हो रहे हैं। इसी कारण आरक्षण की मारा मारी हो रही है और लोग ट्रेन के तत्काल टिकट के इंतजार में है।

दरअसल आम भारतीय अंतिम दिनों में ही यात्रा की बुकिंग कराना पसंद करते हैं। भारत में 78 प्रतिशत घरेलू और 30 प्रतिशत विदेशी उड़ाने अंतिम समय पर ही बुक होती हैं। यात्रा व्यवसाय से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि भारतीयों का टिकट बुकिंग व्यवहार यूरोप और अमेरिका के उनके समकक्षों से अलग है। एक डाटा से पता चलता है कि लचीला कार्य शेड्यूल, बढ़ती डिस्पोजल आय और कुछ अन्य कारणों से भारतीय लोग अंतिम वक्त में ही बुकिंग का विकल्प चुनते हैं। अगर तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो दिल्ली और हैदराबाद के यात्री घरेलू उड़ान के टिकट अंतिम सप्ताह में ही बुक करते हैं। कोलकात्ता के यात्री तीन माह पूर्व ही अपना टिकट बुक करा लेते हैं जबकि यूरोप देशों के यात्री चार माह पहले से टिकट बुक कराना पसंद करते हैं। अब जरूरत है इस लेट लतीफी की मनोवृत्ति को बदलने की।

पोर्टल में खराबी से धान की तौल में व्यवधान

ई-खरीद पोर्टल में खराबी के कारण किसानों के नाम नहीं हो रहे शो, धान तुलवाने आ रहे किसान हो रहे परेशान

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार : ई-खरीद पोर्टल में खराबी आने से तहसील क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों पर धान की तौल में व्यवधान पैदा हो रहा है। इससे धान तुलवाने वाले किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जसपुर तहसील क्षेत्र किसान बाहुल्य क्षेत्र है। तहसील क्षेत्र में करीब 100 गांव हैं। किसानों की सहूलियत के अनुसार धान की टोल हेतु क्षेत्र में 18 धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिनमें से कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग के 3 धान क्रय केंद्र, जसपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति मुख्यालय जसपुर में एक 1 धान क्रय केंद्र, फीका पर किसान सेवा का सहकारी समिति मुख्यालय जसपुर में 1 धान क्रय केंद खोला गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में गांव पतरामपुर में 2 क्रय केंद्र तथा नादेही, धर्मपुर, जगतपुर पट्टी, हजीरो, तालवपुर, महुआ डाबरा, वीर पुरी, रायपुर, खाली पार पट्टी, अंगदपुर व किशनपुर में 1-1 धान क्रय केंद्र खोला गया है। जिनमें खाद्य विभाग के 3, सहकारी क्रय- विक्रय समिति जसपुर के 7, टीवीएस के 8 क्रय केंद्र शामिल हैं।

जसपुर स्थित धान खरीद केन्द्र में धान लेकर पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

पटवारी किसानों की कृषि भूमि की खतौनियों का सत्यापन नियमित रूप से नहीं कर पा रहे हैं।

प्रदेश मुख्यालय देहरादून से नियंत्रित होने वाले ई-खरीद पोर्टल पर बीच-बीच में किसानों के नाम नहीं शो हो रहे हैं तथा सरकार की आईडी हैक होने के कारण 2 अक्टूबर से तहसील कार्यालय से खतौनियां प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। जिस कारण किसानों को बाहर से खतौनियां प्राप्त करनी पड़ रही हैं। उक्त कारणों से क्रय केंद्रों पर धान तुलवाने आने वाले किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर धान में मानक से अधिक नमी होने के कारण किसानों को धान क्रय केंद्रों पर ही अपना धान सुखाना पड़ रहा है। क्योंकि धान की नमी का सरकारी मानक 17 प्रतिशत है। लेकिन किसानों द्वारा खेतों से काट कर ले जाने वाले धान में अधिक नमी आ रही है। इससे भी किसानों को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें धान सुखाने में काफी समय लग रहा है।

नहीं मिला धान का भुगतान

जसपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कहा कि धान खरीद शुरू हुए करीब 15 दिन बीत गए हैं। लेकिन किसानों द्वारा बेचे गए धान का 1 पैसा भी अभी तक उनके बैंक खातों में नहीं आया है। जिससे संबंधित किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे धान के भुगतान के संबंध में संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर रहे हैं।

धान खरीद हेतु 250 किसानों का पंजीकरण

जसपुर : वरिष्ठ विपणन अधिकारी हेमचंद्र जोशी ने बताया कि एसएमओ कार्यालय में अब तक करीब ब 250 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय से धान खरीद के संबंध में होने वाली कार्यवाही से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत खटोला की बैठक में कई प्रस्ताव पास

दिनेशपुर : ग्राम पंचायत खटोला में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की वार्षिक खुली बैठक में पिछली बैठक पर हुई कार्रवाही एवं वर्ष भर हुए विकास कार्यों की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत की मुख्य समस्या जल जीवन मिशन के कार्यो में हुई अनिमियता पर गंभीर चिंतन किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत खटोला की खुली बैठक प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। प्रधान राणा ने भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ- सफाई, कूड़ादान वितरित, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क व नाली निर्माण, सोख्ता पिट बनवाने, वृक्षारोपण कार्यक्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशा मुक्त अभियान कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ग्राम पंचायत की बैठक में सभी प्रस्तावित कार्यों को 2025-2026 की जीपीडीपी योजना के लिए बैठक में शामिल किया गया। ग्रामीणों ने आगामी पंचायत चुनाव में प्रधान पद के लिए वर्तमान प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा को अपना समर्थन दिया। बैठक का संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पार्वती चंद व ग्राम पंचायत अधिकारी सुधेंदु ने किया। बैठक में जिला सैनिक परिषद सदस्य पूर्व सूबेदार मेजर खडक सिंह कार्की आदि रहे।

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के मेधावी सम्मानित

छात्र मनमथ सरकार को सम्मानित करते बंगाली कल्याण समिति के लोग।

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : आंचलिक बंगाली कल्याण समिति ने 2023-24 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 350 मेधावी छात्र- छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कल्याण समिति के लोगों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। बैकुंठपुर में आयोजित सम्मान समारोह कल्याण समिति ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म के 80, रुद्रपुर के 32, गुरुग्राम के 12, राजनगर के 13, राजकीय बालिका इंटर कालेज शक्तिफार्म के 130, ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के 80, लीलावती पब्लिक स्कूल के 12 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति ने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कोचिंग संस्थान के जरिए छात्रों को शिक्षा देने वाले अध्यापकों को भी सम्मानित किया। समिति के आंचलिक अध्यक्ष रामचंद्र राय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह आयोजन मे सम्मान मिलने से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास की वृद्धि होगी तथा अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कल्याण समिति छात्र-छात्राओं के साथ-साथ गुरुजनों को भी सम्मानित करेगी। इस अवसर पर बंगाली कल्याण समिति के आंचलिक अध्यक्ष रामचंद्र राय, बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सरकार, अमल कृष्ण मंडल, पंकज राय, रविंद्र सिंह रहे।

खटीमा में अल्केमिस्ट स्कूल में आयोजित शिविर में आखों की जांच कराती महिला।

अल्केमिस्ट स्कूल में निशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर

खटीमा : अल्केमिस्ट पब्लिक स्कूल में निरंजन हेल्थ केयर खटीमा द्वारा निशुल्क नेत्र एवं दंत रोग का परिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर आंख व दांतो का परीक्षण कराया। स्कूल कैंपस में लगे शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिव शाक्य एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निशा बाटला ने टीम के साथ 141 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रशिक्षण में विभिन्न प्रशिक्षण के बाद 55 रोगियों को अस्पताल के लिए रेफर किया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में अलकेमिस्ट पब्लिक स्कूल के एमडी वीरेन्द्र रावत एवं चेयरपर्सन डॉ. दिव्या रावत ने स्वस्थ रहने के लिए आंख एवं दांतों का सही रहना जरूरी बताया। उन्होंने बच्चों से आंखों व दांतों का विशेष ख्याल रखने की सलाह दी। उन्होंने दांतों की नियमित सफाई करने की अपील की। वहां शिविर व्यवस्थापक अर्जुन टम्टा, प्रधानाचार्य चक्षु कोहली मौजूद रहे।

नेतृत्व क्षमता को बढ़ाता है छात्रसंघ चुनावः देवेश

सितारगंज : सिसौना राजकीय महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व सचिव देवेश कुमार ने चुनाव न होने पर कहा कि राजनीति की शुरुआत में छात्रसंघ चुनावों को बहुत बड़ी सीढ़ी माना जाता है। जिससे छात्र-छात्राओं में भविष्य के लिए कुशल नेतृत्व चयन करने की क्षमता बढ़ती है तो छात्र नेता में कुशल नेतृत्व करने की।

महाविद्यालय में जैसे ही कोई नया छात्र आता है उसकी भी उम्मीद होती है कि वह भी छात्र नेता बनकर छात्रों का नेतृत्व करे। एक छात्र नेता कॉलेज प्रशासन और नूतन छात्र-छात्राओं के बीच अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव हर हाल में होने चाहिए।

बाइक फिसलने से दो इलेक्ट्रीशियन घायल

बाजपुर सरकारी अस्पताल से घायल को रेफर करने के बाद अन्यत्र ले जाते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : सड़क क्रॉस कर रही महिला को बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क किनारे फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दो इलेक्ट्रीशियन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसमें एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं।

गंभीर घायल युवक को बाजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आई हैं। बता दें कि संजय नगर महतोष गदरपुर निवासी अनिकेत पुत्र अखिल अपने साथी शोभित सरना पुत्र आदिर सरकार के साथ गदरपुर के महतोष से बाइक पर सवार होकर काशीपुर की ओर इलेक्ट्रीशियन का कार्य करने के लिए जा रहे थे। इसी बीच ग्राम महेशपुरा के समीप सड़क क्रॉस कर रही महिला को बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिस कारण बाइक सड़क पर फिसल गई और बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। चिकित्सकों ने अनिकेत को प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

बाजपुर, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार सुबह 6 बजे वार्ड नंबर 3 आलापुर निवासी 25 वर्षीय अभिषेक पुत्र महिपाल ग्राम धनसारा के समीप से होकर गुजर रही रेल पटरी के नजदीक अपने पालतू कुत्ते को घूमा रहा था। इस दौरान काशीपुर से लालकुआं की ओर जा रही ट्रेन की पटरी के नजदीक कुत्ते को बचाने का प्रयास कर रहा था कि इस दौरान अभिषेक ट्रेन की चपेट में आ गया और घायल हो गया। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी माहौल बना रहा।

नोटरी नियुक्त होने पर अधिवक्ता दिनेश कुमार को किया सम्मानित

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : बार एसोसिएशन ने भारत सरकार द्वारा नोटरी नियुक्त करने पर अधिवक्ता को सम्मानित किया। भारत सरकार द्वारा जसपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश कुमार कौशिक को नोटरी नियुक्त किया गया है। इस पर बार एसोसिएशन ने जसपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर स्थित अपने कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

दिनेश कुमार कौशिक ने सम्मानित करने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौहान व संचालन सलीम अहमद ने किया। इस मौके पर सुंदरपाल सिंह, शिवपाल सिंह, अरविंद कुमार, आसिम जफर, राजीव कुमार, मनोज चौधरी, भावेश मित्तल, यशपाल गौतम, तेज प्रकाश विक्रम, अंकुर जैन आदि अधिवक्ता तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शाहिद अली आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता दिनेश कौशिक को सम्मानित करते बर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

वन विभाग ने अवैध लकड़ी सहित पिकअप पकड़ी

खटीमा, अमृत विचार : तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी वह उप प्रभागिय वनाधिकारी के निर्देशन में वनकर्मियों ने रात्रि गस्त के दौरान उत्तर प्रदेश बॉर्डर सोनपहर पुल के पास बॉर्डर पर पिकअप आते हुए रोका गया। जिसमें मिश्रित सोखता प्रकाष्ठ लदा हुआ पाया गया। जांच उपरांत पिकअप वाहन नंबर यूपी24 एच 5156 को बिना अनुमति के अवैध रूप से मिश्रित सोखता ले जाते हुए गया। जिसपर टीम ने पिकअप को कब्जे में लेकर खटीमा रेंज कार्यालय में खड़ा कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में धन सिंह अधिकारी, जयवीर, अनुज मिश्रा, नबी अहमद आदि थे।

दिवाली महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : मधुबन स्वायत्त सहकारिता समिति द्वारा विकासखंड बाजपुर के ग्राम पंचायत बरहनी मुख्य बाजार में ग्रामीण आजीविका मिशन व मधुबन स्वायत्त सहकारिता समिति के सहयोग से दो दिवसीय दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चीनी मिल बाजपुर प्रबंधक हरवीर सिंह व जिला अध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया।

मधुबन सीएफ के अध्यक्ष उमा जोशी ने बताया कि की महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिले भर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। मेले का मुख्य आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जिलेभर के सभी विकासखंडों से आए स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल हैं। स्टॉल लगाने मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री धामी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को सार्थक करना है। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि धामी सरकार निरंतर महिलाओं के उत्थानों का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण में अनेक कार्य धामी ने कर दिखाए हैं और जिससे आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम की आयोजन उमा जोशी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने मातृ शक्ति के उत्थान के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम को बढ़ावा दिया। चीनी मिल केजीएम हरवीर सिंह ने भी आयोजन मंडल का धन्यवाद किया और साथी ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए जिससे मातृशक्ति का उत्साह बढ़ता है।

इस मौके पर पंजाबी संगीतकार हैरी धनौवा के गीतों पर जनता ने जमकर लुत्फ उठाया। स्थानीय कलाकारों के साथ दिव्यांग कलाकार निर्मला मेहता, रेखा मेहता, गंगा देवी, लक्ष्मी आदि ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन अमन सब्बरवाल ने किया। मेले में समूहों के 40 स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, नरेंद्र चौधरी, गगनदीप कौर, उमेश सिम्वाल, सुनील ऊंचा कोटी, रिजवान अली, सुनील कुमार, रश्मि, सीमा, निशा, उर्मिला, सरोज, बालकवी काव्यश्री जैन रहे।

बाजपुर के बरहैनी में दीपावली महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथिगण।

सखी | पुलिस ने क्षेत्र में कच्ची शराब की आधा दर्जन भट्टियां तोड़ीं, 6 हजार लीटर लहन किया नष्ट

जसपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : पुलिस ने दीपावली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान अवैध शराब बनाने की आधा दर्जन भट्टियां तोड़ी गईं तथा 6 हजार लीटर लहन व अवैध शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा पुलिस चौकी पतरामपुर क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब की रोकथाम हेतु भोगपुर डाम नंबर एक तीरथ नगर तथा टांडा प्रभा पुर व अन्य सम्भावित क्षेत्रों नदी व जंगल में तलाशी अभियान चलाकर जंगल में अवैध शराब बनाने की आधा दर्जन भट्टियां तोड़ीं गईं तथा लगभग 6000 लीटर लहन नष्ट किया गया। इसके अलावा अवैध शराब बनाने के उपकरण व सामग्री भी नष्ट की गयी। कोतवाल ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह अभियान दीपावली के मद्देनजर चलाया जा रहा है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक केसी आर्य प्रभारी चौकी धर्मपुर, उप निरीक्षक गोविंद मेहता प्रभारी चौकी पतरामपुर, उप निरीक्षक सुशील कुमार प्रभारी चौकी बाजार, उप निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी चौकी नादेही, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल चमन सिंह, हेड कांस्टेबल देवेंद्र पांडे, कांस्टेबल जगदेव सिंह, प्रशांत कुमार, कपिल ओली, दीपक जलाल, सुभाष डुंगरियाल, अरुण कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, अशोक रहे।

जसपुर क्षेत्र के जंगल में अवैध शराब की भट्टियां नष्ट करती पुलिस। ● अमृत विचार

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

जसपुर : पुलिस ने गांव भोगपुर राम गुरुद्वारा नंबर एक निवासी सुरजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

पुलिस ने कच्ची शराब की चार भट्टियां तोड़ीं

बाजपुर : जनपदभर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को बरहैनी चौकी की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सेमल हरसान क्षेत्रांतर्गत जंगल में नाले के किनारे सुलग रहीं अवैध कच्ची शराब की 4 भट्टियां तोड़ीं तथा करीब दो हजार लीटर लहन मौके पर ही नष्ट किया गया, जबकि टीम के पहुंचने से पहले ही तस्कर फरार होने में सफल रहे। कोतवाल नरेश चौहान ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश सिंह मेहरा, हेड कांस्टेबल भूपाल चंद्र शामिल रहे।

रोचक मुकाबले में धामपुर की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : कबड्डी प्रतियोगिता में धामपुर की टीम विजेता व ढाड़ीपुरा- धर्मपुर की टीम उपविजेता रही। भीम आर्मी-आजाद समाजपार्टी द्वारा विकासखंड जसपुर के गांव ढाड़ी पुरा-धर्मपुर मैं कबड्डी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ आजाद समाजपार्टी के प्रदेश महक सिंह ने फीता काटकर किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में जसपुर, ढाड़ी पुरा -धर्मपुर, रायपुर, पतरामपुर व धामपुर, बिजनौर, उत्तर प्रदेश की टीमों ने भाग लिया। फाइनल में ढाड़ीपुरा -धर्मपुर की टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिनमें धामपुर की टीम विजेता व ढाड़ी-धर्मपुर की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आजाद समाजपार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एहतेशाम एडवोकेट, भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष साहिल शाह, जिला सचिव मोहम्मद इकबाल, आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विवेक कुमार, क्षेत्रीय नेता साबिर हुसैन, डॉ. शिवेंद्र कुमार, रविराज एडवोकेट, रजत कुमार, बहारे आलम आदि मौजूद रहे।

जसपुर के गांव में कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक।

ड्रोन की मदद से की शराब तस्करों पर कार्रवाई

आईटीआई थाना पुलिस ने ड्रोन से मॉनिटरिंग कर ग्राम मुकंदपुर में कच्ची शराब की तीन भट्टियों को पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आईटीआई थाना पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान के अंतर्गत बढ़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आईटीआई के विभिन्न क्षेत्रों में दौरान ड्रोन की मदद से मॉनिटरिंग की। इस दौरान टीम ने ग्राम मुकंदपुर में कच्ची शराब बनाने वाली तीन भट्टियों को पकड़ा। साथ ही तीनों भट्टियों व 15 हजार लीटर शराब बनाने वाले लहन को नष्ट करने की कार्रवाई की। वहीं पुलिस ने कच्ची शराब बना रहे आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आईटीआई के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुछ ग्राम मुकंदपुर में कच्ची शराब की भट्टियों से शराब बनाने का काम कर रहें हैं। बताया कि जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, लेकिन टीम को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि मौके से मिली शराब की तीन भट्टियों व 15 हजार लीटर शराब बनाने वाले लहन को नष्ट करने की कार्रवाई की है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

काशीपुर में ड्रोन से ली गई ग्राम मुकंदपुर में शराब की भट्टियों की तस्वीर।

सितारंगंज में चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

त्योहारी सीजन में बढ़ जाती हैं पुलिस की जिम्मेदारियां

सितारगंज : त्योहारी सीजन में पुलिस की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। नवरात्र से लेकर गंगास्नान तक लगने वाले मेलों व स्थानीय बाजारों में भीड़ का माहौल बना रहता है। ऐसे में पुलिस को झपटमार, जेबकतरों से लेकर चोरी की घटनाओं के प्रति अलर्ट रहना पड़ता है। साथ ही यातायात सुचारू रखना भी पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा, रात्रि गश्त के साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थ और मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करना, वीआईपी मूवमेंट भी पुलिस के दायित्व को बढ़ा देते हैं। नवरात्र के बाद दशहरा, करवाचौथ, अहोई अष्टमी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भईया दूज व गंगास्नान तक त्योहारी सीजन में बाजारों से लेकर मेलों तक में खूब रौनक रहती है। लोग जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में सबकी रक्षा, सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस पर रहती है।

थाने की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ ग्राम पहरी

हादसा

- थाने की छत पर साफ सफाई का कार्य कर रहे थे तीन ग्राम चौकीदार
- सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने हालात नाजुक होने पर जिला अस्पताल किया रेफर

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: थाने की छत पर साफ सफाई का कार्य कर रहा एक ग्राम पहरी छत से अचानक नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां चौकीदार की हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

रविवार को थाना परिसर में उस वक्त हड़कंप का माहौल हो गया जब एक ग्राम पहरी इलियास अहमद पुत्र अब्बास अली निवासी ग्राम पत्थर कुई थाने की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्राम प्रहरी अपने अन्य साथियों के साथ थाने की छत पर साफ सफाई का कार्य कर रहा था। घायल को साथी चौकीदार संजय बिष्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का उपचार चल रहा है। इलियास अहमद पिछले काफी समय से ग्राम पहरी के रूप में कार्य कर रहा था।

ग्राम प्रहरियों से कराई जाती है थाने की सफाई

गदरपुर : अपराध को रोकने और कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस विभाग ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रहरियो को नियुक्त किया था। लेकिन पिछले काफी समय से कुछ ग्राम चौकीदारों को लगातार थाने के साफ सफाई के कार्य में लगाया जाता है। यह दर्दनाक हादसा इस बात का जीता जागता उदाहरण है।

घायल ग्राम प्रहरी का परिवार है बेहद गरीब

गदरपुर : थाने की छत से गिरकर घायल हुए ग्राम चौकीदार गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है। ऐसे में उसके परिवार के आगे इलाज से लेकर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। अब देखना होगा कि जिनके कहने पर वह थाने की छत पर सफाई का कार्य कर रहा था क्या वह यह इलाज का खर्चा उठाने के लिए आगे आएंगे या मजबूर परिवार कर्ज लेकर उसका इलाज कराएगा।

जसपुर के गांव गढ़ी हुसैन में आयोजित कुश्ती में भाग लेते पहलवान। ● अमृत विचार

गढ़ी हुसैन में हुए वार्षिक दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

जसपुर : जसपुर क्षेत्र के गांव गढ़ी हुसैन में वार्षिक दंगल (कुश्ती प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जीत पहलवान द्वारा कराई गई। जिसमें हरियाणा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंजाब, काशीपुर, नेपाल, बिजनौर व जसपुर के पहलवानों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग की कुश्ती हरियाणा के पहलवान रविंदर व चंडीगढ़ के पहलवान जोगी के बीच हुई। कुश्ती काफी रोमांचक रही, जो बराबर में छोटी। कोई भी पहलवान पगड़ी नहीं ले पाया। जूनियर वर्ग की कुश्ती में काशीपुर स्टेडियम के पहलवान अवतार सिंह व हरियाणा के सोनू पहलवान के बीच हुई। जिसमें काशीपुर स्टेडियम के पहलवान सोनू ने बाजी मारी। कुश्ती प्रतियोगिता के रेफरी पहलवान प्रेम सिंह सहोता व हेमपुर आर्मी स्कूल के सेवानिवृत्त खेल अध्यापक त्रिलोचन सिंह फौजी रहे ।

जसपुर में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

जसपुर: जसपुर पुलिस टीम ने दीपावली त्यौहार के मद्देनजर नजर नकली मावा व अवैध शराब आदि पकड़ने के लिए रविवार को देर सायं कोतवाल जगदीश ढकरियाल के नेतृत्व में जसपुर के प्रमुख स्थान सुभाष चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों की चेकिंग की गई तथा दुकानदारों व वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई। कोतवाल ढकरियाल ने कहा कि त्यौहार के मौके पर किसी तरह की अराजकता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

एकजुट होकर पार्टी हित में काम करें भाजपाई: काला

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: उत्तराखंड भाजपा चुनाव संचालन समिति के प्रदेश सह संयोजक एवं उधमसिंह नगर जिले के प्रभारी पुष्कर काला के किच्छा पहुंचने पर भाजपाइयों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका जोरदार स्वागत किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के बाईपास स्थित कार्यालय पर जिला प्रभारी पुष्कर काला ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर निकाय चुनाव के दृष्टिगत भाजपा की नीतियों एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समय चुनाव का बिगुल बज सकता है, ऐसी स्थिति में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य कर चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जिला प्रभारी पुष्कर काला का स्वागत किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, लवी सहगल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अमित कश्यप, अभी रौतेला आदि मौजूद रहे।

किच्छा में जिला प्रभारी पुष्कर काला का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

द्रोण सागर में लगे पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

काशीपुर: बीते एक माह से द्रोणासागर के गोविषाण टीले पर लगाए पिंजरे में रविवार सुबह गुलदार कैद हो गया। जिसके बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। उधर गुलदार के पकड़े जाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

बता दें कि बीते लंबे से द्रोणासागर क्षेत्र में गुलदार की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा था। अनुमति मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने एक माह पूर्व गोविषाण टीले के अलग-अलग स्थानों पर चार पिंजरे लगाए थे। रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि रविवार को तड़के पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। जिसे रेस्क्यू कर लिया गया।

जन औषधि केन्द्र में जरूरी दवाएं नहीं

- अधिकांश दवाएं न मिलने से निराध होकर लौट रहे मरीज

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जिला अस्पताल में जिलाधिकारी की सख्ती के बाद जन औषधि केंद्र का ताला पुनः खुल तो गया परंतु अब यहां से मरीजों को निराश होकर जाना पड़ रहा है। केंद्र में पर्याप्त दवाइयां नहीं हैं, जिससे मरीज मायूस हैं। उन्होंने पर्याप्त दवाइयां रखने की मांग की है।

बता दें कि सबेरा कल्याण समिति द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र विगत दस माह से बंद था। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने इस पर सख्ती बरती जिसके बाद केंद्र का संचालन पुनः शुरू हुआ परंतु अब यहां पर दवाइयां का अभाव बना हुआ है। केंद्र खुलने की सूचना के बाद यहां पर प्रतिदिन कई मरीज पहुंच रहे हैं परंतु दवाइयां नहीं मिलने के कारण निराश लौट रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक डॉ. प्रताप सिंह, इंद्र सिंह, बाला दत्त ने बताया कि उन्हें ब्लड प्रेशर, प्रोस्टेड व शुगर की बीमारी है तथा वे इन दवाओं का उपयोग करते हैं। बताया कि वे केंद्र में दवाइयां लेने के लिए आए परंतु उन्हें एक भी दवाई नहीं मिली जिससे वे निराश होकर जा रहे हैं। इसके अलावा केंद्र में सेनेटरी पैड, प्रोटीन पाउडर व दर्द निवारक स्प्रे का भी अभाव बना हुआ है तथा लोग बाजार से इनको खरीदने को मजबूर हैं। लोगों ने केंद्र में पर्याप्त दवाइयां व अन्य सूचीबद्ध सामग्री रखने की मांग की है। साथ ही केंद्र की नियमित मॉनिटरिंग करने की मांग की है।

बिना हस्तांतरित हुए चल रहा केंद्र

बागेश्वर : जिला अस्पताल का केंद्र अब भी हस्तांतरित नहीं हुआ है। इसमें पूर्व केंद्र संचालक का ही कम्प्यूटर, फ्रिज व अन्य सामग्री रखी है। पूर्व केंद्र संचालक अशोक कुमार ने बताया कि उनके द्वारा कई बार प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में अवगत कराया परंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से केंद्र का नियमानुसार हस्तांतरण कराने की मांग की है। बताया कि केंद्र में कुछ सामग्री का भुगतान अब तक डीलर को नहीं हुआ है। उन्हें भी भुगतान नहीं किया गया है। जबकि उनके द्वारा पृथक से इस संबंध में प्रशासन को पत्र दिया गया है।

लमगड़ा क्षेत्र में 40 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विकासखंड लमगड़ा के 50 ग्राम पंचायत के लोगों को 40 घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। त्योहारी सीजन के समय लंबे समय तक बिजली गुल होने से लोगों में आक्रोश देखने को मिला। हालांकि रविवार दोपहर बाद आपूर्ति सुचारू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

दरअसल, पलना फीडर से निकलने वाली 11 हजार केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इससे फीडर से जुड़े 45 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना के बाद ऊर्जा निगम कर्मचारियों ने फाल्ट को ठीक करने का कार्य शुरू किया। लेकिन फाल्ट ढूडने में निगम कर्मचारियों को परेशानी झेलनी। करीब 40 घंटे बाद रविवार को लाइन में आए फाल्ट को ठीक कर आपूर्ति बहाल की गई। लेकिन लंबे समय तक बिजली गुल होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सुबह 9 से रात्रि 10 बजे तक बंद रहेगा भारी वाहनों का प्रवेश

खटीमा: नगर में आगामी त्यौहारों को देखते हुए वाहनों की आवाजाही आसान रहे जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से न जूझना पड़े एवं बाजार में आसानी से खरीददारी कर सकने के लिए यातायात एवं बाजार ठेली फड़ लगाने की व्यवस्था की गयी है। बाजार क्षेत्र में पार्किंग स्थल न होने के कारण यह व्यवस्था की गई है।

व्यवस्था के तहत टनकपुर रोड से आने वाले चौपहिया वाहन लोहिया हेड तिराहे से पूर्व अपने वाहन सड़क के दोनों ओर पार्क करेंगे। चौपहिया वाहन वी-2के पीछे पार्क करेंगे। मेलाघाट रोड से आने वाले चौपहिया वाहन रेलवे फाटक से पूर्व तथा स्टेशन रोड पर वाहन पार्क करेंगे। पीलीभीत रोड से आने वाले चौपहिया वाहन हनुमान मंदिर से पहले सड़क के दोनों तरफ तथा वन विभाग खाली पड़े फील्ड में पार्क करेंगे। सितारगंज रोड से आने वाले चौपहिया वाहन कंजाबाग के पास सहकारिता विभाग के मैदान में पार्क करेंगे।

त्यौहार में लगने वाले ठेली फड़ बाजार चौकी के पीछे पुरानी तहसील रोड पर लगेंगे। बाजार के अन्दर किसी प्रकार के वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

वर्ग पहेली-235

बाएं से दाएं

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता,परदादा।

ऊपर से नीचे

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं, पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहां मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



वर्ग पहेली -234 का हल

1 रू	म	■	2 गै	■	3 लो
■	■	■	र	■	न
4 अ	ति	दु	स	ह	■
■	■	■	र	■	■
5 प	रो	प	का	र	■
प्	■	■	री	■	6 चा
7 पी	ना	■	■	■	रा

सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7			9			
6				1		8	7	
	1		3	2				4
	4			3				9
9	8		7		6		4	2
5				9			3	
3				6	1		2	
	9	1		4				6
			8			5		

सुडोकू - 147 का हल

4	7	9	5	1	3	2	8	6
1	5	6	2	8	4	7	3	9
3	8	2	7	6	9	4	5	1
9	2	3	4	7	5	1	6	8
7	1	4	6	3	8	9	2	5
5	6	8	1	9	2	3	7	4
2	3	5	9	4	6	8	1	7
6	9	7	8	2	1	5	4	3
8	4	1	3	5	7	6	9	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 07 .50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 03 .24 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने की संभावना है। मित्रों के साथ सार्थक चर्चा का आनंद उठायेंगे। लवमेट्स के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृष — आज विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। व्यर्थ समय बर्बाद न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पारिवारिक जनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

मिथुन — आज नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। कमीशन संबंधित कार्यों से धन लाभ होगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आज आपका दिन बहुत ही अच्छा व्यतीत होगा। घर में नजदीकी रिश्तेदार आ सकते हैं।

कर्क — आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आलस्य और प्रमाद से बचें। रोजगार में बाधा आ सकती है। आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। अपरिचित लोगों पर अंधविश्वास करना उचित नहीं है। मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है।

सिंह — आज आपसे बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक स्तर पर आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। आपको अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी होगी। स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

कन्या — आज आप नया वाहन खरीद सकते हैं। पुरानी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से छुटकारा होगा। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। सहयोगी आपकी काफी मदद करेंगे। यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में अपेक्षानुकूल परिणाम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लंबी दूरी की यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

वृश्चिक — आज जीवनसाथी के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व मजबूत होगा। व्यापार में आपको जबरदस्त धन लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। पुराने विवादों को लेकर झगड़ा समाप्त होने की संभावना है।

धनु — आज करियर को लेकर आप कुछ विशेष योजना बना सकते हैं। फालतू खर्चों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सेहत के विकार जन्म ले सकते हैं। अनावश्यक विवादों से आपको बचना चाहिए।

मकर — आज अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे विकसित करने का प्रयास करें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होने की संभावना बन रही है। कारोबारी यात्रा हो सकती है। परिवार का माहौल तनावमुक्त रहने वाला है। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। भविष्य की योजनाओं के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

कुंभ — आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। वाणी में नम्रता बनाये रखें। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपकी बातों का लोग अनादर कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से बचना चाहिए।

मीन — आज व्यापारिक अनुबन्धों में सावधानी रखें। गले में इन्फेक्शन और जलन की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में धीमापन रहेगा। परिवार की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव रहेगा। अधिकारी वर्ग से आपको कठिनाई का अनुभव होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नाकाबंदी — सुबह : 10 .44
- माफिया राज — रात : 07 .09

&pictures
- कमांडो — सुबह : 08 .15
- ब्रूस ली — रात : 07 .30

SONY PIX
- द रेड टू — सुबह : 10 .42
- द डार्क टावर — शाम : 05 .07

ZEE CINEMA
- प्यार में ट्विस्ट — सुबह : 11 .30
- एतराज — शाम : 05 .10

ZEE ACTION
- देवी — सुबह : 10 .43
- स्पाइडर — रात : 07 .30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 05 .10 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़का- तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो..?

लड़की - अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाए..!

लड़की - तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते ह...

लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है कि पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

गप्पू ने अमरूद लिए तो उसमें से कीड़ा निकला

गप्पू अमरूद वाले से- इसमें तो कीड़ा है

अमरूद वाला- ये किस्मत की बात है, क्या पता अगली बार मोटरसाइकिल निकल जाए, गप्पू- 2 किलो और दे दो!

एक नजर

वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज होंगे

टनकपुर : राज्य स्तरीय आमंत्रण ओपन बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 के आयोजन के लिए चयन ट्रायल्स किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि राज्य स्तरीय आमंत्रण ओपन बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 के लिए 28 अक्टूबर को प्रात : 10 :30 से चयन ट्रायल्स का आयोजन गोरल चौड़ मैदान चम्पावत में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल्स के दौरान प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी को स्थाई निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति लाना भी अनिवार्य होगा।

राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

अल्मोड़ा : धौलछीना की रामलीला का राम राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया है। राम राज्याभिषेक के समय अवध में आई बहार मोरे सजना राम भी आए, लखन भी आए साथ में सीता और हनुमान... गीत से खुशियां मनाई गई। रामलीला के समापन मौके पर मुख्य अतिथि जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा मौजूद रहे। उन्होंने सभी से प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। कमेटी की ओर से पुरस्कार वितरण करने के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आदर्श कला केंद्र के कलाकारों ने कुमाऊनी-गढ़वाली लोक गीतों में एक से बढ़कर एक शानदार नृत्य और कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया।वहीं, तिलपात्र व हवन यज्ञ कर आहूति दी गई। यहां कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह जीना, दरवान सिंह रावत, प्रशांत रावत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नाबालिग से गैंगरेप, चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कांठ (मुरादाबाद) : थाना कांठ क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी को शनिवार की रात को प्रिंस पुत्र विनेश कुमार ने मोबाइल पर फोन किया। बात करने के बाद मुकुल पुत्र ओमकार सिंह निवासी मोहल्ला पट्टी वाला, हर्ष पुत्र पुष्पेंद्र निवासी महमूदपुर दोनों बाइक से घर आए और किशोरी को बहला फुसलाकर बाइक से विवेक पुत्र अशोक शर्मा निवासी चौक बाजार के घर ले गए। वहां प्रिंस भी पहले से मौजूद था। विवेक और प्रिंस ने शराब पी रखी थी। पहले प्रिंस ने और इसके बाद विवेक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने शोर मचाया तो विवेक की बहन ने दरवाजा खटखटाया। इस पर आरोपियों ने किशोरी को छिपा दिया।

जनप्रतिनिधियों ने ली डॉक्टरों की समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी

अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन के मुद्दे पर शासन में जल्द फैसला होने का भरोसा, आयुष्मान योजना के भुगतान में देरी का मामला भी सरकार में रखने का वादा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अमृत विचार की ओर से आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में चिकित्सकों के लिए काफी सार्थक रही। उन्होंने कॉन्क्लेव में उन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जिनमें वे लंबे समय से घिरे हुए हैं। जनप्रतिनिधियों ने उनके मुद्दों को गंभीरता से लिया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ विधायकों ने भी उन्हें भरोसा दिलाया कि वे उनकी समस्याओं को शासन में में उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अधिकांश चिकित्सकों की समस्या हर साल होने वाली अस्पताल के रिन्यवूल को लेकर थी। उनका कहना था कि एक बार पंजीकरण कराने के बाद रिन्यूवल कराते समय कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसमें काफी काफी समय बर्बाद होता है। मांग की कि एक साल के बजाय रिन्यूवल की सीमा पांच साल की जानी चाहिए। शहर के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. मोहित अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में तमाम रोगों के उपचार के लिए मशीनों पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) बहुत अधिक लिया जाता है। अच्छी क्वालिटी की मशीन में समझौता नहीं किया जा सकता। इस कारण ज्यादातर अस्पतालों में जरुरत होते हुए भी डॉक्टर सभी जरुरत की और मशीनें नहीं ले पाते।

अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन का वार्षिक नवीनीकरण डॉक्टरों के लिए एक बड़ी समस्या है। इस कॉन्क्लेव में यह समस्या जनप्रतिनिधियों के सामने रखकर इस अवधि को पांच साल करने की अपील की है। अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज करने के बाद सरकार की ओर से भुगतान में देरी पर भी निराशा व्यक्त की है। जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है कि यह समस्या सरकार के समक्ष रखनी होगी वर्ना आने वाले समय में डॉक्टरों के समक्ष भारी दिक्कतें खड़ी हो जाएंगी। **-डॉ. आरके सिंह**, आईएमए अध्यक्ष

सरकार की आयुष्मान योजना शानदार है। इससे गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है लेकिन दूसरा पहलू यह है कि भुगतान में देरी होने से अस्पताल चलाने वालों की कमर टूट रही है। कोई तीन तो कोई छह महीने से भुगतान के लिए परेशान है। करोड़ों का भुगतान नहीं किया गया है। कुछ राज्यों में चिकित्सकों ने आयुष्मान का भुगतान न मिलने की वजह से इलाज करना बंद कर दिया है। अगर यह समस्या हल न हुई तो कुछ समय बाद अस्पताल बड़े संकट से घिर जाएंगे। **- डॉ. रवीश अग्रवाल**, पूर्व उपाध्यक्ष यूपी आईएमए

ईएसआई अस्पताल के लिए जगह चिह्नित होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से कारखानों में करने वाले कर्मचारियों को काफी असुविधा होती है। ईएसआई में चुनिंदा अस्पताल जोड़े गए हैं जबकि शहर में कई मल्टी स्पेशलियटी हास्पिटल हैं। कर्मचारियों को कागजी प्रकिया पूरी करने में काफी दिक्कतें होती हैं। पैनल में ज्यादा से ज्यादा अस्पताल जोड़ने, ईएसआई अस्पताल का निर्माण शीघ्र शुरू कराने के साथ कर्मचारी हित से जुड़ी कई मांगें रखी हैं ताकि उन्हें एक प्लेटफार्म पर सभी सुविधाएं मिल सकें। **-राजेश गुप्ता**, उद्यमी

अमृत विचार हेल्थ केयर कॉन्क्लेव। बाएं से- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, विधायक संजीव अग्रवाल, एमपी आर्य, मेयर उमेश गौतम, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल।

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहर के डॉक्टरों को वहां भी समय देने की जरूरत है। एक समय था जब नवाबगंज क्षेत्र की सड़कें जर्जर हुआ करती थीं। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत होती थी। बरखन तक दो घंटे लगते थे। अब यह सफर 20 मिनट में हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी काफी हद तक बदल चुकी है। **- डॉ. एमपी आर्य, विधायक नवाबगंज**

शहर हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। बरेली में मेट्रो की सुविधा मिलने जा रही है। नाथ कॉरिडोर का काम चल रहा है। तीन सौ बेड अस्पताल को सुपर स्पेशलियटी अस्पताल बनाने के लिए वार्ता हुई थी। बहुत जल्द ही सौगात मिलेगी। मेडिकल के क्षेत्र में प्रदेश में बरेली का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर निजी क्षेत्र के तीन मेडिकल कॉलेज हैं। अच्छा इलाज होता है। मरीजों की दिल्ली और दूसरे राज्यों की भागदौड़ बच गई है। **- संजीव अग्रवाल, कैंट विधायक**

हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों के साथ शहर के तमाम उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। ● अमृत विचार

वनमंत्री ने डॉक्टरों को दिया भरोसा

- डॉ. अरुण कुमार ने यह भी बताया कि बरेली में एम्स जैसा अस्पताल खुलवाने के बारे में मुख्यमंत्री से बात हुई है, उनका रुख सकारात्मक है। पहले सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलवाने का आग्रह करने पर मुख्यमंत्री ने बरेली में पहले से तीन प्राइवेट मेडिकल कॉलेज होने की बात कही थी। इसलिए अब एम्स स्तर के अस्पताल पर बात चल रही है।
- सीबीगंज में निर्माणाधीन ईएसआई हॉस्पिटल भी जल्द चालू होगा। इसमें हार्ट में स्टेंट और बाईपास सर्जरी जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी और यहां ईएसआई में पंजीकृत लोगों के साथ आम लोग भी इलाज करा सकेंगे।
- ग्रामीण इलाकों में पीएमएस डॉक्टरों की कमी पर वन मंत्री ने कहा कि सरकार यूपी में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत है। मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाए जा रहे हैं।

ये डॉक्टर भी पहुंचे कॉन्क्लेव में

हेल्थ कॉन्क्लेव में आईएमए यूपी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सुदीप सरन, डा. अनूप आर्या, पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज बंसल आईएमए के इलेक्टेड प्रेसिडेंट डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने भी हिस्सा लिया।

इन्हें मिला सम्मान

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन देवमूर्ति, ऑब्स एंड गायनी सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, वरिष्ठ पशु रोग विशेषज्ञ डॉ. काजल गुप्ता, वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉ. प्रेम गंगवार, संजीव जैन, संदीप जैन, डॉ. बी. प्रसाद, डॉ. अर्चना अग्रवाल, अरविंद कुमार, को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पिता जी की तकलीफ देखकर लिया था मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प

बरेली, अमृत विचार: अंतिम समय में पिताजी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें बरेली में अच्छा इलाज नहीं मिल पाया। उन्हें हेलीकॉप्टर से लेकर दिल्ली जाना पड़ा। तमाम परेशानियों से जूझने के बाद मन ही मन में तभी मैंने संकल्प लिया था कि बरेली में ऐसे मेडिकल कॉलेज की नींव रखूंगा जो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हो।

अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने मेडिकल कॉलेज बनाने की यात्रा का अनुभव साझा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोचा था कि जो तकलीफ पिता जी ने झेली, वह बरेली के और लोग न झेलें।

यह भी सोचा था कि जब पैसा होगा तब ऐसा कुछ करेंगे। आखिर 4 जुलाई 2002 को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। शुरू में मेडिकल कॉलेज में मल्टीस्पेशियलिटी सुविधा थी, धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया गया।

उन्होंने बताया कि 4 जुलाई से हमारे कर्मचारी मशीन लेकर हर घर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने जा रहे हैं। 20 रुपये में ही जांचें की जा रहीं हैं, वैसे ये जांचें 60 रुपये में होती हैं। घर-घर लोगों के स्वास्थ्य की कुंडली तैयार करा रहे हैं, अब तक 26 सौ परिवारों की सूची बन चुकी है। मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है ताकि उन्हें पैसों के अभाव में भटकना न पड़े। जिस लेंस की कीमत 40 हजार है, वह गरीबों के लिए निःशुल्क लगा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में उन सुविधाओं को बढ़ाया है, जिनके लिए लोग अब तक दिल्ली दौड़ लगाते थे। अब तो दिल्ली तक के लोग इलाज कराने एसआरएमएस आ रहे हैं।

मुंबई के बुजुर्ग डॉक्टर की सलाह बनी बरेली में सफर की शुरुआत की वजह

बरेली, अमृत विचार: मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद मुंबई चला गया था जहां जसलोक हॉस्पिटल में प्रैक्टिस शुरू की। सीखने की ललक इस कदर थी कि कुछ ही समय में हर विभाग में जाकर सर्जरी के साथ कई नई-नई चीजें सीखीं। परिवार को लग रहा था कि वह मुंबई के ही हो गए हैं। अचानक एक घटना ऐसी हुई कि अगले ही दिन इस्तीफा दे दिया और बरेली लौट आया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने चिकित्सा क्षेत्र में बुलंदियों को छूने की दास्तां बयां करते हुए कहा कि कभी सोचा नहीं था कि उनकी यात्रा यहां तक पहुंचेगी। हुआ यूं था कि एक दिन अचानक एक सर्जन पर नजर पड़ी, जो करीब 80 साल की उम्र

में भी बिना चश्मे के वे सर्जरी कर रहे थे। जिज्ञासा होने पर उन्होंने उनसे पूछा कि उन्हें और क्या करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि अपने शहर लौट जाओ, वहीं रहकर काम करो, यहां तो खो जाओगे। इस वाकये के बाद अगले ही दिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

बरेली आकर सबसे पहले केशलता अस्पताल खोलकर कैंसर का इलाज शुरू किया। पहला ही दिन था, कैंसर का एक मरीज चारपाई आया, जिसकी स्थिति बहुत खराब थी। शरीर पर गांठें ही गांठें थीं। उसका इलाज किया, करीब महीने भर बाद वह पैदल चलकर आया। इसके बाद 20-22 साल तक इलाज कराता रहा। इसके बाद डेंटल कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज खोले। पहले पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार था, मगर शाहजहांपुर से ज्यादा मरीज आते थे तो लगा कि वहां लोगों को ज्यादा दिक्कत हो रही है।इसलिए शाहजहांपुर में मेडिकल कॉलेज खोला। इसके बाद चिकित्सा क्षेत्र में कदम बढ़ते गए।

धौलछीना में वन विभाग ने 246 टीन अवैध लीसा पकड़ा

बरामद लीसे को सील कर विभागीय अफसरों ने जांच शुरू की

▸▸ भारतीय वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वन विभाग ने धौलादेवी ब्लाक के सिंधिया मल्ला के पास से 246 टिन अवैध बरामद किया है। मौके पर बरामद लीसे को सील कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, तस्करी में लिप्त तस्कर भाग निकले। जिसकी धरपकड़ को विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। वन क्षेत्राधिकारी जागेश्वर केवलानंद पांडे ने दन्या क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान लीसा तस्करी कर रहे तस्करों को इसकी भनक लग गई। जिसके बाद लीसा तस्कर धौलादेवी चिल मोटर मार्ग में सिंधिया मल्ला के पास 246 लीसा भरे टिनों को वाहन से उतारकर भाग गये।

वन विभाग की टीम ने धौलछीना में अवैध लीसा बरामद किया। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि लीसा तस्करी में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है। यह वन उत्पाद अवैध है, जिन्हें जब्त कर लीसा डीपो धौलादेवी लाया गया है। मामले में भारतीय वन अधिनियम की धाराओं और लीसा नियमावली के तहत वन अपराध दर्ज किया जा रहा है। प्रकरण की जांच की जा रही है, जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

टीम में वन दरोगा लक्ष्मण सिंह बिष्ट, अमर सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह, अमन आदि शामिल रहे।

चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

रानीखेत : राजकीय इंटर कॉलेज शेर के चार छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अर्चना फर्त्याल एवं पूजा नेगी का चयन बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं गौरव बिष्ट का चयन गोला क्षेपण प्रतियोगिता में और दीक्षा नेगी का चयन 3000 मीटर दौड़ में हुआ है। यह सभी प्रतिभागी राज्य स्तर पर अल्मोड़ा जनपद की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके इस चयन पर विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक अभिभावक संघ तथा विद्यालय परिवार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रों की इस सफलता पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ताड़ीखेत हरेंद्र शाह, प्रधानाचार्य दीपक बिष्ट, ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक डॉ. शिवराज बिष्ट, रितु, ललित कुमार, कृष्ण कुमार उपाध्याय, वीरेंद्र कुमार, गीता आदि रहे।

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते डीएम। ● अमृत विचार

श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ डीएम ने विभाग की योजनाओं से जनता को जोड़ने को कहा

▸▸ ई-श्रम और पीएम श्रम योगी योजना को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

अमृत विचार : डीएम आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के तहत कार्य किए जाएं।

कहा कि विभाग की ओर से संचालित ई-श्रम एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को मिल सके। मौके पर सहायक श्रम आयुक्त आशा पुरोहित ने श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि अभी तक विभाग ने श्रमिकों को वर्तमान तक 34 हजार 430 टूल किट, 7 हजार 646 कंबल, 5 हजार 900 छाता, 3 हजार 998 सेनैट्री पैड वितरित कर दिए हैं।

बताया कि विभाग में आन लाइन पोर्टल में वर्तमान तक सक्रिय निर्माण श्रमिक 11 हजार 284, कुल निर्माण श्रमिक 19 हजार 913, महिला श्रमिक 10 हजार 259 एवं 9 हजार 654 पुरुष श्रमिक पंजीकृत हैं। यहां श्रम प्रवर्तन अधिकारी राबिया परवीन आदि मौजूद रहे।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर 8 नवंबर से

टनकपुर: सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं दिव्यांग जनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए बहुउद्देशीय शिविरों व पेंशन शिविरों का आयोजन 8 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 8 नवंबर को शिविर का आयोजन राउमा विद्यालय पुनौली पाटी में,13 नवंबर को राप्रावि पड़ासोशेरा बराकोट में ,16 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ, 20 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज खटौली , 27 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज मध्यगंगोल, 30 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज मड़लक,7 दिसंबर को राजकीय इंटर कॉलेज चौमेल, 13 दिसंबर को राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढांग ,21 दिसंबर को जीआईसी टॉण तथा 24 दिसंबर को राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ में किया जाएगा। शिविर मे चिकित्सा विभाग द्वारा दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

पुनरीक्षण कार्य को मानदेय मांगा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मोर्चा खोल दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि उचित मानदेय दिये जाने पर निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

ज्ञापन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बिना मानदेय के जबरन निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण का कार्य दिया जा रहा है। जबकि उनके पास स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य कई कार्य होते है। ऐसे में अन्य कार्यों

अल्मोड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ● अमृत विचार

का निर्वहन करना कार्यकत्रियों के लिए संभव नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी किए गये कार्यों का अब तक मानदेय नहीं दिया गया। जबकि अधिकांश कार्यकत्रियां गरीब परिवार से आती है। ऐसे में नौ हजार के मानदेय में विभागीय कार्य के साथ अन्य कार्य उन पर थोपा जा रहा है। निर्णय लिया गया कि विभागीय कार्य के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बिना मानदेय के अन्य कार्य नहीं करेगी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता तिवारी, जिलाध्यक्ष किरन आदि रहे।

पंत संस्थान के वैज्ञानिकों ने विश्वभर में जमाई धाक

अल्मोड़ा : जीबी पंत पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमल अल्मोड़ा के वैज्ञानिक उत्कृष्ट कार्यों के बल पर विश्व स्तर पर अपने धाक जमा रहे है। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आईडी भट्ट, डॉ. तरूण बेलवाल और पूर्व निदेशक स्व. डॉ. आरएस रावल स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय कैलीफोर्निया, अमेरिका द्वारा विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। जीबी पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल समेत संस्थान परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों एवं परिजनों को शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

स्व. डॉ आरएस रावल, डॉ. आईडी भट्ट, डॉ. तरूण बेलवाल।

छात्रों का आमरण अनशन शुरू

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : छात्र छात्र संघ चुनाव निरस्त होने को लेकर छात्रों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को संभावित उम्मीदवारों ने प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया।

वहीं छात्र संघ अध्यक्ष प्रभात रावत के नेतृत्व में नगर में पोस्टर लेकर छात्रों ने विरोध दर्ज किया। गांधी चौक पर उन्होंने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर सरकार के

रानीखेत में पुतला दहन करते छात्र। ● अमृत विचार

खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों का विरोध प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। यहां संभावित उम्मीदवार मनोज कोरंगा, मनीष बिष्ट, संध्या रावत, सौरभ अधिकारी, गुंजन बिष्ट सहित 15 छात्राओं ने कॉलेज प्रशासनिक द्वार पर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया है। वहीं छात्र संघ अध्यक्ष प्रभात रावत के नेतृत्व में गांधी चौक पर सचिन प्रदीप कुमार आदि रहे।

एक नजर

इंजीनियर रशीद की जमानत पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत आतंकवाद के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने के मामले में जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को आदेश सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायाधीश ने इससे पहले उनकी नियमित जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया था। न्यायाधीश ने रशीद के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

दिल्ली में दो बाइक सवारों ने घर पर की गोलीबारी

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली में मोटर साइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक घर पर गोलीबारी की। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार सुबह 8.40 बजे रानी बाग इलाके में हुई इस घटना के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोन कॉल की घटना की पुष्टि की गई और शिकायतकर्ता से विवरण लिया गया। पाया गया कि दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आए और उनमें से एक ने कई राउंड गोलियां चलाई और फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने एक पर्ची भी फेंकी जिस पर बंबीहा गिरोह लिखा था।

थाना में युवक के आत्महत्या में थानाध्यक्ष निलंबित

बक्सर। बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाने में हिरासत में बंद शराबी धनहा गांव निवासी युवक राजेश कुमार खरवार ने शनिवार की शाम थाना के हाजत में अपने बेल्ट से फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने हालांकि, इस बात को छिपाने की कोशिश की।

सवाई माधोपुर में मालगाड़ी पटरी से उतरी

भरतपुर। राजस्थान में सवाई माधोपुर में दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर शनिवार देर रात दिल्ली से मुंबई जा रही मालगाड़ी पटरी से उतर गई। सूचना पर स्थानीय अधिकारी, जिला प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे के अनुसार मालगाड़ी सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची उसी समय गंगापुसिटी की तरफ बी केबिन के पास मैन लाइन से लूप लाइन पर लेते वक्त मालगाड़ी के इंजन की ओर से तीसरे नम्बर का डिब्बा पटरी से उतर गया।

डिजिटल अरेस्ट पर रूको, सोचो और एक्शन लो : मोदी

प्रधानमंत्री बोले- देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर, एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए रविवार को देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया। इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट से जुड़े फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न पैसों की मांग करती है। प्रधानमंत्री ने इससे बचने के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार व पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है।

प्रधानमंत्री ने छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं। उन्होंने स्पाइडर मैन और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर कहा कि यह देश की सामूहिक चेतना का हिस्सा है हमारी प्रेरणा व जुनून बन गया है।

मन की बात

- एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर, गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा

भारतीय संस्कृति विश्व को कर रही आकर्षित

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को आकर्षित कर रही है जिसकी वजह से दुनिया भर के लोग भारत को जानना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि सुलेख के जरिए हमारी लिखावट साफ, सुंदर और आकर्षक बनी रहती है। आज जम्मू-कश्मीर में इसका उपयोग स्थानीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। अनंतनाग की फ़िरदौसा बशीर को कैलीग्राफ़ी (सुलेख) में महारत हासिल है, इसके जरिए वह संस्कृति के कई पहलुओं को सामने ला रही हैं। ऐसा ही प्रयास उधमपुर के गोरीनाथ कर रहे हैं। एक सदी पुरानी सारंगी के जरिए वह डोगरा संस्कृति और विरासत को सहेजने में जुटे हैं। डी. वैकुन्ठम चेरियाल फोक आर्ट को लोकप्रिय बनाने में जुटे हैं। तेलंगाना से जुड़ी इस कला को आगे बढ़ाने का उनका यह प्रयास अद्भुत है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर के बुटलूराम माथरा अबूझमाड़िया जनजाति की लोक कला को संरक्षित करने में जुटे हुए हैं।

आजादी के महापुरुष रास्ता दिखाते हैं

प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के वर्ष को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते हैं, बल्कि भविष्य का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उनपर प्रभाव पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आईं और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की 150वीं जयंती को मनाने का निश्चय किया है।

महायुति ने अपने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईएसी में नियुक्त एजीईएल के सलाहकार ने जलविद्युत परियोजनाओं को मंजूरी दी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने सत्ता में रहते हुए राज्य के लोगों की भलाई की बजाय अपने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि नवंबर 2023 में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के प्रमुख सलाहकार को केंद्र की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) में नियुक्त किया गया, जो एजीईएल जैसी कंपनियों द्वारा बनाई गई जलविद्युत परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देती है।

उन्होंने कहा कि इसके तुरंत बाद, दिसंबर 2023 में कोल्हापुर के 100 से अधिक गांवों के निवासी एजीईएल की 7,000 करोड़ की पटगांव पंप स्टोरेज परियोजना के खिलाफ आंदोलनरत होने लगे थे। रमेश ने एक्स पर कहा कि चूंकि कोल्हापुर कम वर्षा और पानी की सीमित उपलब्धता से जूझ रहा है तथा परियोजना को अनुमति देने से पहले कोई बैठक नहीं हुई थी, इसलिए लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इससे पानी की स्थिति और खराब होगी। उन्होंने कहा कि चिंता की बात ये है कि यह अदाणी की उन तीन परियोजनाओं में से एक है, जिन्हें पश्चिमी घाटों के पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में मंजूरी मिली है।

न्यायालय ने दोषी को सजा में छूट देने पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

मधुमिता हत्याकांड

- रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने 2003 में कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के एक दोषी की समयपूर्व रिहाई के अनुरोध वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी समयपूर्व रिहाई का आदेश देने के लिए एक सक्षम प्राधिकारी को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बिलकिस बानो मामले में आठ जनवरी और 13 मई, 2022 को पारित शीर्ष अदालत के पहले के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि इस मामले में सक्षम प्राधिकारी उत्तराखंड सरकार होगी। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी को कहा था कि जिस राज्य में मामले की सुनवाई हुई है, वह राज्य की नीति के अनुसार दोषियों की समयपूर्व रिहाई से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी के बेटे ने की आत्महत्या

भोपाल /रायपुर। छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत व पूर्व डीजीपी मोहन शुक्ला के बेटे तुषार ने भोपाल में गला काटकर आत्महत्या कर ली। भोपाल के कमला नगर स्थित आवास में तुषार (54) ने आत्महत्या की तो परिजन घर पर ही थे। तुषार छत पर बैठे था। उन्होंने सबसे पहले ब्लेड से हाथ की नस काटी। इसके बाद गला काट लिया। तुषार को अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहन शुक्ला छत्तीसगढ़ के पहले डीजीपी थे और तुषार जेएसपीएल में लायजनिंग अधिकारी रायपुर था।

मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मसौदे पर टिप्पणियां मांगी

संस्थागत मध्यस्थता को और अधिक बढ़ावा देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं।

विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और समय पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टीके. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है।

विधेयक में आपातकालीन मध्यस्थता की अवधारणा है। मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले आपातकालीन मध्यस्थ की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती है।

200 से अधिक न्यायिक अधिकारियों का तबादला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करने वाली जज भी हैं। दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करने के अलावा, हाईकोर्ट ने दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अलग अधिसूचना भी जारी की।

पूर्व कांग्रेस सांसद को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1984 दंगे के एक मामले और हत्या में आरोपी है सज्जन कुमार

दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या और दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को दिए आदेश में जांच एजेंसी को निचली अदालत के 20 सितंबर 2023 के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति दी और मामले पर अगली सुनवाई दिसंबर में करने का फैसला किया। अपील की अनुमति किसी अदालत द्वारा किसी पक्षकार को उच्च अदालत में फैसले को चुनौती देने की औपचारिक अनुमति देना होता है। अदालत ने कहा कि अदालत की राय में सीबीआई को अपील की अनुमति स्वीकार की जाती है। अदालत ने आदेश के खिलाफ पीड़िता शीला कौर की अपील भी स्वीकार कर ली।

शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे राजद में शामिल

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। हिना ने हाल ही में बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का संस्थापक सदस्य बताया। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिजनों से भाजपा के खिलाफ हमारी लड़ाई में मदद मिलेगी।

अहमदाबाद की फैक्टरी में जहरीले धुएं से दो लोगों की मौत, सात भर्ती

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को कपड़ा फैक्टरी में विषैले धुएं में सांस लेने के बाद दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। डीसीपी रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब नौ श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया। पुलिस को पूर्वाह्न 10:30 बजे सूचना मिली कि नारोल की फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव से नौ लोग प्रभावित हैं और उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की मौत हो गई। सात श्रमिक अस्पताल में भर्ती है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

- तेजाब टैंक में डालते समय श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया, चार श्रमिकों की हालत चिंताजनक

105 किलो हेरोइन व 6 हथियारों समेत दो गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने तुर्की-आधारित ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो सहयोगियों को 105 किलो हेरोइन और पांच विदेशी एवं एक देशी पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपियों में नवजोत सिंह निवासी बाबा बकाला, अमृतसर और लवप्रीत निवासी काला संघिया, कपूरथला है। यादव ने बताया कि हेरोइन के अलावा, 31.93 किलो कैफीन एनहाइड्रस व 17 किलो डेक्स्ट्रोमेथॉर्फ़न सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिली हैं।

असम में चतुर्थ श्रेणी की परीक्षा आयोजित, इंटरनेट सेवाएं बंद

गुवाहाटी। असम सरकार में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और इस दौरान राज्य में करीब सात घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। राज्य भर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका है जब मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। शुक्रवार को जारी किए गए एक आदेश में कहा गया कि ''स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी लिखित परीक्षा आयोजित कराने तथा सार्वजनिक सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए'' मोबाइल इंटरनेट, वाई-फाई और मोबाइल डेटा सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 688.3 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 688.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 598.2 अरब डॉलर पर आ गई।

ओएनजीसी प्रमुख एचपीसीएल के चेयरमैन भी हो : समिति

नई दिल्ली। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक को उसकी अनुषंगी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) का भी चेयरमैन होना चाहिए। दोनों कंपनियों के बीच समन्वय बनाने पर काम करने वाली समिति ने कहा कि ऐसा करना कॉरपोरेट समूह का केवल एक चेयरमैन होने के आम चलन के अनुरूप है। ओएनजीसी ने जनवरी, 2018 में सरकार से एचपीसीएल में उसकी पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी 36,915 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5500
मसूरी- 5200 बासमती- 9200
परमल- 3800 दाल दलहन : काला चना- 8700 साबुत चना दाल- 9200
मूंग साबुत- 10400 राजमा- 11400-15200 दाल उड़द- 10500
साबुत मसूर दाल- 7200 मसूर दाल- 8700 उड़द साबुत- 11200 काबुली चना- 12400-14500 अरहर दाल- 12400-14000 लोबिया/करमानी- 8200 सोयाबीन- 5200
मूंगफली- 11300 मटर (सूखी)- 5700 मक्का- 3800

अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगा भारत : सीतारमण

केंद्रीय मंत्री ने जी7 व जी20 से अफ्रीका को समर्थन देने का किया आग्रह

- बुनियादी ढांचे के विकास व स्वास्थ्य क्षेत्र में हर तरह से करेगा मदद

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 व जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा।

सीतारमण ने रविवार को विश्व बैंक और अतंर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत-अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है। वित्त मंत्री ने बहुपक्षीय विकास बैंकों की बढ़ी हुई ऋण देने की क्षमता से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन पर जोर दिया।

सीतारमण ने की गीता गोपीनाथ से भेंट

वाशिंगटन। सीतारमण ने आईएमएफ की प्रथम उपप्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से मुलाकात की जहां गोपीनाथ ने 16वीं सामान्य समीक्षा के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया। सीतारमण ने आयोजन की सफलता पर गोपीनाथ को बधाई दी और निरंतर सहयोग के प्रति आशा व्यक्त की। उन्होंने नौकरियों और कौशल पर केंद्रित हाल की केंद्रीय बजट घोषणाओं पर भी प्रकाश डाला।

शेयर बाजार-फाइनेंशियल सर्विसेज : अवसर-जोखिम

फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार के बीच का संबंध वित्तीय दुनिया का एक महत्वपूर्ण पहलू है। फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पूंजी जुटाने, निवेश के अवसर प्रदान करने और बाजार अनुसंधान के माध्यम से निवेशकों को समर्थन करती हैं। वहीं, शेयर बाजार निवेशकों को उच्च रिटर्न और विविधता के अवसर देता है। हालांकि, इसमें जोखिम भी शामिल हैं, जैसे बाजार की अस्थिरता और क्रेडिट जोखिम। इस लेख में हम इस संबंध की गहराई, इसके लाभ, जोखिम, और जानकारी कैसे प्राप्त करें। फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार का संबंध गहरा और जटिल है। आइए, इसे विस्तार से समझते हैं।

दोनों में संबंध- पूंजी जुटाना

- **आईपीओ :** जब फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां शेयर बाजार में शेयर जारी करती हैं, तो वे सार्वजनिक निवेशकों से धन जुटाती हैं। यह कंपनियों को विस्तार और विकास के लिए पूंजी प्रदान करता है।
- **बॉण्ड इश्यू :** कंपनियां पूंजी जरूरतों के लिए बॉण्ड भी जारी करती हैं, जिससे उन्हें लंबी अवधि में ऋण मिलता है।

निवेशकों को लाभ

- **लंबी अवधि में वृद्धि :** शेयर बाजार में यदि सही तरीके से किया जाए तो लंबी अवधि में उच्च रिटर्न की संभावना होती है।
- **विभिन्न उत्पाद :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के निवेश उत्पादों की पेशकश करती हैं, जैसे शेयर, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड्स आदि। इससे निवेशक अपने पोर्टफोलियो को विविधित ला सकते हैं।
- **निवेश सलाहकार :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पेशेवर वित्तीय सलाहकारों की ओर से मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जो निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।

जोखिम

- **अस्थिरता :** शेयर बाजार में मूल्य में उतार-चढ़ाव होता है, जो निवेशकों को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है।
- **क्रेडिट :** यदि कोई फाइनेंशियल कंपनी वित्तीय कठिनाइयों में होती है, तो इससे निवेशकों को हानि हो सकती है।
- **नियमों में परिवर्तन :** वित्तीय क्षेत्र में नियम बदलते रहते हैं। इससे कंपनियों के संचालन पर असर पड़ सकता है।

पहचान और जानकारी

- **एनएसई/बीएसई :** दोनों की वेबसाइटों से कंपनियों की जानकारी, शेयर की कीमतें और अन्य डेटा ले सकते हैं।
- **वित्तीय रिपोर्ट :** कंपनियों की वार्षिक और तिमाही रिपोर्ट का अध्ययन करें। इनमें वित्तीय प्रदर्शन का विवरण होता है।

निवेश के विकल्प

- **म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड निवेश करने के लिए लोकप्रिय हैं। सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के म्यूचुअल फंड्स उपलब्ध कराती हैं, जैसे इक्विटी फंड, डेट फंड, आदि।
- **पेंशन फंड :** ये दीर्घकालिक निवेश विकल्प होते हैं जो शेयर बाजार के माध्यम से फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा प्रबंधित होते हैं।

बाजार अनुसंधान

- फाइनेंशियल कंपनियां निवेशकों को बाजार के बारे में जानकारी और विश्लेषण प्रदान करती हैं। ये जानकारी निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करती है।

त्योहारी सत्र से उपकरण विनिर्माताओं को बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑनलाइन खुदरा मंच के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि, धनतेरस के लिए ऑफलाइन के जोर पकड़ने की आशा

उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस वर्ष त्योहारी सीजन की बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद है। प्रमुख ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट और अमेज़न के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि हुई है तथा धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से भी अंतिम समय में इसके जोर पकड़ने की उम्मीद है।

उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। यहां तक कि एआई और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनासोनिक, सोनी, गोदरेज अप्लायंसेज और हायर जैसी कंपनियों ने ओणम से ही त्योहारी बिक्री की शुरुआत कर दी है।

उम्मीद है कि यह गति 45 दिन की त्योहारी अवधि के शेष सप्ताह तक जारी रहेगी, जो दिवाली के बाद समाप्त होगी। एलजी इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा कि सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है। इस सीजन में छोटे दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है।

कारोबारी से जुड़े म्यूचुअल फंड ने एक साल में दिया 56% रिटर्न

नई दिल्ली। निवेश परिदृश्य में कारोबारी चक्र से जुड़े म्यूचुअल फंड का प्रचलन बढ़ा है। पिछले साल इन म्यूचुअल फंड ने 32-56 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान एचएसबीसी, महिंद्रा मनुलाइफ और क्वॉन्ट की योजनाओं से निवेशकों से 50 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिला है। कारोबारी चक्र फंड म्यूचुअल फंड का ही एक प्रकार है, जो आर्थिक चक्र के विभिन्न चरणों के दौरान ऐसे शेयरों और क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिनके उस समय की परिस्थितियों के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होती है। इन शीर्ष तीन फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसने इसी अवधि में 35.11% रिटर्न दिया। आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि यह शानदार वृद्धि इन कोष में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। वर्तमान में, बाजार में केवल 16 कारोबारी चक्र से संबंधित कोष हैं, जिनमें से केवल तीन ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है।

बाजार की दिशा तक करेंगे एफपीआई व वैश्विक रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निदान से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है। विदेशी कोषों की भारी निकासी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं रहने से बाजार में बड़ी गिरावट आई थी।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से निकट अवधि में बाजार में कमजोरी का रुख जारी रह सकता है। दिवाली पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित करेंगे, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है।

शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.09 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट के बीच गत सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,09,952.26 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.46 अंक या 2.24 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

एफपीआई ने बाजार से निकाले 85,790 करोड़

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का क्रम जारी है। इस महीने एफपीआई ने 85,790 करोड़ रुपये या 10.2 अरब डॉलर की निकासी की है। चीन के प्रोत्साहन उपायों, वहां शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन तथा घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्टूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है।

केंद्रीय अनुबंध में ए से बी वर्ग में खिसके अफरीदी

लाहौर, एजेंसी

- फखर इफ्तिखार और मीर को नहीं मिला अनुबंध

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग में खिसका दिया जबकि सीनियर खिलाड़ियों फखर जमां, इफ्तिखार अहमद और ओसामा मीर को अनुबंध नहीं दिया।

हाल में इंग्लैंड पर 2-1 से श्रृंखला में जीत हासिल करने के बावजूद टेस्ट कप्तान शान मसूद बी ग्रेड में बने हुए हैं। बोर्ड ने कुल 25 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए हैं जबकि पिछले साल 27 खिलाड़ियों को अनुबंध पेश किया था। पिछले साल की तरह पीसीबी ने तीन महीने के बाद अनुबंध की घोषणा की। पीसीबी के सूत्र ने बताया कि फिटनेस टेस्ट में विफल होने के कारण ही जमां को अनुबंध सूची से बाहर किया गया। फखर इस समय घुटने की समस्या के लिए लाहौर में एनसीए में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। वह हाल में दो फिटनेस जांच में विफल रहे जिससे अब नवंबर के अंत में फिर उनकी जांच की जाएगी। पीसीबी ने पांच खिलाड़ियों खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मुहम्मद इरफान खान और उस्मान खान को पहली बार केंद्रीय अनुबंध की पेशकश की।

ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए घोषित की टीम

लाहौर। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौर के लिए एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया दौरा 4 से 18 नवंबर तक होगा। जबकि जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान एकदिवसीय टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हासीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन अफरीदी को रखा है। वहीं, टी-20 में अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, नसीम शाह, ओमेर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम और उस्मान खान शामिल है। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हसीबुल्लह), कामरान गुलाम, हसनैन, रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, सईम अयूब, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर को चुना गया है।

गेंदबाजी में सीमित विकल्प चिंता का विषय : रवि

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व भारतीय कोच ने कहा- परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजर रही है भारतीय टीम
- गंभीर को लेकर बोले- कोच के रूप में करियर के शुरुआत है, वह जल्द ही सीख जाएंगे

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में हार के बाद भारत का अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाना अधर में लटक गया है और अगर वह लगातार तीसरी बार इसमें सफल भी रहता है तो डब्ल्यूटीसी के अगले दो साल के चक्र के लिए कप्तान रोहित शर्मा का टीम में बने रहना मुश्किल लगता है। यही बात रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली पर भी लागू होती है। अश्विन तब 41 साल जबकि जडेजा और कोहली 39 साल के हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर उंगलियां उठने लगी हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर के प्रति सहानुभूति जताई। शास्त्री ने पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा न्यूजीलैंड ने भारत को दोनों टेस्ट मैचों में शानदार तरीके से हराया है। यह सोचनीय विषय है। गंभीर ने अभी-अभी कार्यभार संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता जिसके इतने अधिक चाहने वाले हों। यह कोच के रूप में उनके करियर के शुरुआती दिन हैं, लेकिन वह जल्द ही सीख जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजरने वाला है। कम से कम चार विश्व स्तरीय क्रिकेटर अगले दो साल में खेल को अलविदा कह देंगे और ऐसे में गंभीर कोच के रूप में अविश्वसनीय स्थिति में हैं।

सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर की : डूल

पुणे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट श्रृंखला में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को थका हुआ मानने से इनकार कर दिया। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। डूल ने कहा मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं और वे विपक्षी बल्लेबाजों की कमजोरी को उजागर करने में सक्षम हैं, लेकिन इस टेस्ट में मिशेल सेंटनर ने शानदार प्रदर्शन करके उनके बल्लेबाजों को थोड़ा बेनकाब कर दिया। न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन चिंता का विषय है।

खेल डायरी

रन फॉर यूनिटी 29 को होगी : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ इस वर्ष 29 अक्टूबर को होगी। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व होगा, इसलिए इस दिन होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। मोदी ने कहा इस बार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। हम हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करते हैं। दीपावली की वजह से इस बार 29 अक्टूबर यानि मंगलवार को इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें हिस्सा लेने का आग्रह किया।

आकांक्षा ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब

कूजिक्स (फ्रांस)। भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंखे ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लॉरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की कीरा मार्शल के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका

मोंटपेलियर (फ्रांस)। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मोंटपेलियर 2024 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में चीन की कियान तियानयी से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ मनिका का टूर्नामेंट में ऐतिहासिक सफर समाप्त हो गया है। शनिवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में मनिका बत्रा को चीन की कियान तियानी ने 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। 30वीं वरीयता प्राप्त मनिका बत्रा ने प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत में अमरीकी खिलाडी लिली झांग पर 3-0 से जीत दर्ज की थी।

बेन्सन और रीना ने जीती कोच्चि स्पाइस कोस्ट

कोच्चि। केरल के सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने रविवार को यहां कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन 2024 में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। बेन्सन ने 42.2 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे 42 सेकंड में तय की। पिछले दो अवसरों पर वह दूसरे स्थान पर रहे थे। जस्टिन (03:06:56) और श्रीनिधि श्रीकुमार (03:08:49) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में रीना ने 04:50:06 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। मैरी जोशी (04:53:59) और निलीना बाबू (04:54:32) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर हैं जो मैराथन के दौरान प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए यहां उपस्थित थे।

दूसरा वनडे हारीं भारतीय महिलाएं

न्यूजीलैंड ने 76 रनों से जीता मुकाबला, श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर

अहमदाबाद, एजेंसी

- राधा और साइमा ने की नौवे विकेट के लिए 70 रन की रिकार्ड साझेदारी

<< जीतने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम।

कप्तान सोफी डिवाइन (79 रन) और (तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 76 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 259 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 27 ओवर में 108 के स्कोर पर अपने आठ विकेट गवां कर बड़ी हार की ओर बढ़ रही थी। स्मृति मंधाना (शून्य), शेफाली वर्मा (11), यास्तिका भाटिया (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (17), कप्तान हरमनप्रीत कौर (24), तेजल हसबनिस (15), दीप्ति शर्मा (15) और अरुंधति रेड्डी (दो)रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने नौवे विकेट के लिए रिकार्ड 70 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़ी जीत से रोक दिया। यह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें विकेट के लिए भारत के तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने झूलन गोस्वामी और अल खादीर के 43 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। राधा यादव ने 64 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली। वहीं साइमा ठाकोर ने 54 गेंदों में 29 रन बनाए। इसके बाद 48वें ओवर में राधा यादव के आउट होने के साथ 183 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत हो गया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 260 रनों का लक्ष्य दिया था। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सूजी बेट्स जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने जॉर्जिया पलिमर (41) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद प्रिया मिश्रा ने अपने पर्दापण मैच में लौरेन डाउन (तीन) को रनआउट किया। कप्तान सोफी डिवाइन ने 79 रनों की पारी खेली। मैडी ग्रीन ने 42 गेंदों में 41 रन बनाए। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। ब्रूक हैलिडे (8), इसाबेला गेज (11), जेस केर (12), लिया तहुहू (शून्य), ईडन कार्सन (एक) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 259 का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से राधा यादव ने चार विकेट लिए।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड : 259/9 (50 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
सूजी बेट्स का एवं बो राधा	58	70	8/0
जॉर्जिया प्लिमर का राधा बो दीप्ति	41	50	6/1
लौरेन डाउन रन आउट (प्रिया)	3	19	0/0
सोफी डिवाइन का जेमिमाह बो राधा	79	86	7/1
कारूक हैलिडे का राधा बो प्रिया	8	15	1/0
मैडी ग्रीन का अरुंधति बो राधा	42	41	5/0
इसाबेल गेज स्टं तानिया बो दीप्ति	11	9	2/0
जेस केर नाबाद	12	6	2/0
लिया तहुहू का दीप्ति बो राधा	0	1	0/0
ईडन कार्सन बो ठाकोर	1	3	0/0
फ्रैन जोनस नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 3, **गेंदबाजी :** साइमा 10-0-58-1, अरुंधति 10-0-52-0, दीप्ति 10-3-30-2, प्रिया 10-1-49-1, राधा 10-0-69-4

भारत : 183/10 (47.1 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शेफाली वर्मा पगबाधा जेस केर	11	9	2/0
स्मृति मंधाना का प्लिमर बो ताहुहू	0	2	0/0
यास्तिका भाटिया का गेज बो ताहुहू	12	15	0/1
हरमनप्रीत कौर का कार्सन बो डिवाइन	24	35	1/1
जोमिमा रोड्रिग्स का गेज बो डिवाइन	17	28	2/0
तेजल हसबनिस बो कार्सन	15	38	2/0
दीप्ति शर्मा का गेज बो ताहुहू	15	23	1/0
अरुंधति रेड्डी का गेज बो कार्सन	2	9	0/0
राधा यादव का डाउन बो डिवाइन	48	4	5/0
साइमा ठाकोर का बेट्स बो जेस केर	29	54	3/0
प्रिया मिश्रा नाबाद	0	7	0/0

अतिरिक्त : 10, **गेंदबाजी :** ताहुहू 10-1-42-3, जेस केर 10-0-49-2, जोनास 10-2-33-0, डिवाइन 7.1-0-27-3, कार्सन 10-2-32-2

आर्थर को हराकर स्विस इंडोर्स के फाइनल में पहुंचे बेन शेल्टन

बासेल (स्विटजरलैंड)। अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पुरुष एकल में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडार्स के फाइनल में जगह बना ली है।

सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन ने अपने युगल जोड़ीदार आर्थर फिल्स को हराया। नंबर छह वरीयता प्राप्त शेल्टन ने टाईब्रेक में 6-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त फिल्स को 6-3, 7-6 (9) से पराजित किया। शेल्टन का फाइनल में मुकाबला अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा। वहीं अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त एमपेटशी पेरीकार्ड ने 17 ऐस की सर्विस करके डेनमार्क के होल्गर रूण को 7-6 (6), 6-4 से हराकर फाइनल में पहुंचे है।

किनवेन झेंग ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पक्की की जगह

तोक्यो। चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने रविवार को यहां अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7-6 (5), 6-3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में जगह बनाई। झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट में मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। झेंग का यह इस साल का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ में जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है। डब्ल्यूटीए फाइनल दो नवंबर को रियाद में शुरू होगा।

रोनाल्डो-मेस्सी के बाद बेलोन डी ओर जीतने को तैयार हैं युवा

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी

- 16 वर्षों में 13 बार खिताब जीत चुके हैं दोनों दिग्गज फुटबॉलर
- इस बार विनीसियस जूनियर को माना जा रहा है बड़ा दावेदार

वैश्विक फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिये जाने वाले पुरस्कार बेलोन डी ओर का आयोजन जब सोमवार को होगा तो पिछले कई वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जबकि दो सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी दावेदारों में शामिल नहीं होंगे।

अर्जेंटीना के मेस्सी और रोनाल्डो पिछले 16 साल में 13 बार इस खिताब के विजेता रहे हैं लेकिन इस बार इन दोनों को नामांकन नहीं मिला है। मेस्सी उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने इस खिताब को लगातार दो साल जीता है। 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैम्पियन बनाने के बाद अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आठवीं बार इसे जीता था। मेस्सी से पहले लगातार दो पुरस्कार जीतने वाले पिछले खिलाड़ी मार्को वैन बास्टेन थे। मेस्सी और रोनाल्डो के दबदबे को इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस के महान जिनेदिन जिदान सिर्फ एक बार इसके विजेता बने।

बार्सीलोना ने रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

बार्सीलोना, एजेंसी

<< स्पेन के सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए लड़ते रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर बार्सिलोना के पाउ क्यूबार्सी।

रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रियल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया।

टीम 2017-18 में बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सीलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारियल ने वेलाडेलिड को 2-1 से हराया जबकि वालेकानो और पालमास ने एल्वेस और गिरोना को 1-0 के समान अंतर से शिकस्त दी।

ब्राजील के खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया लाल कार्ड

साओ पाउलो। ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

बॉलीवुड हलचल

परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान पहले सिद्धार्थ और जाह्नवी को लेकर स्पाइडर नाम की एक एक्शन थ्रिलर फिल्म बना रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने दोनों के साथ एक रोमांटिक फिल्म परमसुंदरी बनाने का फैसला किया। कहा जा रहा है कि फिल्म परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली के बिजनेस टाइकून का किरदार निभा रहे हैं। वहीं जाह्नवी कपूर, परम सुंदरी के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है। फरवरी, 2025 तक फिल्म की शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है।

सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। ट्रेलर और गाना जय बजरंगबली रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज कर दिया है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिंघम अगेन के टाइटल ट्रैक ''विनाशम करोहम'' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए हैं।वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है। म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, भयंकर रोंगटे खड़े हो जाने की गारंटी। रोहित शेट्टी निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।

सीआईडी के नए सीजन का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई। लोकप्रिय जासूसी सीरियल सीआईडी के नये सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जासूसी सीरियल सीआईडी सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर फिर से शुरू होने जा रहा है, जिसके साथ ही उसके पसंदीदा किरदारों की भी वापसी हो रही है जिन्हें फैंस दो दशकों से अधिक समय से पसंद करते आए हैं। ट्रेलर में एक अकल्पनीय ट्विस्ट भी दिख रहा है। अभिजीत और दया, जो कभी अभिन्न दोस्त थे, अब कट्टर दुश्मन बन कर आमने-सामने खड़े हैं, जो देश के लिए हमेशा साथ में लड़े है, आज दुश्मन बन क्यों आमने सामने खड़े है। सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने कहा, सीआईडी के इस सीज़न में, दया-अभिजीत की अटूट जोड़ी टूट गई है और दोनों एक दूसरे के विरुद्ध खड़े हैं। सीआईडी की नींव हिल गई है, और एसीपी प्रद्युमन की दुनिया में बवाल मच गया है। छह साल बाद एसीपी प्रद्युमन के रूप में वापसी करके किसी सपने की तरह लग रहा है, क्योंकि इस किरदार को बहुत प्यार मिला है, और हम सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले ड्रामा से भरे रोमांचक सफर का वादा करते हैं।

जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने अपने नाम किए 24 पदक

तोक्यो, एजेंसी

- भारत की झोली में छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांसे, शिवराजन को मिली दोहरी सफलता

शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार के साथ मिलकर खिताब जीता।

सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरूण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले। पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन जोड़ी के खिलाफ 5-21, 22-20, 16-21 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुकांत ने कहा, एकल में स्वर्ण और युगल में रजत जीतना बेहद विशेष है। मैं अपने कोच, सहयोगी टीम और पूरे पैरा बैडमिंटन समुदाय को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। यह जीत सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मेरी प्रेरणा बनती है। अन्य स्पर्धाओं में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा के खिलाफ करीबी मुकाबले में 16-21, 21-18, 19-21 की हार से रजत पदक जीता।

महिलाओं के एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास ने जापान की मामिको टोयोडा को 21-12, 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि नीरज को महिलाओं के एसएल3 वर्ग में कोरालिन बर्गेरॉन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एसएल3-एसयू5 वर्ग की मिश्रित युगल स्पर्धा में सूर्यकांत यादव के साथ नीरज दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुष युगल एसयू5 वर्ग में हार्दिक मक्कड़ और आर रघुपति ने स्वर्ण पदक जीता जबकि देव राठी और इंडोनेशिया के बार्तलोमेज मरोज ने रजत पदक हासिल किया। हार्दिक और रघुपति ने पुरुष एकल एसयू5 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में अबु हुबेदा और प्रेम कुमार ने कांस्य पदक जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

मिशेल ओबामा ने मिशिगन में हैरिस के समर्थन में की रैली

अमेरिका, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की जिससे वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में मिशिगन में शनिवार को एक रैली में मिशेल ओबामा ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप पुनः राष्ट्रपति बनते हैं तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी।

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों

को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। ओबामा ने कहा कि कुछ पुरुष विकास की धीमी गति के कारण गुस्से में ट्रंप को मतदान कर सकते हैं, लेकिन आपके इस गुस्से का असर बाकी चीजों पर पड़ेगा।

ट्रंप को खतरा बताने वाले खुद ही असली खतरा : मस्क

अमेरिका। कारोबारी एलन मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मस्क ने पेंसिल्वेनिया में संबोधित करते हुए अमेरिका के संसदीय परिसर यूएस कैपिटल में 6 जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।

धूम्रपान से हर साल भारत में 10 लाख मौतें, दुनिया में 80 पार

सिगरेट पीने से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। कई प्रकार के कैंसर होते हैं। दुनिया का हर स्मोकर जानता है कि वो जहर पी रहा है। हाल ही में विश्व प्रसिद्ध जर्नल द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, अगर साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर सिर्फ 5% रह जाए तो इसके अविश्वसनीय नतीजे सामने आ सकते हैं। इससे पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 1 साल और महिलाओं की 0 .2 साल तक बढ़ सकती है। उम्मीद की बात ये है कि रिसर्चर्स ने अनुमान जताया है कि पूरी दुनिया में साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर पुरुषों में 21% और महिलाओं में लगभग 4% तक हो सकता है। यह भी अनुमान जताया है कि अगर सिगरेट छोड़ने के प्रयासों में तेजी दिखाई जाए तो पूरी दुनिया में लोगों की जिंदगी में लगभग 87 .6 करोड़ साल और जुड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल सिगरेट पीने की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की प्रीमेच्योर मौत होती है। वहीं भारत में हर साल स्मोकिंग के कारण 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसमें अगर अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो भारत में हर साल लगभग 13 .5 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती है।

स्मोकिंग से कौन सी बीमारियां होती हैं

स्मोकिंग के कारण 10 से ज्यादा तरह के कैंसर, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और अस्थमा का जोखिम होता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया में सबसे अधिक मौतों की वजह कैंसर और हार्ट डिजीज ही हैं। पूरी दुनिया में हर साल लगभग 6 करोड़ लोगों की मौत होती है। इनमें लगभग 1 .80 करोड़ मौतें हार्ट डिजीज के कारण होती हैं और 1 करोड़ मौतों की वजह कैंसर है। भारत में 25 .3 करोड़ स्मोकर्स हैं दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू का सेवन करने वाले देशों की लिस्ट में चीन के बाद भारत दूसरे नंबर पर है।

उद्देश्य बनाएं फिर उन्हें नकारें

- खालीपन स्मोकिंग के लिए ट्रिगर पॉइंट है। इसलिए खुद को किसी-न-किसी काम में व्यस्त बनाए रखें। समय मिलने पर कोई फिल्म देख सकते हैं या म्यूजिक सुन सकते हैं।
- अगर खाली समय होने पर दिमाग स्मोकिंग की तरफ जाता है तो इस दौरान अपने घर की साफ-सफाई और सजावट का काम कर सकते हैं।
- सिगरेट छोड़ने के चलते पहले ही दिमाग स्ट्रेस में होता है। ऐसे में जरूरी है कि घर और वर्कप्लेस में स्ट्रेस फ्री माहौल मिले। स्मोकिंग के लिए स्ट्रेस सबसे बड़ा ट्रिगर है।
- अगर स्मोकिंग छोड़ने के कारण बहुत बेचैनी हो रही है या अजीब महसूस हो रहा है तो अपने दोस्तों के साथ या फैमिली के साथ वक्त बिताएं। मौजूदा मनोदशा के बारे में बात करें।
- अगर स्मोकिंग क्विट करने के कारण ऑफिस वर्क करना या घर के काम करना मुश्किल हो रहा है तो कुछ दिन का ब्रेक लें।
- स्मोकिंग क्विट करने से हो रही बेचैनी की भरपाई दूसरे नशे से न करें। इसके लिए शराब या कोई दूसरा नशा विकल्प कभी नहीं हो सकता है।

एक नजर

मध्य मैक्सिको में दुर्घटना में 24 की मौत, 5 घायल

मेक्सिको सिटी। मध्य मैक्सिकन राज्य ज़ाकाटेकास में शनिवार तड़के एक यात्री बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर में चौबीस लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब ट्रेलर मकई परिवहन कर रहे ट्रक से अलग हो गया, जिससे बस दाहिनी ओर झुक गई। जाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने एक वीडियो बयान में कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के स्यूदाद जुआरेज़ तक यात्रा कर रही थी।

12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, दूर तक फैला लावा

इंडोनेशिया। इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है, क्योंकि वे मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं। मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया।

जापान में महिला बार कर्मचारी की हत्या

टोक्यो। जापान के टोक्यो में एक बार में काम करने वाली 18 वर्षीय युवती की रविवार तड़के एक पुरुष ग्राहक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। क्योदो न्यूज ने पुलिस के हवाले से बताया कि ग्राहक की पहचान गुनमा प्रांत के निवासी 49 वर्षीय हिरोयुकी चिगिरा के रूप में की गयी है। उसने कथित तौर पर टोक्यो के शिम्बाशी जिले के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित बार में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 :40 बजे महिला कर्मचारी युना तानिसावा की गर्दन पर चाकू से वार किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि बार के प्रबंधक ने संदिग्ध को पकड़ लिया और पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टोक्यो निवासी तानिसावा की अस्पताल में मौत की पुष्टि की गयी।

गाजा में हवाई हमले, 22 की गई जान

इजराइली सेना ने चरमपंथियों पर किया हमला, कहा- फिर से संगठित हो रहे हमास के चरमपंथी

दीर अल बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा पर इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। बुरी तरह प्रभावित उत्तरी क्षेत्र में इजराइल के हमले तीसरे सप्ताह भी जारी हैं और सहायता समूहों ने इसे मानवीय आपदा बताया है। इजराइल के मुताबिक हमास के चरमपंथी वहां फिर से संगठित हो गए हैं। इस बीच, उत्तरी तेल अवीव में रविवार को एक ट्रक बस स्टॉप से जा टकराया, जिससे दर्जनों लोग घायल हो गए।

इजराइली बचाव सेवा मैगन डेविड अडोम ने बताया कि चिकित्सक दर्जनों लोगों का उपचार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के पीछे की परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हो पाई हैं लेकिन फिलिस्तीनियों ने अतीत में इस प्रकार के कई हमले किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात कई मकानों एवं इमारतों पर हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने बेत लाहिया में एक इमारत में चरमपंथियों पर हमला किया और आम नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कदम उठाए। उसने मीडिया द्वारा प्रकाशित आंकड़ों को गलत बताया लेकिन स्वयं हताहतों की कोई संख्या नहीं बताई। सालभर से जारी युद्ध के दौरान विस्थापन की ताजा लहर में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों फिलिस्तीनी 'गाजा सिटी' छोड़कर चले गए हैं। इजराइल गाजा में रोजाना हमले कर रहा है। साथ ही वह लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध लड़ रहा है।

प्राधिकारियों ने बताया कि लेबनान से प्रक्षेपित एक विस्फोटक ड्रोन उत्तरी इजराइल के औद्योगिक क्षेत्र की एक इमारत में जा घुसा, जिससे दो लोग घायल हो गए।

ईरानी सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से हुई पुष्टि

दुबई। ईरान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित उस गुप्त सैन्य अड्डे पर इजराइल के हमले से काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अतीत में विशेषज्ञों ने तेहरान के तत्कालीन परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। इस हमले में एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में वहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। ईरान लंबे समय से इस बात पर जोर देता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है।

इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार रखता है ईरान

तेहरान। ईरान ने कहा कि वह अपने तीन प्रांतों में कई ठिकानों पर पहले हुए इजराइली हमले का कानूनी और वैध जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरानी सेना की जनसंपर्क वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि इजराइली विमानों ने शनिवार तड़के पश्चिमी प्रांत इलम के सीमावर्ती इलाकों में खुज़ेस्तान का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत और तेहरान के आसपास हल्के हथियारों से लैस लंबी दूरी की हवा से प्रक्षेपित मिसाइलें दागीं।

ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं : नेतन्याहू

तेल अवीव। जराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है और इस हमले से उसके सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर हुए ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में एक दिन पहले इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने किया बाधित, शर्म करो के नारे लगाए

इजराइल। दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के पीड़ितों की याद में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने शर्म करो के नारे लगाए और हंगामा किया, जिससे नेतन्याहू को अपना भाषण शुरू होने के कुछ ही समय बाद रोकना पड़ा। इस प्रमुख स्मृति कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा था।

शाह ने बंगाल में सरकार प्रायोजित घुसपैठ के लिए टीएमसी पर साधा निशाना

कोलकाता, एजेंसी

- गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत कहा- राज्य सुरक्षित नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सरकार प्रायोजित घुसपैठ और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया और दावा किया कि संदेशखाली में महिलाओं पर हमले तथा आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक से बलात्कार-हत्या जैसे मामले इस बात का सबूत हैं कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की और राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के लिए ठोस प्रयास का आह्वान किया और जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार व घुसपैठ जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने का यही एकमात्र तरीका है। शाह ने अगले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के पार्टी के उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा हमें 2026 में दो तिहाई बहुमत के साथ बंगाल में अगली सरकार बनानी है। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह करते

हुए कहा ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें बंगाल में कुछ सीटें मिली हैं तो हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली।

पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता जताते हुए शाह ने संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि ये पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को दर्शाती हैं।

रूसी सेना ने सात क्षेत्रों में 51 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट

मॉस्को। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रूस के सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर 51 यूक्रेनी ड्रोनों को कल देर रात नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा यूक्रेन रूसी संघ के क्षेत्रों को लक्ष्य करके ड्रोन से आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था जिसे ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 51 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, टैम्बोव क्षेत्र में कुल 18 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 16, ब्रांस्क, लिपेत्स्क और ओर्योल क्षेत्रों में चार-चार, वोरोनिश क्षेत्र में तीन और कुर्स्क क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट किया गया।

चीन में जन्मदर में गिरावट हजारों किंडर गार्टन बंद

बीजिंग, एजेंसी

- जनसांख्यिकीय संकट गहराता अधिकारिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

चीन में जनसांख्यिकीय संकट गहराता जा रहा है और जन्म दर में गिरावट एवं बच्चों के नामांकन में गिरावट के मद्देनजर हजारों नामी किंडरगार्टन बंद हो गए हैं। एक अधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

चीन के शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में किंडरगार्टन की संख्या में 14,808 की कमी आई और यह घटकर 274,400 रह गई है। चीन की गिरती जन्म दर के नवीनतम संकेतक में यह लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को मंत्रालय की रिपोर्ट के हवाले से खबर दी कि किंडरगार्टन में नामांकित बच्चों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट आई है। खबर के मुताबिक नामांकन में पिछले वर्ष की तुलना में 11.55 प्रतिशत या 53.5 लाख की कमी के साथ यह संख्या 4.09 करोड़ रह गई है। प्राथमिक विद्यालयों की संख्या भी 2023 में 5,645 घटकर 143,500 रह गई है जो 3.8 प्रतिशत की गिरावट है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर में कहा गया है कि यह गिरावट चीन में व्यापक जनसांख्यिकीय बदलाव को दर्शाती है, जहां जन्म दर और कुल जनसंख्या दोनों में गिरावट जारी है।

जापान के प्रधानमंत्री का संसदीय चुनाव में बहुमत खोना तय

तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन का रविवार को संसद के निचले सदन के चुनाव में बहुमत खोना लगभग तय है। ये परिणाम सत्तारूढ़ पार्टी के व्यापक वित्तीय घोटालों पर मतदाताओं के आक्रोश को दर्शाते हैं। एनएचके ने अपनी खबर में कहा कि इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी 'कोमिटो' को 456 सीटों वाले निचले सदन में बहुमत (233 सीटें) मिलता नहीं दिख रहा है। जापान की द्विसदनीय संसद में निचला सदन बहुत ताकतवर है। बहुमत खोने का मतलब सरकार में बदलाव नहीं है, लेकिन नतीजों से इशिबा के लिए अपनी पार्टी की नीतियों को संसद में पारित कराना मुश्किल हो जाएगा।

पूर्व सेनाध्यक्ष सहित 10 पूर्व मंत्री तलब

बांग्लादेश में नरसंहार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने लिया संज्ञान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने देश में जुलाई-अगस्त में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों और नरसंहार के सिलसिले में रविवार को पूर्व सेनाध्यक्ष जियाउल अहसान, 10 पूर्व मंत्रियों और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 व्यक्तियों को अगले महीने तलब किया है।

देश की अंतरिम सरकार के अनुसार, विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए, जिसे आईसीटी अभियोजन टीम और अंतरिम सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध एवं नरसंहार करार दिया। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अब तक आईसीटी की जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के समक्ष मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, आईसीटी ने संबंधित अधिकारियों को 18 नवंबर को 10 पूर्व मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 लोगों को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

शेख हसीना के पूर्व सलाहकार पर भी आरोप

मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम के एक आवेदन के बाद न्यायमूर्ति एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आईसीटी पीठ द्वारा जारी किया गया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, आरोपियों की सूची में पूर्व मंत्री फारूक खान, राशिद खान मेनन, हसनुल हक इनु, जुनैद अहमद पलक, अब्दुर रज्जाक, शाहजहां खान, कमाल अहमद मजूमदार और गोलाम दस्तगीर गाजी शामिल हैं। खबर के मुताबिक, आरोपियों की सूची में प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार तौफीक-ए-इलाही और सलमान एफ रहमान, पूर्व सेना प्रमुख अहसान, पूर्व न्यायाधीश शमसुद्दीन चौधरी माणिक और पूर्व गृह सचिव जहांगीर आलम के भी नाम शामिल हैं।

फिलीपीन में भीषण बाढ़ व भूस्खलन से 126 की मौत

फिलीपीन, एजेंसी

फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं।

सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपीन के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से आए 'ट्रामी' तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के

कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं। तूफान से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में बुरी तरह प्रभावित हुए क्षेत्र का शनिवार को निरीक्षण किया।

हिदायत जयशंकर बोले- मुंबई पर हुए 26/11 हमले के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी

आतंकवाद बर्दाश्त नहीं, भारत इसके खिलाफ लड़ाई में अग्रणी

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

उन्होंने कहा मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है। जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होंने कहा हमने आतंकवाद-निरोधक समिति

की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था। जयशंकर ने कहा लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है। जयशंकर ने कहा हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

देपसांग, डेमचोक में सैनिकों की वापसी पहला कदम, तनाव कम करना अगला कदम

मुंबई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है, और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। चार साल से अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि इसे लागू करने में समय लगेगा। यह पीछे हटने और गश्त का मुद्दा है, जिसका मतलब है कि हमारी सेनाएं एक-दूसरे के बहुत करीब आ गई थीं और अब वे अपने ठिकानों पर वापस चली गई हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 वाली स्थिति बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करना पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।